राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 145
लखनऊ, सोमवार 13 जनवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



उद्योगों की समस्याओं पर सरकार है संवेदनशील : बृजेश पाठक 03

विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा भारत : धनखड़ 12

## महाकुंभ के दौरान यात्रियों की सुविधाओं पर रहेगा फोकस

▸ नौ स्टेशनों पर सीसीटीवी से होगी मॉनिटरिंग

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुंभ 2025 के परिप्रेक्ष्य में प्रयागराज क्षेत्र के 9 रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से रेलवे बोर्ड द्वारा की जाने वाली मॉनिटरिंग व्यवस्था की शुरुआत की।

उन्होंने 22 भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में यात्रियों को सूचना देने के लिए तैयार की गई बुकलेट को भी जारी किया। साथ ही प्रयागराज एवं उसके आसपास के सभी स्टेशनों पर 12 भारतीय भाषाओं में होने वाली उद्घोषणा के शुरू होने की घोषणा की। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति का महा आयोजन है। संगम में स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले यात्रियों के लिए प्रयागराज क्षेत्र के सभी 9 स्टेशनों पर व्यापक व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री योगी ने लोकभवन के सभागार में विवेकानंद की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस पर घोषणा करते हुए कहा-

## 35 हजार से अधिक पीआरडी जवानों का मानदेय अब प्रतिदिन 500 रुपए

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** स्वामी विवेकानंद भारत माता के ऐसे सपूत थे, जिन्होंने भारत की प्राचीन आध्यात्मिक संस्कृति को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था। उन्होंने 1893 में शिकागो समिट के जरिये दुनिया को भारत के महत्व, यहां की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के बारे में बताया था।

स्वामी विवेकानंद अक्सर कहा करते थे कि जितनी बड़ी चुनौती हो, जीत उतनी ही शानदार होती है। यह युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनकी इसी प्रेरणा को आत्मसात करके युवा आगे बढ़ रहे हैं। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन के सभागार में स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस पर कही। इस अवसर पर योगी ने पीआरडी के 35 हजार से अधिक जवानों का मानदेय प्रतिदिन 500 रुपये करने की घोषणा की। नशा नाश का कारण बनता है, युवाओं को नशे के खिलाफ लड़ना चाहिए-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय महोत्सव में प्रदेश के 63 नौजवानों ने भाग लिया था। इनमें से तीन ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रदेश के युवाओं के सामने कभी पहचान का संकट था लेकिन आज यहां का युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी ने सौंपा प्रमाण पत्र और चेक

मुख्यमंत्री योगी ने पीआरडी के मृतक जवान के आश्रित बस्ती के मो. अमीर, बस्ती की कमला देवी, कानपुर नगर के माधव अवस्थी, अमरोहा के भपेंद्र और फतेहपुर के चंद्रशेखर को चयन पत्र सौंपा।

इसके अलावा विवेकानंद युवा अवार्ड के तहत झांसी के अर्शप्रीत सिंह, बागपत के अमल, गोरखपुर की अर्पिता सिंह, चंदौली के अजीत कुमार सोनी, प्रतापगढ़ के सुंदरम तिवारी, बरेली के सत्यदेव आर्य, गाजीपुर के सिद्धार्थ राय, उन्नाव के अक्षय शुक्ला, बुलंदशहर के आर्यन गौड़ आदि को प्रमाण पत्र और चेक देकर सम्मानित किया।

वहीं युवक मंगल दल अंबेडकर नगर के प्रवीण कुमार गुप्ता और अंकित गुप्ता, सिद्धार्थनगर के अभिषेक कुमार यादव और अरविंद कुमार यादव, वाराणसी के प्रिंस चौबे और अनिल विश्वकर्मा के साथ महिला मंगल दल जालौन की प्रवीणा, रामपुर की स्वाति, लखनऊ की अशिंका यादव और स्वाति यादव आदि को प्रमाण पत्र और चेक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि की उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त समाचार

### संयुक्त राष्ट्र में डेटा विज्ञान समिति का हिस्सा बना भारत

**नई दिल्ली।** भारत अब संयुक्त राष्ट्र की उस विशेषज्ञ समिति का हिस्सा बन गया है, जिसका उद्देश्य बड़े डेटा और डेटा विज्ञान के उपयोग से विकास लक्ष्यों की निगरानी और रिपोर्टिंग क्षमता को बेहतर बनाना है। यह समिति बड़े डेटा से जुड़ी लाभ-हानि और चुनौतियों का अध्ययन करती है। भारत का इस समिति में शामिल होना एक महत्वपूर्ण कदम है, खासकर जब देश ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी परिषद की सदस्यता भी प्राप्त की है। इस समिति में भारत की भागीदारी देश के सांख्यिकी क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। सरकारी बयान के अनुसार, ष्यह कदम वैश्विक सांख्यिकी समुदाय में भारत के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है और यह संकेत देता है कि भारत डेटा और प्रौद्योगिकी के माध्यम से बेहतर निर्णय लेने की दिशा में प्रतिबद्ध है।

### ट्रंप के शपथ ग्रहण में भाग लेंगे विदेश मंत्री जयशंकर

**नई दिल्ली।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में कहा कि अमेरिका की ट्रम्प-वेंस उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान विदेश मंत्री आने वाले अमेरिकी प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ उस अवसर पर अमेरिका का दौरा करने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी मुलाकात करेंगे।

### दिल्ली विस चुनाव : भाजपा की तीसरी लिस्ट में एक नाम

**नई दिल्ली।** भाजपा ने रविवार को तीसरी लिस्ट जारी की। इसमें एक नाम मुस्तफाबाद से मोहन सिंह बिष्ट को टिकट की घोषणा की है। वे पांच बार से विधायक हैं। पार्टी ने शनिवार को दूसरी लिस्ट में बिष्ट का टिकट काट दिया था। भाजपा ने उनकी जगह कपिल मिश्रा को उतारा है। बिष्ट ने रविवार को निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। बिष्ट ने रविवार दोपहर कहा था- पार्टी को लगता है कि ये बीजेपी की सीट है। बीजेपी में किसी भी ऐरा-गैरा, नत्थू खैरा को लड़ा देंगे तो जीत जाएगा। ये बहुत बड़ी भूल है। आने वाले दिनों में पार्टी को पता लग जाएगा कि जमीनी कार्यकर्ता का क्या वजूद है। उन्होंने कई सीटों का नाम लेते हुए कहा था कि इन सीटों पर क्या हाल होगा, यह आने वाला समय बताएगा।

### आवश्यकता

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,**
**samradhinews@gmail.com**
**7985738649/9305748833**

प्रयागराज में आज से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाला महाकुंभ एक ऐतिहासिक व अद्वितीय आयोजन

## आध्यात्म व संस्कृति का उत्सव आज से

▸ 40 करोड़ श्रद्धालुओं व पर्यटकों को आकर्षित करेगा महाकुंभ

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाला महाकुंभ एक ऐतिहासिक और अद्वितीय आयोजन होगा, जो न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिकता का उत्सव है, बल्कि यह दुनिया से 40 करोड़ श्रद्धालुओं व पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

महाकुंभ का यह पवित्र संगम भारतीय एकता, भक्ति और संस्कृति की अभूतपूर्व मिसाल पेश करेगा। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक व्यापक सांस्कृतिक अनुभव होगा, जो भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करेगा। महाकुंभ का आयोजन गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर होता है, जिसे त्रिवेणी संगम के नाम से जाना जाता है।

यह स्थल धार्मिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है, और शाही स्नान के दौरान लाखों श्रद्धालु यहाँ अपने पापों को धोने और मुक्ति की प्राप्ति के लिए स्नान करते हैं। ज्योतिषीय रूप से यह आयोजन सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति के दुर्लभ संरेखण पर आधारित होता है, जो भारतीय आस्था और ज्ञान की गहराई को दर्शाता है। इस दौरान करोड़ों लोग आस्था के साथ यहाँ आते हैं, और यह भारत की सांस्कृतिक धारा को पुनः जीवित करता है। महाकुंभ 2025 का एक प्रमुख आकर्षण होगा कलाग्राम, जिसे भारतीय संस्कृति मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित किया गया है। यह एक सांस्कृतिक उत्सव है, जो भारत की विविधता में एकता को दर्शाता है। यहाँ परंपरा और आध्यात्मिकता का मेल होगा, और कलात्मक, सांस्कृतिक प्रदर्शनों के माध्यम से भारत की समृद्ध विरासत को जीवंत किया जाएगा। कलाग्राम का प्रवेश द्वार 35 फीट चौड़ा और 54 फीट ऊँचा होगा, जिस पर 12 ज्योतिर्लिंगों और भगवान शिव की हलाहल सेवन करने की पौराणिक कथा के चित्रण होंगे। यह प्रवेश द्वार श्रद्धालुओं और आगंतुकों को एक अद्भुत और राजसी अनुभव प्रदान करेगा। इसके अंदर 10,000 श्रद्धालुओं के बैठने की क्षमता वाला एक भव्य गंगा पंडाल होगा, जहाँ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### प्रयागराज के लिए सभी जिलों से चलेंगी बसें

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने प्रदेशवासियों को संगम स्नान के लिए प्रदेश के सभी जिलों से बसें चलाने के निर्देश दिए हैं। परिवहन निगम के सभागार कक्ष में उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में महाकुम्भ को लेकर यूपी रोडवेज द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुक्रम में विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू, एम डी परिवहन निगम मासूम अली सरवर सहित अन्य विभागीय अधिकारी शामिल थे महाकुम्भ अवधि में सभी जिलों में प्रयागराज के लिए बसों का संचालन किया जाए। बसों के संचालन से संबंधित समय सारणी का व्यापक प्रभार कराया जाए।

### पौष पूर्णिमा से पहले ही लाखों श्रद्धालुओं ने किया महास्नान



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में पौष पूर्णिमा के स्नान से एक दिन पहले ही संगम तट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रविवार को लाखों श्रद्धालुओं ने सुबह ही संगम में पवित्र स्नान कर लिया। इसमें युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संगम पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संगम स्नान के लिए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से महाकुम्भ नगर में चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है। डीआईजी वैभव कृष्ण और एसएसपी राजेश द्विवेदी खुद सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, जो पल पल की अपडेट कर रहे हैं।

## बस खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत, 17 घायल

▸ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर व्यक्त किया शोक

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** उत्तराखंड के पौड़ी जनपद अंतर्गत, श्रीनगर क्षेत्र में, दहल चौरी के पास रविवार को एक यात्री बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी जिससे अभी तक पांच यात्रियों की मृत्यु हो चुकी है जबकि 17 अन्य घायल हैं। इस घटना के आठ घायलों को हायर सेंटर श्रीनगर और शेष नौ घायल पौड़ी जिला अस्पताल में एडमिट किये गए है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है।

राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के सेनानायक (कमांडेंट) अर्पण यदुवंशी ने बताया कि आज पौड़ी जनपद के जिला नियंत्रण कक्ष से सूचित किया गया कि दहलचोरी के पास एक बस अनियंत्रित होकर लगभग 100 मीटर खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। इस पर तत्काल एसडीआरएफ की श्रीनगर व सतपुली पोस्ट से रेस्क्यू टीमें घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पहुंच कर, रेस्क्यू टीम ने दुर्घटनाग्रस्त गढ़वाल बस ऑपरेटर यूनियन की बस संख्या यूके 12पीबी 0177 में फंसे यात्रियों को निकालने का कार्य शुरू किया। श्री यदुवंशी के अनुसार, बस पौड़ी से दहलचोरी जा रही थी। जिसमें कुल 22 यात्री सवार थे। पौड़ी पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए कुल 18 घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवाया गया, जबकि घटना में चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी। अस्पताल में एक अन्य घायल की मृत्यु होने के कारण मृतकों की संख्य पांच हो गई है। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ टीम द्वारा घटनास्थल पर किसी अन्य व्यक्ति के होने की आशंका से बस के आसपास गहन सर्चिंग की गई जिसमें कुछ नहीं पाया गया।

### यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल कराई तो होगी उम्र कैद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया था। इसके तहत 10वीं और 12वीं की यूपी बोर्ड की परीक्षाएं भी सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2024 के तहत आएंगी। ऐसे में अगर किसी ने परीक्षा में नकल कराने की कोशिश की तो उसे आजीवन कारावास के साथ-साथ एक करोड़ तक का जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। यूपी बोर्ड की सचिव भगवती सिंह की ओर से जल्द ही निर्देश जारी होंगे। अभी उत्तर प्रदेश में 2025 की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां चल रही हैं। इसके तहत अगर कोई परीक्षा के निष्पक्ष संचालन में बाधा डालता है क्वेश्चन पेपर या उसके किसी भाग की फोटो कॉपी कराकर नकल कराने की कोशिश करता है तो उसे अधिकतम एक साल की जेल और 5 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया जाएगा।

## यूपी के कई जिलों में हुई बारिश बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई सर्दी

▸ दो दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम रहेगा खराब

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कड़ाके की सर्दी के बीच मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। लखनऊ, कानपुर, कन्नौज में सुबह बारिश हुई। वहीं, सहारनपुर, मथुरा, गाजियाबाद और आगरा में शनिवार रात को बारिश हुई। कई जिलों में रातभर बादल छाए रहे और सुबह बारिश हुई। बारिश के साथ-साथ बर्फीली हवाएं भी चल रही है। जिसने सर्दी बढ़ा दी है।

मौसम विभाग ने कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। कुछ जिलों में बिजली कड़कने के साथ बारिश का अनुमान है। विभाग के अनुसार, आने वाले दो दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में ऐसा ही मौसम बना रहेगा। संक्राति के आसपास से मौसम के साफ हो जाने की उम्मीद है। वहीं, बारिश के साथ-साथ प्रदेश के 48 जिलों में घना कोहरा भी छाया रहा। राजधानी लखनऊ में सुबह आठ बजे तक भी अंधेरा छाया रहा। बारिश और बर्फीली हवा की वजह से प्रदेश में ठंड बढ़ गई है। रामनगरी अयोध्या लगातार दूसरे दिन भी प्रदेश में सबसे ठंडा जिला रहा। यहां पर न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री कम चार रिकॉर्ड किया गया। यह अलग बात रही कि दिन भर धूप निकले रहने के चलते अधिकतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री ज्यादा 22 पर पहुंच गया।

### घोषणा : युवाओं को हर महीने 8500 रुपए देगी कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को युवा उड़ान योजना नाम से दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तीसरी गारंटी की घोषणा की और इस योजना के तहत सत्ता में आने पर यहां के बेरोजगार युवक-युवतियों को हर महीने 8500 रुपये देने का एलान किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में इस योजना की घोषणा करते हुए कहा, आज महान विचारक स्वामी विवेकानंद की जयंती है, जो युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे। दिल्ली में युवाओं के भविष्य पर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार का कोई ध्यान नहीं है। दिल्ली में इतिहास गवाह है कि यहां जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है, तब-तब यहां के विकास को पूरे देश में लोग अग्रिम मानते आए हैं।

## युवा जोखिम लें व लाएं ऐतिहासिक परिवर्तन

▸ पीएम ने विवेकानंद जयंती पर युवाओं को किया संबोधित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के बड़े लक्ष्यों को हासिल करना देश के हर नागरिक का कर्तव्य बताते हुए देश के युवाओं का आह्वान किया है कि वे आराम वाली जिन्दगी से बाहर निकल कर जोखिम लें और खुद के साथ देश को भी सफलता की नई ऊंचाइयों पर ले जाकर कर इतिहास के सबसे बड़े परिवर्तन के उत्प्रेरक एवं लाभार्थी बनें।

श्री मोदी ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को यहां भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। उन्होंने देश भर से आये तीन हज़ार प्रतिभावान युवाओं से संवाद करते हुए उनको अर्थव्यवस्था के बढ़ने के साथ ही पैदा होने वाले कई अवसरों के बारे में प्रोत्साहित किया और कहा कि उनकी पीढ़ी न केवल देश के इतिहास में सबसे बड़ा परिवर्तन लाएगी, बल्कि वे इसके सबसे बड़े लाभार्थी भी होंगे। प्रधानमंत्री ने युवाओं को सलाह दी कि वे कम्फर्ट जोन से बचें, जोखिम उठाएं और अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलें, जैसा कि यंग लीडर्स डायलॉग के प्रतिभागियों ने प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि जीवन का यह मंत्र उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारत के युवाओं की जीवंत ऊर्जा पर प्रकाश डाला और कहा कि पूरा देश स्वामी विवेकानंद को याद कर रहा है।

### पीएम मोदी आज करेंगे जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन

**सोनमर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जेड-मोड़ सुरंग के आगामी उद्घाटन (कल) ने पूरे इलाके को उत्सव के माहौल में बदल दिया है, जिससे यह इलाका उत्सव के माहौल में तबदील हो गया है। जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिए जाने के साथ ही स्थानीय लोग इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर बेहद उत्साहित हैं, जो विकास और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत का वादा करता है। यहां उत्सव जैसा माहौल है, सड़कों पर रंग-बिरंगी सजावट और बैनर लगे हुए हैं, जो उत्साह के साथ माहौल में उत्साह भर रहे हैं, क्योंकि स्थानीय लोग प्रधानमंत्री मोदी के आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अभियान

वैज्ञानिक मिशन के अगले चरणों का चार्ट बनाने के लिए डेटा का कर रहे हैं विश्लेषण

## मील का पत्थर साबित होने के करीब पहुंचा स्पाडेक्स

एजेंसी



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पाडेक्स) मिशन एक सफल परीक्षण डॉकिंग प्रयास के साथ ही एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर साबित होने के करीब पहुंच गया है। ऑपरेशन केवल 3 मीटर तक आगे बढ़ने से पहले 15 मीटर की दूरी तक आगे बढ़ा।

अभियान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस महत्वपूर्ण चरण के दौरान सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अंतरिक्ष यान को बाद में एक सुरक्षित दूरी पर वापस ले जाया गया। इसरो वैज्ञानिक अब मिशन के अगले चरणों का चार्ट बनाने के लिए परीक्षण के दौरान एकत्र किए गए डेटा का विश्लेषण कर रहे हैं। वास्तविक डॉकिंग प्रक्रिया निष्कर्षों के व्यापक मूल्यांकन के बाद शुरू होगी। इसरो ने रविवार को एक 'एक्स' पोस्ट में कहा, 15 मीटर तक और उससे आगे 3 मीटर तक पहुंचने का परीक्षण प्रयास किया गया है। अंतरिक्ष यान को सुरक्षित दूरी पर वापस ले जाया जा रहा है। डेटा का और विश्लेषण करने के बाद डॉकिंग प्रक्रिया की जाएगी। अपडेट के लिए बने रहें। इससे पहले इसरो ने मिशन की प्रगति पर एक रोमांचक अपडेट प्रदान किया था, जिसमें एक ऐतिहासिक डॉकिंग घटना के प्रति इसके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया था। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा, 15 मीटर की दूरी पर हम एक-दूसरे को और अधिक स्पष्ट रूप से देखते हैं, रोमांचक 'हैंडशेक' लिए हम सिर्फ 50 फीट की दूरी पर हैं। स्पाडेक्स मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका लक्ष्य कक्षा में स्वायत्त डॉकिंग क्षमताओं को प्रदर्शित करना है। यह तकनीक मानव अंतरिक्ष उड़ान और गहरे अंतरिक्ष अन्वेषण सहित भविष्य के अंतरिक्ष प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण है। इसरो के मिशन नियंत्रण द्वारा मिशन की बारीकी से निगरानी की जा रही है, वैज्ञानिकों ने सफल डॉकिंग प्राप्त करने के बारे में आशावाद व्यक्त किया है। इसरो के एक अधिकारी ने टिप्पणी की, यह उपलब्धि भारत की इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और नवाचार को प्रदर्शित करती है, जो अत्याधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नेतृत्व करने की हमारी क्षमता को रेखांकित करती है।

## शरद पंवार व उद्धव ठाकरे को जनता ने उनकी जगह दिखा दी : अमित शाह

एजेंसी



**मुंबई।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को अहिल्यानगर जिले के शिर्डी में कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने शरद पंवार और उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी है।

उन्होंने कहा कि शरद पंवार 1978 से छल-कपट की राजनीति कर रहे थे, उनकी राजनीति को जनता ने 20 फीट गहरे गड्ढे में दफना दिया और 2019 में बालासाहब ठाकरे के विचारों के साथ विश्वासघात करने और धोखाधड़ी की राजनीति करने वाले उद्धव ठाकरे को भी सबक सिखाया है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह शिर्डी में प्रदेश भाजपा की ओर से शिर्डी में आयोजित महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव के कई मायने हैं। इस चुनाव ने राजनीति की दिशा बदल दी है। इस चुनाव ने भाई-भतीजावाद की राजनीति करने वालों को करारा तमाचा लगाया है। साथ ही इस चुनाव ने यह भी दिखा दिया है कि सिद्धांत की राजनीति से भाई-भतीजावाद पर विजय पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना ही असली बालासाहब की शिवसेना है और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ही असली राकांपा है।

पुलिस पिटाई से मौत का मामला...

# मृतक रामचन्द्र मौर्य के परिवार से मिलने 12 लोगों का सपा डेलिगेशन पहुंचा

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मृतक रामचन्द्र मौर्य के परिवार से मिलने 12 लोगों का सपा डेलिगेशन पहुंचा जिसमें खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया, बरेली आंवला से सांसद नीरज मौर्य, पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी आर एस कुशवाहा, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी राम पाल सिंह यादव और सपा पार्टी के तीन पूर्व विधायक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पीड़ित परिवार से उनकी बात सुनी और सरकार और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। कहा सरकार नहीं जंगल राज है। मृतक रामचन्द्र के परिवार के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की। संवाद दाता द्वारा सपा पार्टी की तरफ से कोई आर्थिक सहायता दी जाने के लिए पूछा गया तो सपा पार्टी के नेता की तरफ से साफ इनकार कर दिया और कहा बीजेपी सरकार खुद पीड़ित परिवार को मुआवजा दे।

पीड़ित परिवार ने कहा कि सपा पार्टी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आदेश पर सपा डेलिगेशन मृतक रामचंद्र के परिवार से मिलने आया था। परिवार को सपा पार्टी की तरफ से बहुत उम्मीद थी कि कुछ न कुछ पार्टी आर्थिक सहायता जरूर करेगी पर ऐसा नहीं हुआ।

**रक्षक ही भक्षक बन जाएगा, तो पुलिस के ऊपर से उठ जाएगा**

**जनता का भरोसा: स्वामी प्रसाद-** यूपी के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य मृतक के गांव हुलासी पुरवा पहुंचे, इसी के साथ रविवार को सपा का प्रतिनिधि मण्डल भी पीड़ित परिवार से बात की। मीडिया से बातचीत में स्वामी प्रसाद मौर्य ने पुलिस को गुंडा, मवाली और भक्षक बता दिया। उन्होंने कहा कि जब जनता की रक्षक ही भक्षक बन जाएगा, तो पुलिस के ऊपर से जनता का भरोसा उठ जाएगा। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने बयान में कहा कि जिस प्रकार से मृतक से व्यक्तिगत दुश्मनी निकाली गई है और जिस भाषा का प्रयोग वीडियो में सुना जा रहा है। वह भाषा किसी रक्षक की नहीं, बल्कि भक्षक की है। गुंडा मवाली की है और अगर रक्षक ही भक्षक बन जाएगा, तो पुलिस के ऊपर से जनता का भरोसा उठ जाएगा। योगी सरकार में पुलिस बेलगाम है। एक रामचंद्र की मौत ही नहीं पुलिस हिरासत में दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है।





### क्या था मामला...

**पुलिस हिरासत में हुई थी मौत:** थाना मझगई के हुलासी पुरवा गांव निवासी रामचंद्र मौर्य की बुधवार को पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप था कि पुलिस पिटाई से रामचंद्र की मौत हुई है। वहीं, पुलिस ने इसको सिरे से नकार दिया था। पोस्टमार्टम के बाद बिसरा सुरक्षित रख दिया गया था। इसके बाद परिवार समेत गांववालों ने हाईवे जाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की, जिस पर पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया था। इसके बाद से राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि मृतक के घर बारी-बारी से पहुंच कर आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### सीओ और थाना अध्यक्ष का धमकाते हुए वीडियो वायरल

**घटना** के बाद हंगामा कर रहे परिजनों को समझाने पहुंचे धौरहरा सीओ पी. पी. सिंह ने परिजनों को सांत्वना देने की बजाय उनको धमकाया। बोले कि जा रख ले डेड बॉडी नहीं मानेंगे तेरी एक भी मांग, न तुझको देंगे 30 लाख रुपये और न कोई पुलिसकर्मी निलंबित होगा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यही नहीं मझगई थानाध्यक्ष दयाशंकर द्विवेदी का भी परिजनों को धमकाते हुए वीडियो सामने आया था। इसके बाद सभी राजनीतिक पार्टियां सरकार पर हमलावर हो गए हैं।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक संपन्न

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मासिक बैठक में पेंशन संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। सभी भूतपूर्व सैनिक पेंशन समस्या को लेकर काफी चिंतित नजर आए। रविवार को कुंभी गोला ब्लॉक सभागार में परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक हुई। पूर्व सैनिकों ने अपने-अपने विचार रखे। पेंशन संबंधित समस्या को लेकर चर्चा की गई। विचार किया गया कि समस्या से कैसे निपटा जाए। उसके बाद सभी पूर्व सैनिक रामाश्रम विद्यालय में पहुंचकर स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। रामाश्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। बैठक में प्रेमचंद वर्मा, खगेश्वर प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, महेश चन्द्र, राम हरीश मिश्रा, नारायण लाल, जगदेव सिंह, रघुनंदन प्रसाद, अजय, भानु अवस्थी, विमलेश कुमार वर्मा, चंद्रभाल, केजी त्रिवेदी, हरपाल सिंह, प्रमोद कुमार, जयेंद्र सिंह, विनोद कुमार वर्मा, देव प्रकाश सहित तमाम भूतपूर्व सैनिक मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### अवैध मिट्टी खनन के आरोप में दो डंपर सीज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** हैदराबाद पुलिस ने गोला मोहम्मदी रोड पर ग्राम ममरी के पास मिट्टी भरकर अवैध खनन का कार्य कर रहे डंपरों को सीज कर दिया। पुलिस ने गश्त के दौरान ममरी के निकट मिट्टी लिए जा रहे डंफरों को रोकने का प्रयास किया। लेकिन वह भागने में सफल हो गए। पुलिस टीम ने दो डंपरों को किसी तरह रोक लिया। पुलिस ने दोनों डंपरों को थाना लाकर खनन के कागजात दिखाने को कहा, पर वह कोई कागजात नहीं दिखा सके। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने दोनों डंपरों को सीज कर दिया।

### पेड़ से लटका शव बरामद

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** थाना मैलानी क्षेत्र के ग्राम तौलेपुर निवासी 40 वर्षीय जोगेंद्र शुक्रवार की शाम अपने ही घर के आंगन में खडे पेड़ से फंदे पर लटकता बरामद हुआ। घर में कोई नहीं था। पत्नी बसंती खेत पर जानवरों के लिए चारा लेने गई थी। बेटी कोचिंग के लिए गई थी। मृतक के दोनों बेटे रोहित और दीपक बाहर मजदूरी करते हैं। सूचना पर उप निरीक्षक प्रेम चंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### राष्ट्रीय युवा दिवस में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** कृषक समाज इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद पर कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। सभी युवा को विवेकानंद के आदर्श को अपनाते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति करना चाहिए। स्वामी विवेकानंद ज्ञान का खजाना हैं। वह आत्मविश्वास ज्ञान की खोज आत्म सुधार दूसरों की सेवा और सार्वभौमिक भाईचारा जैसे क्रियाकलापों पर महत्ता पर जोर दिया। छात्रा अंशिका सोनी, अदीबा, साक्षी यादव ने भाषण और गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के उपमंत्री विनोद चंद्र मिश्र, नारायण लाल वर्मा, श्याममूर्ति शुक्ला, लखपत भारती, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार, अशोक वर्मा, आरती गुप्ता, रागिनी देवी एवं समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में घर का अकेला चिराग बुझ गया

**औरंगाबाद खीरी, समृद्धि न्यूज़।** औरंगाबाद – बरवर मार्ग पर ममता फिलिंग स्टेशन के सामने छोटा हाथी ने ओवरटेकिंग करते समय टक्कर मार दी। टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। फरिया पिपरिया के मजरा बहादुरनगर के 27 वर्षीय मुन्ना लाल परिवार का अकेला सहारा था उसके दो बेटे 2 एवम 4 वर्षीय बूढ़ी माँ और पत्नी है।




### पतंगों की दुकानों पर हुई छापमारी

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** चाइनीस मांझे को लेकर पुलिस ने शहर में पतंगों की दुकानों पर छापमारी की, पर पुलिस को किसी भी दुकान पर चाइनीज मांझा नहीं मिला। तमाम स्वदेशी मांझा नष्ट कराया गया और दुकानदारों को हिदायत दी कि चाइनीज मांझा मिला तो कार्यवाही की जाएगी। शाहजहांपुर में मांझे से सिपाही की मौत के बाद पुलिस् प्रशासन ने रविवार को पुलिस टीम क्राइम इंस्पेक्टर रविंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में शहर में निकली और शहर की खुटार रोड, मोहम्मदी रोड, लखीमपुर रोड, मिल रोड और अलीगंज रोड पर जाकर पतंगों की दुकानों पर मारा छापा। जहां टीम को चाइनीज मांझा तो नहीं मिला, पर स्वदेशी मांझा को नष्ट कराया ताकि कोई दुर्घटना न हो और चेतावनी दी कि यदि किसी भी दुकान पर चाइनीज मांझा मिला तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। टीम में क्राइम इंस्पेक्टर रविंद्र पाण्डेय के साथ एसआई विश्वनाथ मिश्रा, अरविंद मौर्या और भारी पुलिस बल मौजूद था।

### आश्रम में मनाया गया अखंड ज्योति का जन्मोत्सव, हवन-पूजन के बाद हुआ भंडारा

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** पौष कृष्ण द्वादशी, त्रयोदशी को गुरुकुल के वटुक ब्रह्मचारी, आचार्य, आश्रमवासी तथा दूरदराज से आए सैकड़ों लोगों ने बड़ी धूमधाम से अखंड ज्योति (दीपनारायण भगवान) का 25वां जन्मोत्सव मनाया और फिर भंडारे का प्रसाद लिए। देवकली तीर्थ के श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं गुरुकुल विद्यापीठ के आश्रम में महंत प्रमोद जी महाराज की देखरेख में भगवान गणपति, मां भगवती दुर्गा, भगवान वरुण देव, भगवान विष्णु, देवाधिदेव महादेव एवं पूज्यपाद सद्गुरुदेव भगवान का पूजन कर दीपनारायण का पूजन, अर्चन, वंदन कर हवन किया गया। फिर भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## चाइनीज मांझे को लेकर धौरहरा खमरिया में तहसीलदार व थाना प्रभारी ने चलाया अभियान

**जांच कर नष्ट करवाया चाइनीज मांझा, लोगों को किया जागरूक**

**लखीमपुर-खीरी।** शाहजहांपुर में चाईनीज़ मांझे से पुलिस कर्मी की गर्दन कटने से हुई मौत को गंभीरता से लेते हुए धौरहरा तहसीलदार की अगुवाई में धौरहरा कोतवाल व खमरिया थाना प्रभारी ने कई पतंग दुकानों पर छापा मारकर मिले चाईनीज़ मांझे को जप्त करते हुए बिक्री करने वालो को शख्त हिदायत दी। वही लोगों को इस मांझे का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया, जिसको लेकर पतंग दुकानदारों में अफ़रातफ़री का माहौल बना हुआ है। पड़ोसी जनपद शाहजहाँपुर में चाइनीज मांझे में फंसकर हुई पुलिस कर्मी की मौत को गंभीरता से लेते हुए रविवार को धौरहरा तहसीलदार आदित्य विशाल की अगुवाई में कोतवाल सुरेश प्रकाश मिश्रा व खमरिया थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय ने धौरहरा व खमरिया कस्बे में पतंग व मांझे की बिक्री कर रहे दुकानों पर पहुचकर सघन जांच की,जहां मिले चाइनीज मांझे को जप्त कर दुकानदारों को मांझा न बेचने की शख्त हिदायत दी। इस बाबत तहसीलदार आदित्य विशाल ने बताया कि पतंग दुकानों पर सघन जांच की जा रही है। जहां चाइनीज माझा पाए जाने पर उसे सीज किया गया तथा दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि चीनी माझा ना बेचें, साथ ही लोगों को चीनी माझा उपयोग न करने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है।



## श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर कमाया पुण्य लाभ, पूर्णाहुति आज



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** बादलनगर में चल रहे पंच कुंडीय महालक्ष्मी यज्ञ में श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर पुण्यलाभ कमाया। पब्लिक इंटर कालेज के कनिष्ठ विभाग में 07 जनवरी से 13 जनवरी तक होने वाले महालक्ष्मी यज्ञ के छठे दिन नगर और क्षेत्र के तमाम श्रद्धालुओं ने यज्ञ की परिक्रमा कर पुण्य लाभ कमाया। अखंड होमाहुति में मुख्य यजमान विनय तिवारी, विजय शुक्ल रिंकू, आनंद त्रिवेदी, उमेश मिश्र, विजय माहेश्वरी, सुशील पांडे, शरद गुप्ता, विजय बाजपेयी ने यज्ञ में आहुतियां डालकर विद्यार्चन किया। आचार्य शिवेंद्र मिश्र कात्यायन ने वैदिक मंत्रोच्चार कर यज्ञ में आहुतियां डलवाईं। इसी बीच यज्ञ में कपूरथला पंजाब से पधारे योगाचार्य स्वामी रघुनाथ जी का यज्ञ मंडप में यजमानों ने फूल मलाओं से स्वागत किया।

## महाकुंभ के लिए दो साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के गोला व लखीमपुर में रोके जाने की मांग

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

**पूर्व सांसद ने रेलवे बोर्ड, जीएम और डीएम को लिखा पत्र**

रेल प्रशासन की मनमानी व अदूरदर्शिता के चलते प्रयागराज के महाकुंभ में यात्रियों के आवागमन के लिए गोला व लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर रोके न जाने के फरमान से लोगों सहित जनप्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। इसे लेकर अब विभिन्न राजनैतिक दलों सहित संस्थाओं ने रेल महकमे के खिलाफ लामबंदी करना शुरु कर दिया है। लोगों की मांग है। गोला व लखीमपुर में इन ट्रेनों का रुकना बेहद जाएज है। ऐसा न किए जाना रेल प्रशासन की मनमानी है। बता दे कि प्रयागराज के महाकुंभ में यात्रियों को आने जाने के लिए साप्ताहिक ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाना है। जिसका ठहराव गोला और लखीमपुर में न होने से पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने रेलवे के महाप्रबंधक, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और डीएम को पत्र लिखकर छोटी काशी गोला और लखीमपुर में भी इन ट्रेनों का ठहराव कराए जाने की मांग की है। पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध है। यहां पूरे साल श्रद्धालुओं को आना जाना लगा रहता है। यहां से भी तमाम श्रद्धालु दूरदराज धर्मस्थलों को आते जाते हैं। ऐसे में पता चला है कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं को लाने जाने के लिए दो साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा जो की मैलानी जंक्शन से झूसी प्रयागराज तक भी होगा। उनका कहना है कि गोला गोकर्णनाथ और लखीमपुर खीरी दोनों स्टेशन अति महत्वपूर्ण हैं। यहां साप्ताहिक कुंभ स्पेशल ट्रेनों का ठहराव जरूरी है। उन्होंने ट्रेन संख्या 05312 काठगोदाम झूसी एक्सप्रेस और 05311 झूसी काठगोदाम एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 05314 कासगंज झूसी एक्सप्रेस 05313 झूसी कासगंज एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव गोला और लखीमपुर स्टेशन पर कराए जाने की मांग की है। जिससे इस जिले के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में पहुंचने में कोई दिक्कत ना हो।

## रोटरैक्ट क्लब ने जरुरतमंदों को बांटें गर्म कपड़े



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर रोटरैक्ट क्लब के सदस्यों ने शहर से दूर स्थित ईट भट्टे पर जरुरतमंद लोगों को गर्म कपड़ों का वितरण किया। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रविवार को रोटरैक्ट क्लब के सदस्यों ने गरीबों को गर्म कपड़े बांटने का अभियान चलाया। क्लब अध्यक्ष सर्वेंद्र अनुराग ने कहा कि हर व्यक्ति को सप्ताह में एक दिन जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए निकालना चाहिए। सचिव फरीद अहमद ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद से परमात्मा की सेवा करने के बराबर फल मिलता है। कोषाध्यक्ष उत्तम बाला ने कहा कि मानवता का धर्म सबसे बड़ा धर्म है। इस मौके पर रोटरैक्ट क्लब गोला यूथ के पीडीआरआर कर्म सिंह, पीडीआरआर रिशु माहेश्वरी, पंकज जायसवाल, आनंद अर्कवंशी, आनंद प्रताप सिंह, पटेल सुशील वर्मा, ठाकुर गौरीश सिंह, डॉ. आशुतोष विश्वास, डॉ. दिलीप वर्मा, सुनील कुमार, प्रभाकर गुप्ता सहित क्लब के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## विवेकानंद जी के जन्म दिवस पर वार्षिकोत्सव तथा मेधा अलंकरण समारोह का आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय युवा दिवस तथा महान भारतीय विद्वान विवेकानंद जी के जन्म दिवस पर आर. एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज राजाजीपुरम, राजापुर लखीमपुर खीरी में वार्षिकोत्सव तथा मेधा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव तथा मेधा अलंकरण समारोह के मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा (क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा अवध प्रांत), विशिष्ट अतिथि योगेश वर्मा ( सदर विधायक लखीमपुर), विनीत मनार (अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लखीमपुर) रहे। वार्षिकोत्सव समारोह तथा मेधा अलंकरण कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट के द्वारा की गयी। इस समारोह का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथि आगमन के पश्चात विद्यालय की घोष टीम के सदस्यों द्वारा सम्मानित अतिथियों को विद्यालय के संस्थापक सदस्यों के चित्रों तक ले जाया गया जहाँ अतिथियों के द्वारा संस्थापक सदस्यों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन किया गया। इसके पश्चात अतिथियों को विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पुष्प वर्षा करते हुए मंच तक पहुंचाया। इसके पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसके उपरांत मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में कमलेश मिश्रा के द्वारा विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित किये गए। कार्यक्रम के संयोजन व संचालन में कामिनी, आशीष सिंह, प्रदीप आदि ने अभूतपूर्व योगदान किया।

## प्रसाद चढ़ाने मंदिर जा रही लड़की को रास्ते में रोक कर पीटा

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव जलालपुर में प्रसाद चढ़ाने जा रही लड़की को पीटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। जलालपुर निवासी जगतपाल सिंह पुत्र हरपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है और बताया है कि घटना 9 जनवरी 2025 की शाम लगभग 4:00 बजे की है मेरी लड़की संध्या देवी मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने जा रही थी इसी बीच विपक्षी पिंटू पुत्र महेश आया और गाली गलौज करने लगा जब मेरी बेटी ने गाली देने से मना किया तो उसने मेरी बेटी को मारा पीटा। विपक्षी पिंटू जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने विपक्षी पिंटू पर संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत करके अग्रिम कार्रवाई शुरू की।

## उत्साह, लगन और जज्बे की जीत, हेलो बिटिया मंच की बेटियों ने दिखाई राह

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

हेलो बिटिया मंच ने अपने जुनून और जज्बे से यह साबित कर दिया कि जब प्रयास सच्चे हो और इरादे मजबूत हूं तो किसी भी समस्या का समाधान हो सकता है।

जी हां, यह बात है उस रास्ते को लेकर जो लखीमपुर- मैगलगंज मार्ग पर स्थित लीला कुआं से मुराऊन पुरवा तक पूर्व में एक लंबे समय पहले बनी मंडी समिति की सड़क जो काफी जर्जर हो चुकी थी। सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई थी। सड़क के किनारे जंगल झाड़ी और पतील की खाई होने के कारण राहगीरों को उसे रास्ते से निकलना किसी खतरे से खाली नहीं था। राहगीर अपने को असुरक्षित समझते हुए उसे रास्ते से शाम के समय निकलना मुनासिब नहीं समझते थे। यह रास्ता क्षेत्र के दर्जनों गांवों से होता हुआ ओयल के मोतीपुर स्थित जिला अस्पताल को भी जाता है। स्कूली छात्र छात्राएं उस रास्ते से स्कूल जाना पसंद नहीं करते थे। क्योंकि इधर-उधर सड़क के किनारे झाड़ियां और पतील ने उस रास्ते को बहुत सकरा कर दिया था। इसलिए यह बहुत ही खतरनाक रास्तों में शुमार किया जाता था। एक दिन की बात है जब टीकर पुरवा (मुराऊन पुरवा) व टीकर के हेलो बिटिया मंच के साथ टीकर में बैठक हो रही थी। बैठक में परिचय समापन के बाद समस्याओं पर चर्चा करने की बात आई तो बैठक में उपस्थित सभी किशोरियों ने एक साथ क्षेत्र की बहुत बड़ी समस्या को उठाते हुए कहां कि इस क्षेत्र के स्कूली बच्चों, मोतीपुर जिला अस्पताल जाने वाले मरीज तथा राहगीरों के लिए सबसे बड़ी समस्या लीलाकुआं से टीकर पुरवा( मुराउन पुरवा) तक रास्ता बहुत ही जर्जर है जो की बहुत ही असुरक्षित है। सड़क किनारे पतील व झाड़ियों ने रास्ते को अति सकरा बना दिया है। यदि रास्ता बन जाए तो अधिकांश समस्याओं का हल निकल जाएगा। फिर क्या था बैठक में सड़क निर्माण को लेकर जिलाधिकारी को पत्र देने का निर्णय लेते हुए बैठक में ही पत्र लिखकर अगले दिन बेटियों द्वारा जिलाधिकारी महोदय को पत्र दिया गया। बेटियों की इस पहल से प्रसन्न होकर जिलाधिकारी महोदय कार्यालय में ओएसडी संतोष कुमार जी ने पत्र को प्राथमिकता के आधार पर रखकर समस्या निवारण का आश्वासन दिया। क्योंकि क्षेत्र से पहली बार बेटियों ने किसी गंभीर समस्या पर पत्र देकर कोई मुद्दा उठाया था जो क्षेत्र वासियों के हित में था सार्वजनिक था। हेलो बिटिया मंच की बेटियों द्वारा दिए गए पत्र में सड़क की खतरनाक स्थिति जंगल झाड़ी साफ कर सड़क निर्माण/मरम्मत की मांग की गई थी। इसके लिए बेटियों ने स्थानीय लोगों का समर्थन भी जुटाया था। हेलो बिटिया मंच की बेटियों के लगातार प्रयास के चलते और प्रशासन की मदद से सड़क निर्माण का कार्य दिसंबर माह के अंत में पूर्ण हो गया। अब लीला कुमार से मुरनपुरवा तक 3 किलोमीटर तक का रास्ता प्रिंटेड बन गया है अब यह सड़क महिलाओं बच्चों, स्कूल जाने वाली बेटियों अस्पताल जाने वाले मरीजों तथा राहगीरों के लिए सुरक्षित बन गया है। बेटियों के जुनून और जज्बे की गांव के लोग सराहना करते हैं। हेलो बिटिया मंच टीकर की बेटियों की यह उपलब्धि केवल सड़क निर्माण व सफलता की कहानी मात्रा नहीं है बल्कि इस बात का भी सबूत है कि जब बेटियां अपने हक और समाज कल्याण के लिए आगे बढ़ती हैं तो बदलाव तो होकर रहता है। बेटियों की यह पहल समाज और युवाओं के लिए प्रेरणा भी है। हेलो बिटिया मंच की बेटियों ने समाज की, यह इस सोच पर भी विराम लगा दिया कि बेटियां केवल चूल्हे चौका तक ही सीमित रहती हैं। ऐसी सोच को बेटियों ने बदल कर दिखाया है।



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में लघु उद्योग भारती के उद्यमी महासम्मेलन को किया संबोधित, कहा

# उद्योगों की समस्याओं पर सरकार है संवदेनशील

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लघु उद्योग भारती का उद्यमी महासम्मेलन का आयोजन रविवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राकेश सचान कैबिनेट मंत्री सूक्ष्म, लघु,मध्यम उद्यम द्वारा किया गया।

भरत थरड प्रदेश महामंत्री द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुये उद्योगों की प्रमुख समस्याओं को प्रस्तुत किया गया। राकेश सचान ने कहा कि लघु उद्योग भारती की सभी



समस्याओं पर सरकार द्वारा उठाये गये कदमों से अवगत कराते हुये बताया कि प्रदेश में 44 लाख करोड़ के पूंजी निवेश प्रस्ताव आयें हैं तथा 15 हजार करोड़ के अन्य प्रस्ताव भी निकट भविष्य में आने वाले हैं। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उद्योगों की समस्याओं पर सरकार संवदेनशील है और निरन्तर उद्यमी हित में कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश की कानून व्यवस्था उत्तम हुई है, अवस्थापना सुविधायें रोड, हाइवे, रेलवे व विमान सेवाओं का निरन्तर विस्तार हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष मधुसूदन दादू द्वारा लघु उद्योग भारती की फर्रूखाबाद, कन्नौज, देवरिया, सुल्तानपुर, सीतापुर, रामपुर की पूर्ण इकाईयों की घोषणा करते हुये बताया कि कानपुर महिला इकाई स्थापित की जा रही है। लघु उद्योग भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रदेश में संगठन के विस्तार की अपेक्षा की गयी। संगठन महामंत्री श्रीप्रकाश द्वारा प्रदेश इकाई की प्रशंसा करते हुए बताया गया कि हम सभी उद्योग को परिवार समझ कर कार्य करते हैं तथा आर्थिक विकास के साथ सामाजिक विकास में भी हम सभी का सहयोग अपेक्षित है।

### लघु उद्योग भारती की समस्याएं होंगी निस्तारित

उप मुख्यमंत्री द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि यह सरकार आपकी है और सभी अपेक्षित कार्य उद्यमियों के सहयोग से ही किये जायेंगे। हमारे दैनिक उपयोग की सभी समाग्री छोटे उद्योगों द्वारा उत्पादित की जाती है और उद्योग ही इनकी आपूर्ति के माध्यम हैं। आश्वासन दिया गया कि लघु उद्योग भारती द्वारा दी गयी समस्याएं तत्काल प्रमुख सचिव स्तर से निस्तारित की जा सकेंगी। उनके द्वारा लघु उद्योग भारती संगठन द्वारा औद्योगिक विकास में किये जा रहे कार्य की प्रशंसा करते हुए सरकार के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

# सघन टीबी अभियान पूरे प्रदेश में शुरू एक माह में खोजे गए 9,340 मरीज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में 100 दिवसीय टीबी अभियान चलाया जा रहा है। सात दिसंबर से प्रदेश के 15 जनपदों में शुरू हुए अभियान के एक माह में 9,340 लोगों को टीबी संक्रमित पाया गया। इन सभी लोगों का इलाज शुरू हो चुका है।

राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि इन 15 जनपदों के लगभग 35 लाख लोगों की टीबी

**▸ 15 जनपदों में लक्षण वाले 35 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गई**

के संभावित लक्षणों के आधार पर स्क्रीनिंग की गई जिनमें 9,340 लोगों में टीबी की पुष्टि हुई। सर्वाधिक 1175 मरीज सीतापुर में और सबसे कम 258 अमेठी में मिले हैं। सिद्धार्थनगर में 900, रामपुर में 858, बाराबंकी में 800, रायबरेली में 711 टीबी मरीज पंजीकृत हुए हैं। राज्य क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि इन 15 जनपदों में 71,000 निक्षय शिविर लगाकर टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग और जागरूकता का काम किया गया जिसमें 3723 निक्षय शिविर 52 निक्षय वाहन द्वारा लगाए गए। औसतन प्रतिदिन 2062 निक्षय शिविर लगाए गए। इसके अलावा 29,290 निक्षय मित्रों द्वारा 50,705 टीबी मरीजों को गोद लिया गया है और 2201 पोषण पोटली वितरित की गई। डॉ. भटनागर ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सभी 75 जिलों में यह अभियान शुरू हो चुका है।

# विद्युत निगमों में ट्रांजेक्शन कंसलटेंट की नियुक्ति शुरू

**▸ विद्युत कर्मचारी, काली पट्टी बांधकर आज प्रदेश भर में करेंगे विरोध**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसलटेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू होने के समाचार से बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा हो गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर आज समस्त ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी और अभियन्ता पूरे दिन विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधेंगे और राजधानी लखनऊ सहित समस्त जनपदों/ परियोजनाओं पर विरोध सभाएं करेंगे।

कल अवकाश के दिन बिजली कर्मचारियों ने गोमती नगर एक्सटेंशन में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से आम उपभोक्ताओं से व्यापक सम्पर्क किया और उन्हें निजीकरण से होने वाले नुक्सान से अवगत कराया।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा निजीकरण हेतु ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि 5 दिसम्बर को भी एनर्जी टास्क फोर्स ने इसी प्रकार का निर्णय लिया था। यह निर्णय क्या था और इसे क्यों निरस्त करना पड़ा, इसे आम उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के सामने रखना चाहिए।

# सपा प्रमुख अखिलेश ने विवेकानंद जयंती पर जारी किया कैलेंडर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने महाकुंभ में गंगा स्नान को लेकर उनको निशाना बनाने वाले भारतीय जनती पार्टी (भाजपा) नेताओं पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वह गंगा स्नान के लिए जाते रहे हैं। इसकी फोटो भी मैं शेयर कर सकता हूं। जो भाजपा नेता आरोप लगा रहे हैं, वह अपनी फोटो भी शेयर करें।

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर पार्टी मुख्यालय में एक कैलेंडर को जारी करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव की पूरी तैयारी है। भाजपा फिर एकबार हारेगी। उन्होंने सात सीटों पर हुए उप चुनाव को लूटा है। एक ही मशीन पर बार बार पुलिस के लोगों ने बटन दबाई है। कुंदरकी जैसे हालात मिल्कीपुर में भी हुए तो मैं हमारे कार्यकर्ता भी स्थिति को देखते हुए हर निर्णय को लेने के लिए स्वतंत्र होंगे।

भाजपा ने अपने विभागों के लूटने वाले मंत्रियों को वहां ड्यूटी पर लगाया है। लखीमपुर खीरी में रामचंद्र मौर्य की मौत पर अखिलेश यादव ने कहा कि वहां की पुलिस का रवैया ठीक नहीं रहा। पीडीए परिवार लोगों का अपमान हो रहा है। लोग पीड़ित, दुखी, अपमानित है। वहां की पुलिस पर कार्यवाही नहीं हुई तो हम मानेंगे कि ये सरकार जातिवादी है।

# टी.एस. मिश्रा विवि ने ट्विनवुड लॉ प्रैक्टिस के साथ की साझेदारी



**▸ उत्तर प्रदेश में कानूनी शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानूनी शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने बर्मिंघम (यूनाइटेड किंगडम) की प्रतिष्ठित कानूनी फर्म ट्विनवुड लॉ प्रैक्टिस लिमिटेड के साथ रणनीतिक साझेदारी की है, विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक समारोह में यह समझौता ज्ञापन (एमओयू) औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित किया गया। पाँच वर्षीय सहयोग समझौते पर ट्विनवुड लॉ प्रैक्टिस लिमिटेड के निदेशक हरजोत सिंह ने हस्ताक्षर किए, जिसके साक्षी टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय के विधि संकाय के डीन प्रोफ़ेसर (डॉ.) सी.पी. सिंह रहे।

यह कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी साझेदारी की शुरुआत है, कुलाधिपति श्री सतीशचन्द्र मिश्रा, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व ने इस सहयोग को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने इस साझेदारी पर अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह एमओयू केवल एक समझौता नहीं है, बल्कि टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय को वैश्विक उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के हमारे दृष्टिकोण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का बुनियादी ढांचा और शैक्षणिक मानक ब्रिटेन के संस्थानों की तुलना में हैं, जो इस सहयोग को शैक्षिक उत्कृष्टता की दिशा में एक स्वाभाविक प्रगति बनाता है। प्रो-चांसलर कपिल मिश्रा ने साझेदारी के छात्र-केंद्रित स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमारा मुख्य ध्यान यह सुनिश्चित करना रहा है कि यह सहयोग हमारे छात्रों को वैश्विक कानूनी परिदृश्य के लिए तैयार करते हुए ठोस लाभ प्रदान करे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रशांत त्रिवेदी, जो संस्थान की अंतरराष्ट्रीय पहल का नेतृत्व कर रहे हैं, ने इस साझेदारी की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। समारोह में उपस्थित डॉ. श्यामली मिश्रा ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक समुदाय के लिए इस सहयोग से मिलने वाले अवसरों के प्रति आशावाद व्यक्त किया।



# नहर कटने से 40 बीघा फसल जलमग्न

▸ किसानों का आरोप, सिंचाई विभाग से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**



टिकरी क्षेत्र के टिकरी ग्राम में नहर कट जाने से किसानों का 40 बीघा फसल डूब गई। जिस से किसानों में सिंचाई विभाग के प्रति काफी गुस्सा व्याप्त हो गया। किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग से शिकायत की गई तो कोई कार्रवाई नहीं किया।

शुक्रवार की रात्रि में नहर में अचानक ज्यादा पानी आ जाने से नहर भरभरा कर कट गया। नहर का पानी किसानों के खेत मे भर गया। करीब चालीस बीघा फसल डूब गया। गांव के प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नहर विभाग की लापरवाही के चलते किसानो का नुकसान हो गया है। नहर विभाग ने नहरो की साफ-सफाई के बाद ठीक से मरम्मत ना होने चलते नहर जगह जगह कट गया है ।नहर विभाग के लापरवाही से गांव के परसहक पुरवा,सुदामापुर के दर्जन भर किसानो की फसल नहर के पानी मे डूब गई।

किसानो का आरोप है कि नहर विभाग के अधिकारी और कर्मचारियो को फोन किया गया तो फोन नही उठाया गया। इस से इस गांव के किसानों ने शनिवार को ने नहर विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर रोष जताया है। उन का आरोप था कि करीब चालीस बीघा फसल पानी मे डूब गया है ।इसमे सरसो मटर गेह सहित आदि फसल बर्बाद हो गई। अनिल कुमार वर्मा ,सनातन, जोखू, कमला, राम कुमार विजय कुमार गौतम कुमार सन्त राम धनी रमेश कुमार जगजीत सहित तमाम किसान मौजूद रहे। नहर विभाग के अधिशाषी अभियंता सतीश कुमार ने बताया कि नहर की पानी खेतो में भरने की जानकारी होते ही सहायक अभियंता उग्रसेन तिवारी और जेई अश्वनी कुमार को मौके पर भेज कर सही करा दिया गया। सहायक अभियंता उग्रसेन तिवारी ने बताया कि नहर कटी नही है। शाही जनवर ने नहर के बीच मे खोद दिया था। उसी से पानी खेतो में चल गया है।

## ब्लॉक मुजेहना पर जरूरतमंदों को ठंडक से बचाव के लिए किया गया कंबल का वितरण

**धानेपुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक मुजेहना के सरयू सभागार मे गरीबों एवं असहाय लोगो को कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान कंबल पाने की आश में आये लोगों भीड़ इकट्ठा हो गई सभागार तक पहुंचना भी मुश्किल था। वितरण हल्का लेखपाल धानेपुर, नगर पंचायत धानेपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि रक्षाराम की देख रेख में हुआ। भीड़ की वजह से बहुत से गरीब जो कंबल की आश में अधिक देर से जुटे थे बिना कंबल पाए ही उनहें निराश होकर वापस लौटना पड़ा यदि देखा जाय तो गरीबो को लाभ नहीं मिल पाता है, जो हकदार हैं।

## 18 मुख्य व 41 आरक्षियों के कार्यक्षेत्र बदले

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने 18 मुख्य आरक्षी सहित 41 आरक्षियों को बदल दिया। बलविन्दर रमेश कुमार आशीष कुमार चंचल त्रिपाठी खोडारे थाना दिग्विजय कुमार यादव अवधेश कुमार लक्ष्मी आरती मांडवी को पुलिस लाइन योगेंद्र यादव अकरम हुसैन विन्दरेश यादव विनय राय प्रमोद यादव आदित्य कुमार राय को थाना नवाब गंज राहुल मिश्रा को खरगूपुर थाना अशोक कुमार धनंजय कुमार क्रान्स गौड़ रूबी यादव सौरभ पटेल सत्येंद्र कुमार थाना छपिया पवन कुमार यादव अरविंद कुमार को थाना धाने पुर संजय कुमार निषाद जितेंद्र कुमार थाना कटरा बाजार पंकज सिंह वकील यादव सन्तोष कुमार कोतवाली नगर राकेश सिंह साइबर थाना विजय कुमार यादव अनिल कुमार पटेल कौड़िया थाना श्रवण कुमार यादव इटिया थोक थाना आकांक्षा मिश्रा आस्था सिंह पेशी तरब गंज अपूर्वा पटेल कर्नल गंज थाना भेजा गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने एक निरीक्षक दो चौकी प्रभारी सहित चार को बदल दिया। जिसमें निरीक्षक दुर्गविजय सिंह को अपराध शाखा, पिंटू कुमार यादव को चौकी प्रभारी कस्बा, मनका पुर थाना भानू प्रताप सिंह को चौकी प्रभारी मुंगरा बाजार थाना उमरी पुलिस लाइन से वीरेंद्र कुमार यादव को न्यायालय सुरक्षा भेजा।



## स्वामी विवेकानंद जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय श्री रघुकुल महिला विद्यापीठ में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष में युवा महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी के प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई। मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य डॉक्टर प्रतिभा श्रीवास्तव , मुख्य नियंता लेफ्टिनेंट हरिनाथ सिंह ने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत प्रज्ञा ग्रुप द्वारा बंगाली नृत्य से हुई, मोहिनी द्वारा सोलो डांस एवं पूजा कुसुम, क्षमा शिल्पी ,प्रियंका आदि ने नृत्य नाटिका का जीवंत प्रदर्शन किया। स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो में दिए गए भाषण का छात्राओं द्वारा सजीव मंचन किया गया। मुख्य अतिथि मेजर राजेश द्विवेदी ने इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के विचारों से सीख लेने और लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लेने की बात कही। अंत में मुख्य नियंता लेफ्टिनेंट हरिनाथ सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।
इस अवसर पर डॉ उमा पाठक, नृपेंद्र मिश्रा, डॉक्टर सत्येंद्र सिंह, डॉक्टर नीतू चंद्रा, डॉक्टर अनुराग तिवारी, डॉक्टर पंकज त्रिपाठी, शेफाली पांडे, निशि तिवारी आदि समस्त स्टाफ मौजूद थे।

## धानेपुर में बिजली की आंख मिचोली से लोग परेशान

**मुझेहना, गोंडा, समृद्ध न्यूज।** नगरपंचायत धानेपुर में बिजली की समस्या से लोग परेशान हैं कभी-कभी बिजली आती है जाती है दिन में 10 मिनट पर कटती रहती है। लोगों ने सोचा था कि नगर पंचायत बन जाने से साफ सफाई एवं बिजली की समस्या दूर हो जाएगी लेकिन बिजली की समस्या तो पहले की तरह बरकरार है कभी-कभी थोड़ा सा सुधार हो जाता है लेकिन फिर हाल वही रहता है लोग सो रहे थे कि हम लोगों को इन समस्याओं से छुटकारा मिल जाएगा। नगर पंचायत के आसपास गांव में ना अलाव की व्यवस्था है और ना ही लाइट की व्यवस्था है। ठटरी नगर के पास टावरके समीप गड्ढे में नाली का पानी भरा हुआ है, ग्राम प्रसाद पूर्व में जल निकासी की व्यवस्था नहीं है एवं सड़कों का बुरा हाल है शिकायत के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि शासन द्वारा विकास कार्यों हेतु 6 करोड रुपए का बजट पास किया गया है। नगर पंचायत की बैठक में क्षेत्र के विधायक ने इसकी घोषणा भी की थी। सभासदों द्वारा बताया जा रहा है कि धीरे-धीरे कार्य शुरू किया जाएगा।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के द्ववादश महापर्व पर खूब चला भंडारा



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

श्री राम मंदिर के निर्माण विगत पांच सौ वर्षों की प्रतिक्षा पूर्ण होने तथा प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर पूरे जनपद गोंडा के कमोबेश हर गली मोहल्ले में खूब लगाए गये भंडारे और कराया सुंदरकांड का पाठ इसी क्रम में सतई पुरवा बूढादेवर निवासी राज जायसवाल व अंजू जयसवाल द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने घंटो तक लगाए जय श्री राम के नारे जिस समय डॉक्टर मनु मित्तल, दिलीप सिंह चौहान, सपना चौहान, मंजू जायसवाल, अमन ,विक्रम, प्राची, साक्षी ,शगुन समेत दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे सभी के जयघोष से पूरे मोहल्ले को भक्ति मय बना दिया।

## अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व लिपिक के खिलाफ केस दर्ज

▸ सासंद कीर्तिवर्धन सिंह ने किया था शिकायत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

अनियमित तौर पर मदरसों क़ी मान्यता देने व कई वर्षो तक फर्जी शिक्षकों क़ो मानदेय दिलाने वाले अधिकारीके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संगठन के अधिकारी द्वारा अभियोग पंजीकृत कराया गया है। प्रकरण जनपद गोंडा के मदरसों से जुड़ा है, प्रभारी निरीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन धनंजय सिंह ने कोतवाली नगर में अल्पसंख्यक विभाग के दो जिम्मेदारों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया है। जिसमें जनपद गोंडा के तत्कालीन अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह निवासी ग्राम देवरा थाना गोसांईगंज जनपद अयोध्या व कनिष्ठ लिपिक शमीम अहमद निवासी मुन्नन खां चौराहा निकट सदभावना पुलिस चौकी गोंडा का नाम शामिल है। अधिकारी द्वारा दिये गए गए तहरीर में कहा गया है की शासंद कीर्तिवर्धन सिंह द्वारा वर्ष 2018 में पुलिस महानिदेशक भ्रष्टाचार निवारण संगठन क़ो पत्र भेजा गया था। जिसमे जनपद गोंडा के अल्पसंख्यक विभाग में संगठित भ्रष्टाचार व्याप्त होने क़ी शिकायत क़ी गई थी। पत्र में कहा गया था, क़ी जिले में 870 मदरसे पंजीकृत हैं, जिसमे 350 मदरसों क़ी मान्यता कागजों में दिखाकर करीब 800 शिक्षकों का मानदेय कई वर्षो से निकाले जाने का आरोप लगाया गया था। जांच सम्पादित होने पर पाया गया क़ी अप्रैल 2013 से मई 2015 तक अमरजीत सिंह अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे। उन्होने अपने कार्यकाल में तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक शमीम अहमद से मिलीभगत कर अवैध लाभ अर्जित करते हुए मदरसों क़ी मान्यता दिलाने सहित कई अन्य कार्य कराये। जिसमे 357 मदरसों क़ी पत्रावलियों क़ी सूची निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग क़ो प्रेषित किया जाना पाया गया। मगर मूल डिस्पैच रजिस्टर से मात्र 58 पत्रवलियों का मिलान होना पाया गया। यही नहीं 357 मदरसों का भौतिक व स्थलीय सत्यापन करने पर 126 मदरसे मौके पर नहीं मिले।

शमीम अहमद द्वारा तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह से मिलीभगत करके विभिन्न योजनाओं से संबंधित अभिलेख व मदरसों का डिस्पैच पंजीका अपने पास रखा गया है। जिसके क्रम मे भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय उत्तर प्रदेश व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा बार-बार नोटिस जारी करने के बाद भी शमीम अहमद द्वारा अभिलेख नहीं उपलब्ध कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर ने बताया क़ी मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है।

## 26 जनवरी से जनपद में नो हेल्मेट नो पेट्रोल रणनीति होगी लागू : डीएम

▸ किसानों का आरोप, सिंचाई विभाग से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी 2025 से जनपद में 'नो हेल्मेट-नो फ्यूल' रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में वृद्धि के प्रति भारत सरकार द्वारा गम्भीर चिंता व्यक्त की गयी है। साथ ही राज्य सुरक्षा परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए प्रदेश के सभी ज़िलों में प्रभावी कार्यवाही अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैं।

डीएम ने कहा कि प्रायः देखने में आता है कि लोगों द्वारा वाहन चलाते समय यातायात नियमों की अनदेखी, ओवर स्पीडिंग, बगैर सील्ट बेल्ट बांधे तथा बगैर हेल्मेट के टू व्हीलर ड्राईव करने से होने वाली दुर्घटनाओं में लोगों को अपनी जान गवानी पड़ती है। डीएम ने कहा कि विशेषकर मोटर साईकिल राईडिंग के समय होने वाली दुर्घटनाओं में युवकों की जान जाती है, जो कि पीड़ित परिवार के साथ-साथ राष्ट्र की भी क्षति है। डीएम ने कहा कि 'नो हेल्मेट-नो फ्यूल' रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू कर लोगों की जान की सुरक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य भी है। डीएम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर के शिक्षण संस्थाओं में यातायात नियमों तथा नो हेल्मेट नो फ्यूल रणनीति की जागरूकता हेतु रैली, निबन्ध, भाषण, नाटक व स्लोगन राईटिंग जैसी गतिविधियों को संचालित करें तथा ऐसे आयोजनों में अभिभावकों को भी सहभागी बनाया जाय।

डीएम ने बैठक में मौजूद पेट्रोल पम्प के स्वामियों एव प्रबन्धकों, पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति करने वाली एजेन्सियों के जिम्मेदारान को निर्देश दिया कि प्रत्येक पेट्रोलपम्प पर नो हेल्मेट नो फ्यूल रणनीति की जागरूकता के बैनर्स व स्टैण्डी स्थापित करें तथा पम्फलेट के माध्यम से लोगों को हेल्मेट पहनने के लिए जागरूक करने के साथ साथ यह भी बतायें कि जिले में 26 जनवरी से नो हेल्मेट नो फ्यूल रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जायेगा। डीएम ने परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक पेट्रोल पम्प पर कार्य करने वाले नाज़िल ब्वाय के लिए नो हेल्मेट नो फ्यूल लिखी हुई टी-शर्ट उपलब्ध करायें, समस्त सरकारी विभागों तथा अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य तथा प्रमुख मार्गों पर होर्डिंग/बैनर्स लगवायें। डीएम ने पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा की कि थानाध्यक्षों एवं यातायात प्रभारियों के माध्यम से लोगों को हेल्मेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाय तथा नो हेल्मेट नो फ्यूल रणनीति के बारे में जागरूक किया जाय।

## गौशाला में बंधे बेहारा पशु भूख प्यास व इलाज के अभाव में तोड़ रहे दम

▸ मृत पशुओं को दफनाने की नहीं है व्यवस्था, कुत्ते और चील-कौवे दिखे नोचते

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**




बेसहारा मवेशियों को संरक्षित करने के लिए सरकार ने बड़ी संख्या में गोशाला की स्थापना करा दी है, लेकिन अनदेखी की वजह से इनमें बंधे बेसहारा और बेजुबान पशुओं का हाल बेहाल है।

गोशालाओं में बंधे बेसहारा पशु बिना पानी और चारा तथा इलाज के दम तोड़ रहे हैं। इतना ही नहीं मृत पशुओं को दफनाने की व्यवस्था नहीं होने की वजह से भी मृत गाय को पशु आश्रय केंद्रों पर कुत्ते और चील-कौवे नोचते दिखे।यह दुखद हाल है विकास खंड विशेश्वरगंज के ग्राम पंचायत लखनगोंडा का है, पता चला है कि यहां तीन दिनों से लगातार भूख प्यास से तड़प-तड़प कर गायों की मौत हो रही है। यही नहीं, पशु आश्रय केंद्र का संचालन करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा तब देखने को मिली, जब गोशाला के अंदर मृत गाय को कुत्ता तथा कौवा नोचते दिखे। इससे तो यही साबित होता है कि गोशाला के जिम्मेदार लोग शायद यहां आते ही नहीं हैं। अन्यथा कम से कम मृत गायों का अंतिम संस्कार कर दिया गया होता।

गोशाला की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की होती है। इनकी निगरानी में गोशाला का संचालन होता है। इस संबंध में जब विशेश्वरगंज के खंड विकास अधिकारी सर्वेश तिवारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। अगर घटना सत्य है, तो इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## गन्ना तौल केन्द्र का डिप्टी सीसी व डीसीओ ने किया औचक निरीक्षण

▸ समिति के सामायिक लिपिक मिले अनुपस्थिति, नोटिस जारी

**जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



आईपीएल शुगर मिल गेट के कांटा नम्बर चार पर अचानक डिप्टी सीसी देवीपाटन मण्डल और जिला गन्ना अधिकारी तौल केन्द्र की जांच करने पहुंच गए। तौल केन्द्र पर अधिकारियों के पहुंचने पर हडकंप मच गया ।तौल केन्द्र पर समिति के सामायिक सचिव गैर हाजिर मिले ।शनिवार देर शाम उप गन्ना आयुक्त देवीपाटन मण्डल आर.बी.राम और जिला गन्ना अधिकारी गोण्डा सुनील कुमार सिंह अचानक आईपीएल शुगर मिल गेट पर लगे कांटा नम्बर चार की जांच करने पहुंच गए। तौल कांटे पर भदौडी के किसान यतीन्द्र पाल सिंह के ट्राली की तौल की जा रही थी। अधिकारियों तौल लिपिक आशीष कुमार सिंह द्वारा पर्ची नम्बर 107907318066 पर तौल की गई 125.80 कुन्तल गन्ने की पुनः तौल करवाई। दो,पांच और दस कुन्तल बांट रखवाकर ट्राली का वजन करवाकर मानक की जांच की।।दस कुन्तल बांट रखने पर गन्ने का वजन 135.80 कुन्तल रहा ।निरीक्षण के दौरान गन्ना समिति जरवलरोड के सामायिक लिपिक अजय तिवारी अनुपस्थिति पाए गए, जिन्हें नोटिस भेजने की कार्यवाही की जा रही है। तौल केन्द्र पर अनियमितता न मिलने पर आईपीएल मिल प्रशासन ने राहत की सांस ली। उप गन्ना आयुक्त ने गन्ना महाप्रबंधक सी.पी.सिंह को अलाव जलवाने,सभी ट्रालियों पर रिप्लेक्टर लगवाने,कम्बल वितरण करने तथा किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं देने का निर्देश दिया।

## अस्पताल का अपर निदेशक स्वास्थ्य ने किया निरीक्षण, निरीक्षण में आल ईज वेल मिली सुविधाएं



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मेडिकल कॉलेज बहराइच के चिकित्सालय में डॉ. जयंत कुमार (अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, देवी पाटन मंडल, गोंडा) और राहुल पटेल (मंडल कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) ने निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की विभिन्न सुविधाओं और व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने इमरजेंसी वार्ड, चिल्ड्रन वार्ड, सीटी स्कैन मशीन, पर्चा काउंटर और दवा वितरण केंद्र का जायजा लिया। निरीक्षण में मरीजों के इलाज, उपकरणों की उपलब्धता और सेवाओं की त्वरितता पर ध्यान केंद्रित किया गया। इमरजेंसी वार्ड और चिल्ड्रन वार्ड में मरीजों की देखभाल और चिकित्सा सेवाओं को संतोषजनक पाया गया। वहीं, अस्पताल में उपलब्ध सीटी स्कैन मशीन की कार्यक्षमता और पंजीकरण प्रक्रिया का भी मूल्यांकन किया गया। पर्चा काउंटर पर मरीजों के पंजीकरण की प्रक्रिया को सुगम और त्वरित बनाने के निर्देश दिए गए। दवा वितरण केंद्र का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता और वितरण प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, नोडल अधिकारी, मैनेजर रिजवान और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के बाद, डॉ. जयंत कुमार और राहुल पटेल ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की सराहना की और मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रबंधन को बधाई दी। उन्होंने सेवा की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण से यह स्पष्ट हुआ कि अस्पताल प्रशासन मरीजों को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयासरत है।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर स्वर्ण आभूषण कारीगर प्रीमियर लीग आयोजित

▸ मुख्य अतिथि सांसद आनंद गौड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




जनपद में रविवार को किसान डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर स्वर्ण आभूषण कारीगर प्रीमियर लीग (केपीएल) का भव्य शुभारंभ हुआ। स्वर्ण आभूषण कारीगर कमेटी बहराइच द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्देश्य खेल-कूद को बढ़ावा देना और स्वर्ण कारीगर समाज को संगठित कर सामाजिक उत्थान की दिशा में प्रेरित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बहराइच सांसद आनंद गौड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर उन्होंने विवेकानंद की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि यह समाज को एकजुट करने का भी एक सशक्त साधन है। उन्होंने स्वर्ण कारीगर समाज से उन्नति और प्रगति के लिए संगठित होकर प्रयास करने का आह्वान किया। इस आयोजन में कई गणमान्य व्यक्तित्वों ने भाग लिया। उत्तर प्रदेश मराठा समाज के अध्यक्ष उमेश पाटिल (लखनऊ), व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक सोनी (दाऊ जी), सर्राफा व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र रस्तोगी (सत्या) और व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष सुमित खन्ना ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इन सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। स्वर्ण आभूषण कारीगर कमेटी के अध्यक्ष मनीष सोनी (मुन्ना), महामंत्री मंथन पाटिल, कोषाध्यक्ष अमित सोनी (कुन्नू), उपाध्यक्ष नीरज सोनी (मुन्नू), मंत्री पंकज सोनी, उपमंत्री शिवशंकर सोनी (सोनू) और संरक्षक दीपक सोनी (ठाकुर) की मेहनत और समर्पण ने इस आयोजन को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया। टूर्नामेंट में स्थानीय खिलाड़ियों और समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन ने न केवल खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि स्वर्ण आभूषण कारीगर समाज को नई दिशा देने का कार्य भी किया। प्रतिभागियों और दर्शकों ने इसे समाज के उत्थान और एकजुटता की मिसाल के रूप में देखा। व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक सोनी ने इस अवसर पर कहा कि स्वर्ण आभूषण कारीगर प्रीमियर लीग समाज की प्रगति के लिए खेल और एकता का महत्व उजागर करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह आयोजन आने वाले वर्षों में समाज के विकास, आपसी भाईचारे और खेल-कूद की संस्कृति को और मजबूत करेगा।

## सड़क हादसों में महिला समेत पांच की मौत

▸ अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुआ हादसा, चार घायल अस्पताल में भर्ती

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे हो गए। सड़क हादसों में महिला, किशोर समेत पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि घायल चार लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के बरदहा बाजार निवासी आदर्श उर्फ कल्लू (15) पुत्र राजेंद्र अपने मित्र अभिषेक (22) पुत्र श्याम लाल के साथ शनिवार रात को कार से नानपारा समान खरीदने गए थे। समान खरीदने के बाद सभी कार से वापस आ रहे थे। रात नौ बजे बाईपास मार्ग पर ट्रक की टक्कर से दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रास्ते में आदर्श की मौत हो गई। जबकि अभिषेक की हालत में सुधार न होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम थैलिया निवासी सरला देवी (60) पत्नी टेढ़ी को अहाते से घर पैदल जाते समय बाइक ने टक्कर मार दी। जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर के मजरा अकबरपुरवा गांव निवासी बाइक सवार नफीस अपनी पत्नी जुबेदा खातून के साथ जा रहे थे। गांव के निकट पिकअप ने ठोकर मार दी। जिससे महिला की मौत हो गई। जबकि घायल पति का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, मेरठ जिले के थाना मोहना अंतर्गत फलौदा गांव निवासी बाबू (48) पुत्र हुसैनी अपने भांजा निवासी दिल्ली रोड थाना सदर जिला बागपत के मोहम्मद यूसुफ (52) पुत्र नूर मोहम्मद सिद्धार्थनगर जिले के शिव गढ़ से सरिया लादकर पंजाब जा रहे थे। रात में कोतवाली नानपारा क्षेत्र में स्थित हाइवे के निकट खाना खाया। उसके बाद ट्रक लेकर जाने लगे। तभी ट्रक में दूसरी ट्रक ने गुरगुट्टा मोड़ के पास टक्कर मार दी। जिसमें मामा भांजे घायल हो गए। दोनों को सीएचसी पुलिस ने भेजवाया। यहां पर भांजा यूसुफ की मौत हो गई। जबकि मामा का इलाज जारी है। अस्पताल चौकी के सिपाही नीलेश हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। घायल के उपचार में सहयोग किया। बौंडी थाना क्षेत्र के कदियापुर में शनिवार रात आठ बजे ट्रैक्टर-ट्राली व महिंद्रा ई रिक्शा में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें शिवकुमार शुक्ला (65) पुत्र अवध राम शुक्ला निवासी माधवपुर थाना फखरपुर व ई- रिक्शा चालक वीरेंद्र गुप्ता पुत्र भगौती निवासी मोहम्मदपुर थाना फखरपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलो को तत्काल सीएचसी फखरपुर पहुंचाया। घायल शिव कुमार शुक्ला को सीएचसी फखरपुर के चिकित्सक द्वारा मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। चालक वीरेंद्र गुप्ता का मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज चल रहा है।

## अब कागजों पर नहीं जलेंगे अलाव न बंटेगा कंबल

▸ आपदा प्रहरी एप से अलाव की जानकारी देंगे लेखपाल, डाटा फीड न होने पर नहीं मिलेगा उस दिन का वेतन

▸ शासन के निर्देश पर डीएम ने लेखपालों को लांच कराया आपदा प्रहरी एप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




### रैन बसेरे की भी हो रही निगरानी

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि शहर और नगर क्षेत्र में रैन बसेरे का संचालन हो रहा है। रैन बसेरे में अलाव जल रहा है या नहीं, इसकी भी निगरानी आपदा प्रहरी एप से की जाएगी। नगर क्षेत्र में अव्यवस्था मिलने पर संबंधित ईओ जिम्मेदार होंगे।

### खानापूर्ति पर लगेगी लगाम

जिले में कुछ ऐसे स्थान हैं, जहां की फोटो नेटवर्क के चलते नहीं आ पा रही है। साथ ही कुछ स्थानों पर अलाव जलवाने के बाद बुझा कर खानापूर्ति करने की शिकायत ग्रामीण कर रहे हैं। इसको देखते हुए जिले में आपदा प्रहरी एप लॉन्च करवाया गया है। जिसका उपयोग भी लेखपाल कर रहे हैं। अब खानापूर्ति नहीं हो सकेगी।



मोनिका रानी जिलाधिकारी

जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से बचाव के लिए कागजों पर जिले भर में 250 स्थानों पर अलाव जल रहे हैं। लेकिन जगहों से अलाव जलने की जीपीएस फोटो नहीं आ रही है। इसको देखते हुए लेखपालों को आपदा प्रहरी एप डाउनलोड करवाया गया है। अब प्रतिदिन अलाव जलने की रिपोर्ट लेखपाल की ओर से आपदा प्रहरी एप पर संबिट कर एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजा जाएगा। जिस दिन एप पर डाटा फीड नहीं किया गया, उस दिन का वेतन काट दिया जाएगा।

नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव लेखपालों के साथ संबंधित की ओर से जलवाया जा रहा है। लेकिन अलाव सही जला या नहीं, इसकी फोटो कुछ क्षेत्रों से नेटवर्क की समस्या के चलते नहीं आ पा रही है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव न जलने की शिकायत भी मिल रही है। इसको देखते शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आपदा प्रहरी एप लॉन्च करवाया है। जिसको जिले के 1064 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों ने अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर लिया है। अब सभी अलाव जलने के बाद आपदा प्रहरी एप से फोटो संबिट कर उसे तहसील के उपजिलाधिकारियों के माध्यम से डीएम को भेजेंगे।

इतना ही नहीं जिन स्थानों पर कम्बल वितरित किया जा रहा है, वहां की फोटो भी आपदा प्रहरी एप के द्वारा लेखपाल जिला मुख्यालय भेजेंगे। जिस दिन की फोटो आपदा प्रहरी एप पर संबिट नहीं होगी, उस दिन का वेतन लेखपालों को नहीं दिया जाएगा। इसको लेकर जिले के लोगों में खुशी है। सभी का कहना है कि इस अभियान से भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी। साथ ही अब कागजों पर अलाव और कंबल वितरण नहीं होगा।

# स्थापना दिवस पर एक दिवसीय रायबरेली महोत्सव आयोजित

- शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया गया सम्मानित
- जनपद के संतों व गुरुओं का किया गया सम्मान
- जनपद में राष्ट्रसेवा, समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को किया गया सम्मानित





**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली स्थापना दिवस पर गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान पार्क में आयोजित एक दिवसीय रायबरेली महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उप्र सरकार दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा राष्ट्रगान किया गया, इसके पश्चात संतों का पूजन, सम्मान एवं आरती मुख्य अतिथि द्वारा की गई, इसके साथ ही कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों, वरिष्ठ सेनानी, किसानो, चिकित्सको एवं समाजसेवियों को माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों एवं जनपद से लेकर लखनऊ तक के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

**वैभवशाली रहा जिले का इतिहासः दिनेश प्रताप सिंह-** उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि रायबरेली का इतिहास वैभवशाली रहा है। सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने के लिए अगली पीढ़ियों को इससे परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजन किया गया है। रायबरेली का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि आज रायबरेली स्थापना दिवस रायबरेली महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है और आज ही के दिन स्वामी विवेकानंद की जयंती भी है, इससे अच्छा दिन और क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि पिछली बार यह कार्यक्रम तीन दिवसीय था, लेकिन इस बार महाकुंभ के दृष्टिगत कार्यक्रम को एक दिवसीय रखा गया है।

**मंत्री जी के प्रेरणा श्रोत का फल है रायबरेली महोत्सवः** जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्ष मंत्री की प्रेरणा से रायबरेली महोत्सव शुरू किया गया था, जिसका भव्य रूप से आयोजन हुआ था, यह ऐसा एक विशेष अवसर है जहां पर हम अपने जनपद की उपलब्धियां को बता सकते हैं और आने वाले समय में हमें विकास के क्या कार्य करने है उसका आंकलन आज के दिवस में किया जा सकता हैं। रायबरेली महोत्सव एक नए रूप में उभर कर आप लोगों के सामने आया है आगे भी यह आयोजन प्रशासन द्वारा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, ऐसी मेरी शुभकामनाएं हैं।

**नई पीढ़ी रूबरू होती है अपने इतिहास सेः डॉ यशवीर सिंह-** पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पिछली बार जो कार्यक्रम हुआ था उससे रायबरेली की जो प्रतिष्ठा थी, वह दूर-दूर तक गई थी इस तरह के कार्यक्रम का यह उद्देश्य होता है कि अपनी जो विशेषताएं हैं उनको साल में एक बार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके एक पटल में लाया जाए, जिससे अपने जनपद का नाम हो।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लाखों का माल चोरों ने किया पार

**बछरावां, रायबरेली।** घर वालों की गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर में रखे हुए 90,000 रुपए की नकदी समेत लाखों रुपए की सोने चांदी के जेवरात किये पार, मचा हड़कंप। स्थानीय थाना क्षेत्र की थुलेंडी चौकी अंतर्गत पीड़िता माधुरी पत्नी राजकुमार ने चौकी पर दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि विगत 8 जनवरी को वह अपने मायके चली गई थी घर में कोई मौजूद नहीं था। जब वह शनिवार शाम को घर वापस आई तो घर का ताला टूटा हुआ पाया। घर के अंदर जब जाकर देखा तो घर का सारा गिरस्ती का सामान फैला हुआ पड़ा था। हुआ अलमारी मे रखे हुए नगद रुपए तथा सोने चांदी के जेवरात सभी गायब मिले।जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### हैंड पंप मेंटेनेंस के नाम पर भ्रष्टाचार, नल दे रहे दूषित पानी

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा प्रतिवर्ष भारी भरकम बजट खर्च किया जाता है लेकिन भ्रष्टाचार के चलते ग्रामीणों को शुद्ध पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है पंचायती राज प्रोग्राम्स के द्वारा प्रतिवर्ष लाखों रुपए मेंटेनेंस के नाम पर खर्च कर बंदरबांट कर लिया जाता है। कार्यदाई संस्था को हैंडपंप रिबोर के लिए प्रतिवर्ष प्रत्येक ग्राम पंचायत में लाखों रुपए का बजट खर्च होता है विकासखंड डलमऊ में करोड़ों रुपए का बजट केवल हैंड पंप मेंटेनेंस के नाम पर खर्च किया जाता है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ज्यादातर हैंड पंप दूषित पानी उगल रहे हैं जिसे पीकर लोग आए दिन बीमार होते हैं ग्राम पंचायत रायपुर टप्पा हवेली में ग्रामीण सुशील यादव राम शंकर गज्जर सर्वेश राजेश कुमार अजय कुमार श्रीनाथ संजय शर्मा का आरोप है कि नल मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ कागज पूर्ति की जाती है लगातार दूषित पानी निकल रहा है प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च कर दिया जाता है लेकिन समस्या जस की तस बनी रहती है किसान नेता सुशील यादव का कहना है कि ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायत में करोड़ों का बजट सिर्फ लोगों को शुद्ध जल पीने के नाम पर खर्च होता है ग्राम प्रधान पंचायत सचिव एवं कार्यदाई संस्था को बंदर बांट किया जाता है इस बाबत खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव ने बताया कि सूचना मिलने पर हैंडपंप सही कराए जाते हैं यदि कहीं पर दिक्कत है तो जांच कर सही कराया जाएगा।

### धूमधाम से मनाया गया महासचिव प्रियंका गांधी का जन्मदिन



**महराजगंज रायबरेली।** कांग्रेस ब्लॉक कार्यालय में ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रियंका गांधी के नाम का केक काटकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। उपस्थित कांग्रेसियों ने ईश्वर से उनके सुदीर्घ जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। वही महराजगंज कस्बे के सभी 7 बूथों से आए लोगों को ठंड से बचाव के लिए राहुल गांधी द्वारा भेजे गए सौ कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर उत्तर प्रदेश युवक कांग्रेस सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक प्रिन्सु वैश्य, नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल, भरत मिश्रा, हौसला तिवारी, राजेश कुमार, राम चंद्र सिंह, रवि चंद सिंह, भगवान दीन फौजी, हनुमान जायसवाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महाकुंभ बैनर पर लघुशंका करने वाले युवक को भेजा जेल



**बछरावां, रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली व क्षेत्राधिकारी महाराजगंज के कुशल पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी बछरावां के नेतृत्व में बछरावां पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ब्लॉक की बाउंड्री वाल पर बीते शुक्रवार की रात महाकुंभ के लगाए गए बैनर एवं हिंदू देवी देवताओं के चित्र पर लघु शंका करने वाले व्यक्ति विनोद उर्फ दिनेश पुत्र भारत उम्र 42 वर्ष निवासी नादेमऊ मलिकपुर थाना सौरिक जनपद कन्नौज हालपता बगाही थाना बछरावां को थाना क्षेत्र के बगाही मोड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुनील कुमार एवं आरक्षी महेश सिंह मौजूद रहे।

### मुख्यालय जाने के लिए नदारद बस सेवाएं



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** उतरौला बस स्टेशन से गोण्डा और बलरामपुर के लिए चलने वाली लोकल बस सेवाओं के बंद हो जाने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सरकारी विभागों और कचहरी में काम करने वाले कर्मचारियों, जिनका प्रतिदिन गोण्डा और बलरामपुर आना-जाना रहता है, के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण बन गई है। परिवहन विभाग द्वारा लोकल बसों का संचालन बंद किए जाने से यात्रियों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, जो न केवल महंगा साबित हो रहा है बल्कि समय की भी बर्बादी हो रही है। उतरौला का बस स्टेशन, जो लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से बनवाया गया था, क्षेत्रीय यात्रियों के लिए एक बड़ी उम्मीद बनकर उभरा था। इसके निर्माण के बाद, लोगों को उम्मीद थी कि इससे गोण्डा, बलरामपुर, लखनऊ और अन्य प्रमुख स्थानों पर यात्रा की सुविधा मिलेगी, लेकिन समय के साथ इस स्टेशन से मिलने वाली सुविधाओं में कमी आई है। खासकर, लोकल बस सेवाओं के बंद होने से यात्रियों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पिछले सालों तक, उतरौला से गोण्डा और बलरामपुर के बीच लोकल बसें प्रतिदिन चलती थीं, लेकिन पिछले दो हफ्तों से इन सेवाओं को अचानक बंद कर दिया गया है। इस बंदी ने क्षेत्र के यात्रियों को बेहद प्रभावित किया है, विशेषकर उन लोगों को जिनका रोज़ाना कामकाजी यात्रा इन बसों पर निर्भर थी। अब, यात्रियों को सरकारी बसों के बंद हो जाने के कारण मजबूरन निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। इन निजी वाहनों की कीमतें अधिक होने के साथ-साथ यात्री समय के लिहाज से भी परेशान होते हैं। प्रतिदिन के यात्री, जैसे राम निवास, मोहम्मद सलीम, रमेश कुमार, शिव मंगल और यार मोहम्मद का कहना है कि वे रोज़ नौकरी करने के लिए गोण्डा या बलरामपुर जाते हैं, लेकिन अब निजी वाहन का उपयोग करने पर उन्हें काफी अधिक समय और धन खर्च करना पड़ रहा है। उतरौला बस स्टेशन पर सुबह के समय बस्ती और डुमरियागंज से चार बसें बलरामपुर के लिए आती हैं, लेकिन गोण्डा जाने के लिए सिद्धार्थ नगर से बसें बलरामपुर या गोण्डा के लिए आती हैं, जिनका सहारा यात्रियों को लेना पड़ता है। वहीं, बलरामपुर जिला मुख्यालय पर जाने के लिए कोई भी लोकल बस सेवा दस बजे के बाद नहीं मिलती। एडवोकेट मुस्लिम खा, रघुवंश सिंह, सिया राम मिश्रा और राम चन्द्र जायसवाल जैसे यात्री बताते हैं कि उन्हें दिन में ही कामकाजी कारणों से बलरामपुर जाना पड़ता है, लेकिन परिवहन विभाग द्वारा लोकल सेवाएं बंद कर दिए जाने से अब उनकी यात्रा में काफी कठिनाई हो रही है।

## प्रियंका इंदिरा गांधी का दूसरा स्वरूप हैंः अजीत सिंह

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के थुलवांसा स्थित शिव गोविंद पब्लिक स्कूल में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव व वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के जन्मदिन पर रविवार को कांग्रेसियों ने अपनी नेता का जन्मदिन केक काटकर व लड्डू वितरण कर मनाया। इस दौरान गरीब असहाय व जरूरतमंदों को ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण किया गया।क्षेत्र के शिव गोविंद पब्लिक स्कूल थुलवांसा में कांग्रेस के अलावा ब्लाक अध्यक्ष अशरफ खान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती व प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्म दिन मनाया।इस दौरान सैकड़ों जरूरत मंदों को कंबल वितरण किया गया। कांग्रेस जिला महामंत्री अजीत सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपनी नेता प्रियंका गांधी की राजनीतिक दूरदर्शिता और सूझबूझ की तारीफ करते हुए कहा कि प्रियंका गांधी ना केवल साहसी, निडर और प्रतिभाशाली राजनीतिज्ञ हैं, बल्कि वह अपनी दादी इंदिरा गांधी का दूसरा स्वरूप है।सदर विधानसभा प्रभारी नौशाद खतीब ने अपनी नेता को जन्म दिन की बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली व अन्य राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस निश्चित तौर पर विजय हासिल करेगी। कांग्रेस ही वह पार्टी है जो गरीब मजदूर, किसानों, दलितों, युवाओं व महिलाओं का भला कर सकती है।

## अमर शहीद लालचन्द्र स्वर्णकार को दी गई श्रद्धांजलि

- लालचन्द्र स्वर्णकार ने स्वतंत्रता संग्राम में पूरे परिवार को बलिदान किया



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

अमर शहीद लालचन्द्र स्वर्णकार के शहीद स्थल मन्हेरु में जिला प्रशासन, गांव सभा,अमर शहीद लालचन्द्र स्वर्णकार शोध संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भारत सेवक समाज के अध्यक्ष शिव नारायण सोनी ने कहा कि अमर शहीद लालचन्द्र स्वर्णकार ने देश प्रेम व मित्र धर्म निभाने में स्वतंत्रता संग्राम में पूरे परिवार का बलिदान दिया है, ऐसे महान देश भक्त को हम श्रद्धांजलि देते हैं। अमर शहीद लालचन्द्र स्वर्णकार शोध संस्थान के अध्यक्ष सूर्य कुमार बाजपेई ने कहा कि बैसवारे की धरती के अमर शहीद लालचन्द्र स्वर्णकार ने अपने कुल परिवार शहित देश का गौरव बढ़ाया है, उन्हें कोटि-कोटि नमन है।शोध संस्थान के महामंत्री इंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि हमें गर्व है कि लालचन्द्र स्वर्णकार ने देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर किया है। ग्राम प्रधान सुरेश कुमार यादव ने कहा कि हमारी गांव सभा बारह बिस्वा जमीन अमर शहीद लालचन्द्र स्वर्णकार के बलिदान स्थल को बनाने व सजाने के लिए प्रस्तावित करता है। सरकार मदद करेगी तो उसे मूर्त रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर लालचन्द्र स्वर्णकार के प्रपौत्र हरिशंकर सोनी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में गांव पंचायत अधिकारी अनुराग पांडे का योगदान रहा।

## मानवता से बड़ी कोई सेवा नहींः पूजा मिश्रा



- गुरुकुल महाविद्यालय द्वारा हर वर्ष पांच हजार से अधिक कंबल बांटें जाते हैं

**महराजगंज समृद्धि न्यूज़।** मानवता से बड़ा कोई सेवा नहीं गरीबों की मदद करने से बड़ी कोई मदद नहीं है हमारा प्रयास रहता है कि क्षेत्र में अधिक से अधिक गरीबों का भला हो और वह किसी परेशानी में ना रहे इसलिए समय-समय पर कुछ कार्य किए जाते हैं यह उद्गार गुरुकुल महाविद्यालय की उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा व्यक्त कर रही थी। गुरुकुल महाविद्यालय पुरासी हलोर द्वारा विगत कई वर्षो से कंबल वितरण या फिर अन्य कोई भी मानवता का कार्य हो उसमें आगे रहता है हर वर्ष 5000 से अधिक कंबल महाविद्यालय परिवार द्वारा बांटे जाते हैं ।इसी क्रम में गुरुकुल महाविद्यालय द्वारा गणेश खेरा पुरासी सुखलिया राजापुर में 50 से अधिक लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर गुरुकुल महाविद्यालय की प्राजंलि शुक्ला पूजा अवस्थी बेबी सिंह अमित पांडे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## चोरों ने घर से उड़ाए लाखों रुपये और जेवरात



**गुरबक्शगंज समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली के गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के गोझरी गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। वह लाखों रुपये के नगदी और आभूषण चोरी कर ले गए। घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार यह घटना बबलू पुत्र मरहूम इब्राहीम के घर हुई। चोर छत के रास्ते घर में घुसे और 70 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित के मुताबिक, यह घटना शनिवार रात करीब 2 बजे की है। घर के पीछे के कमरे में सभी सामान रखा हुआ था और वहां कोई नहीं सोता था। घटना का खुलासा सुबह तब हुआ जब पीड़िता की मां 6 बजे कमरे की सफाई करने गईं और उन्होंने देखा कि अलमारी का ताला टूटा हुआ था। तुरंत इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। गुरबक्श गंज थाना अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया जाएगा और जांच जारी है।

## बंकरों में तैनात सशस्त्र जवान रखेंगे विशेष निगरानी

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टिगत विशेष इंतजाम किए गए हैं।जहां दो चिन्हित स्थानों पर बने बकरों में सशस्त्र पुलिस बल तैनात किया गया है।जो सुरक्षा के लिहाज से विशेष नजर रखेंगे।सलोंन कोतवाली क्षेत्र के दो चिन्हित स्थान सूची चौराहा और जिले की सीमा अगई बॉर्डर पर मोर्चा पोस्ट (बंकर) बनाए गये हैं जहां 24 घंटे सशस्त्र पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे।महाकुंभ की दृष्टिगत आने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष निगाह रखी जाऐगी।ठंड को लेकर बंकर के बगल में अलाव की व्यवस्था की गई है।किसी भी प्रकार की अनहोनी से निपटने के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।जिससे महाकुंभ को जाने वाले श्रद्धालु



बिना किसी डर व भय के प्रयागराज जा सकें। तैनात सुरक्षा कर्मी अपनी चौकन्नी नजरों से श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं संदिग्धों पर विशेष निगरानी रखेंगे।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बहुत ही व्यापक इंतजाम है।जिससे श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत का सामना नही करना पड़ेगा।साथ ही पूरी गतिविधियों पर विशेष नजर रहेगी।

## एकमुश्त समाधन योजना का लाभ लें उपभोक्ता

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** विद्युत उपकेंद्र अचलपुर चौधरी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र घासी पोखरा व आस पास के गांवों में विद्युत बिल के सरचार्ज में छूट की वर्तमान में चल रही एक मुस्त समाधान योजना के तहत विद्युत बिल जमा करने के लिए राज कुमार यादव उपखण्ड अधिकारी के नेतृत्व में अभियान चलाकर सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया। उन्होंने ने बताया यह योजना का द्वितीय चरण चल रहा हैं जो 15 जनवरी 2025 तक ही रहेगी। सरचार्ज में छूट के तहत विद्युत बिल जमा करके योजना का लाभ उठाए व विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही से बचें। योजना के नियमों के तहत छूट के उपरांत अवशेष धनराशि का 30 प्रतिशत विद्युत बिल की धनराशि को जमा कर पंजीकरण करा ले बाकी अवशेष धनराशि को आप एक मुस्त व किस्तों में भी भुगतान कर सकते हैं। 50 संयोजन से अधिक संयोजनों का बकाए पर विद्युत विच्छेदन भी कराया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत बिल में किसी भी त्रुटि के निवारण के दिनांक 13/01/2025 को बड़हरा भिटौरा 14/01/2025 को सादुल्ला नगर व 15/01/2025 को रेहरा में मेगा कैंप का आयोजन किया गया हैं- टीम में बृजनंदन यादव अवर अभियंता, अरुण कुमार, संदीप यादव, संदीप सिंह, हफ़ीजुल्लाह, सुरेन्द्र वर्मा, संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे ई।

## ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी में महाकुंभ तैयारियों पर चर्चा, कंबल वितरित

- अवैध गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली उतरौला में प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज की अध्यक्षता में ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम प्रहरियों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की गई और समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज ने गोष्ठी में उपस्थित ग्राम प्रहरियों को महा कुंभ 2025 की जानकारी दी और उन्हें सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग का अभिन्न अंग हैं और उनकी सतर्कता क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। उन्होंने ग्राम प्रहरियों को अपने पास थाना प्रभारी, बीट पुलिस अधिकारी और अन्य उच्चाधिकारियों के मोबाइल नंबर सुरक्षित रखने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी समस्या या आपात स्थिति में तुरंत संपर्क किया जा सके। ग्राम प्रहरियों को अपने क्षेत्रों में सतर्क रहकर अवैध शराब निर्माण और माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। गोष्ठी के अंत में ठंड से बचाव के लिए प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज द्वारा ग्राम प्रहरियों को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों रामू, जगदीश, अतहर अली, नौमीलाल, सूरज प्रकाश चौहान, रामराज, राम मनोरथ, भभूती, संतराम, मेवालाल, निजाम, शियाराम सहित 58 ग्राम प्रहरियों को कंबल दिए गए। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज ने ग्राम प्रहरियों से अपील की कि वे अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। गोष्ठी में ग्राम प्रहरियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए।

## बजाज समूह के पावर प्लांट्स के लिए 2025 की शुरुआत लाभदायक

**उतरौला बलरामपुर।** बजाज एनर्जी और ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (एलपीजीसीएल) को गोवा में आयोजित मिशन एनर्जी फाउंडेशन के प्रतिष्ठित वाटर ऑप्टिमाइजेशन अवार्ड्स 2025 में जल संरक्षण में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। बजाज एनर्जी की यूपी में 5 पावर प्लांट है जिसमें इटई मैदा उतरौला में भी एक प्लांट है। बजाज समूह को इस मिले पुरस्कार से अधिकारी कर्मचारी उत्साहित हैं। कंपनी ईस्ट जोन के कॉरपोरेट कम्युनिकेशन विभाग के प्रभारी केपी सिंह ने बताया मिशन एनर्जी फाउंडेशन द्वारा आयोजित ये पुरस्कार उन संगठनों को सम्मानित करते हैं जो असाधारण जल प्रबंधन प्रथाओं का प्रदर्शन करते हैं। बजाज समूह के ललितपुर पावर जेनेरेशन कंपनी लिमिटेड को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जबकि बजाज एनर्जी लिमिटेड को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ जल पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण संयंत्र का पुरस्कार मिला है। बजाज समूह के मुख्य स्थिरता अधिकारी डॉ ए वी सिंह को यह पुरस्कार प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पूर्व निदेशक आर एन जिंदल ने दिया। इस अवसर पर बजाज एनर्जी के यूनिट हेड निशांत श्रीवास्तव, सुगर इकाई प्रमुख राकेश यादव, एचआर हेड प्रमोद त्रिपाठी, बृजेश चन्द्र मण्डल, वैभव सिंह, अशोक पाण्डेय, उल्लेखनीय पुरस्कार के बधाई दी है।

- मिशन एनर्जी फाउंडेशन के वाटर ऑप्टिमाइजेशन अवार्ड्स में जल संरक्षण कार्य के लिए मिले तीन पुरस्कार

## गन्ना विकास विभाग द्वारा सादुल्लानगर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र में स्थित ब्राइट फ्यूचर अकादमी में कृषि विभाग द्वारा एक विशेष किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसलों की बेहतर पैदावार के लिए उपयोगी जानकारी और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना था।



गोष्ठी में मुख्य अतिथि राजकुमार चीनी मिल महाप्रबंधक के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और नवीनतम उपकरणों का उपयोग करके हम कृषि को अधिक लाभदायक बना सकते हैं। सरकार किसानों के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ उठाकर आप अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस मौके पर किसानों को मिट्टी परीक्षण, गन्ना बुवाई, कीटनाशक प्रबंधन और प्रजाति, दूरी, पेड़ी प्रबंधन के कुशल उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, फसल बीमा और सब्सिडी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। गोष्ठी में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया और अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमें न केवल नई जानकारी देते हैं, बल्कि हमारे खेती के तरीके को भी उन्नत बनाते हैं। साथ में उप गन्ना प्रबंधक राजेश सिंह व क्षेत्र सहायक विपिन सिंह हर्षित सिंह एवं राजकुमार तिवारी उपस्थित रहे। क्षेत्र के सम्मानित कृषक राधेश्याम श्रीवास्तव नसीबुल, जकरूल्लाह, चंद, मुख्तार अंसारी, विनोद बाबा आदि उपस्थित है।

## भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर नगर में आयोजन

- दुखहरनाथ मंदिर में सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में भव्य धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर नगर और आसपास के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन और भंडारे के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



दुखहरनाथ मंदिर में भगवान राम की पहली प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर विशेष सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया और प्रभु की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री बालाजी मंदिर (खाकी दास मंदिर) में बालाजी की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भगवान बालाजी को 56 भोग अर्पित किए गए और आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। ज्वाला महारानी मंदिर और अन्य प्रमुख मंदिरों में भी इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन हुआ। भक्तों ने बड़ी संख्या में इन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में श्रद्धालुओं ने भगवान राम की कृपा और आशीर्वाद की कामना करते हुए भक्ति-भाव से भाग लिया। इस मौके पर श्रवण सोनी, मनोज सोनी, संतोष सोनी, बलराम कौशल, विजय कुमार, आर्यन गुप्ता, संतोष कसौधन सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ ने नगर और ग्रामीण अंचलों में भक्ति और उल्लास का माहौल बना दिया। श्रद्धालुओं ने इन आयोजनों के माध्यम से भगवान राम की आराधना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## भौतिकवाद का परचम

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं, यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि प्रगति पहाड़ झरना नदिया जंगल बुक और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच, स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से अरे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे। आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है, प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक, सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है, भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है, व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है, समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्र्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है। सत्य व अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है। नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है।

# आस्था और विश्वास का संगम है गंगासागर

**रमेश सर्राफ धमोरा**



### मकर संक्रान्ति पर विशेष

**गंगासागर में मकर संक्रान्ति से पन्द्रह दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनिया के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री, साधु-संत आते हैं और संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। मेले की विशालता के कारण लोग इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। संक्रान्ति के दिन यहां सूर्यपूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु जी के कहने पर कपिलमुनी के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेंना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरुप कपिलमुनी का जन्म हुआ जिन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चलकर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बनाकर तप करने लगे।**

भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी, गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। गंगासागर सिर्फ़ एक तीर्थस्थल नहीं है। यह भावना, संस्कृति, आस्था और विश्वास का संगम है। जीवन का उत्सव है। धर्म हमेशा से ही इस भूमि की संस्कृति में समाया हुआ है। कुम्भ मेले को छोड़कर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। जहां मकर संक्रान्ति के मौके पर दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है।

मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रान्तियों में मकर संक्रान्ति का सबसे महत्व ज्यादा है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरू हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मन्दिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भागीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं।

मकर संक्रांति पर जैसे ही सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। लाखों तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर बना हुआ हैं। जिन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रान्ति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।

सुन्दरवन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान व ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है। यहां दलदल, जलमार्ग तथा छोटी छोटी नदियां, नहरें भी है। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी। किंतु अब इसका मुहाना पीछे हट गया है। अब इस द्वीप के पास गंगा की एक बहुत छोटी सी धारा सागर से मिलती है। यह मेला पांच दिन चलता है। इसमें स्नान मुहूर्त तीन दिनों का होता है। यहां अलग से गंगाजी का कोई मंदिर नहीं है। मेले के लिये एक स्थान निश्चित है। कहा जाता है कि यहां स्थित कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर सागर की लहरें बहा ले गयी थी। मन्दिर की मूर्ति अब कोलकाता में रखी रहती है और मेले से कुछ सप्ताह पूर्व यहां के पुरोहितों को पूजा अर्चना के लिये मिलती है।

गंगासागर में मकर संक्रान्ति से पन्द्रह दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनिया के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री, साधु-संत आते हैं और संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। मेले की विशालता के कारण लोग इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रान्ति के दिन यहां सूर्यपूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु जी के कहने पर कपिलमुनी के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेंना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरुप कपिलमुनी का जन्म हुआ जिन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चलकर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बनाकर तप करने लगे।

इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इस के बाद यज्ञ के अश्वों को स्वतंत्र छोड़ा गया। परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते है। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सगर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलतः सगर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हे अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हें शापित करते हुये अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया। मुनि के श्राप के कारण उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकी। काफी वर्षों के बाद राजा सगर के पौत्र राजा भागीरथ कपिल मुनि से माफी मांगने पहुंचे। कपिल मुनि राजा भागीरथ के व्यवहार से प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि गंगा जल से ही राजा सगर के 60 हजार मृत पुत्रों का मोक्ष संभव है। राजा भागीरथ ने अपने अथक प्रयास और तप से गंगा को धरती पर उतारा। अपने पुरखों के भस्म स्थान पर गंगा को मकर संक्रान्ति के दिन लाकर उनकी आत्मा को मुक्ति और शांति दिलाई। यही स्थान गंगासागर कहलाया। इसलिए यहां स्नान का इतना महत्व है। गंगासागर का मेला 5 दिन तक चलता है।

इस दौरान तीर्थयात्री लोग मुंडन, श्राद्ध, पिण्डदान और समुद्र में पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर था जोकि समुद्र में समा गया। 1973 में यहाँ कपिल मुनि का नया मंदिर बना जहां श्रद्धालु दर्शन करते हैं। गंगासागर गंगा नदी का एक छोटा डेल्टा द्वीप है जिसकी आबादी करीब 2 लाख और क्षेत्रफल 282 वर्ग किमी है। सागर द्वीप के एक ओर बंगाल की खाड़ी और दूसरी ओर बांग्लादेश है। इस सुंदर द्वीप के ज्यादातर क्षेत्र में घने जंगल है। कपिल मुनि के मंदिर, आश्रम के अलावा यहाँ महादेव मंदिर, शिव शक्ति-महानिर्वाण आश्रम, भारत सेवाश्रम संघ का मंदिर, धर्मशालायें भी है। गंगासागर वास्तव में एक टापू है जो गंगा नदी के मुहाने पर स्थित है। यहां बंगला भाषी आबादी रहती है।

## कारोबारी दुनिया की पर्देदारी पर सवाल

**सुचिर बालाजी**

अकसर बड़ी कंपनियां व संगठन कारोबारी वजहों से अपने आविष्कार,नवाचार की प्रक्रिया को लेकर गोपनीयता बरतते हैं। उनके कर्मियों पर भी सीक्रेट बनाए रखने के नियम लागू होते हैं। लेकिन इस प्रक्रिया में यदि कानून-नैतिकता का उल्लंघन होता है तो कंपनी का कोई कर्मचारी यानी व्हिसल ब्लोअर उसे उजागर करता है जिसे नौकरी से लेकर जान तक का खतरा होता है। अमेरिका स्थित एक नामी कंपनी में रिसर्चर व व्हिसल ब्लोअर सुचिर बालाजी की संदिग्ध मौत भी तकनीकी जगत की पर्देदारी पर सवाल उठा रही है। तकनीक और विज्ञान की दुनिया में कई काम चुपचाप किए जाते हैं।

खास तौर से तब, जब कंपनियों के बीच प्रतिद्वंद्विता हो या आविष्कार अथवा पेटेंट के चोरी हो जाने का खतरा हो। गोपनीयता या पहरेदारी बरतने के कारोबारी कारण होते हैं, लेकिन इसी पहरेदारी के बीच अगर उस दुनिया में कुछ गलत काम भी हो रहे हों, तो दुनिया को इसका पता शायद ही कभी चलता है। मौलिक विचार (आइडिया), आविष्कार या पेटेंट को लेकर अक्सर यह बात दावों के साथ कही जाती है कि विकसित पश्चिमी मुल्कों में इन्हें लेकर कड़े मानक हैं। अगर साबित हो जाता है कि किसी आविष्कार या मौलिक विचार को कहीं से उड़ाया गया है, तो भारी-भरकम जुर्माने और कड़ी सजाओं का प्रावधान है। लेकिन यह कैसे पता चले कि किसी संस्था ने आइडिया, आविष्कार, बौद्धिक संपदा या डेटा संबंधी कोई चोरी की है। अक्सर इसकी जिम्मेदारी किसी संस्था या कंपनी से जुड़ा कोई शख्स उठाता है, जो वहां हो रही गड़बड़ी से परेशान हो। उसे अनैतिक मानता हो। और इन गड़बड़ियों का खुलासा कर साबित करना चाहता हो कि दुनिया में नैतिकता और अच्छाई की कोई कीमत होती है। इन सारे नजरियों से हाल में एक 26 वर्षीय नौजवान सुचिर बालाजी की मौत को देखें, तो कई संदेह और सवाल तकनीक की उस दुनिया को लेकर उपजते हैं जिसने हाल के दशकों में अपने आविष्कारों के बल पर यह साबित करने की कोशिश की है कि इक्कीसवीं सदी का इंसान सभ्यता के इतिहास में वह सब कुछ हासिल करने जा रहा है, जिसका वह हकदार है। बेशक, विज्ञान और तकनीक ने हमें वे सब सुख-सहूलियतें दिलाई हैं जिनकी कभी सिर्फ कल्पना की जाती थी। लेकिन सवाल है कि आखिर किस कीमत पर हमें यह तरक्की मिली है। इस कसौटी पर सुचिर बालाजी की मौत को देखें, तो शायद हमें तकनीक की दुनिया के उस अंधेरे का कुछ अहसास हो जिस पर शायद ही कभी नजर जाती है। सुचिर की मौत कैसे हुई- इस बारे में फिलहाल साक्ष्य और आरंभिक पुलिसिया जांच सिर्फ यह बताती है कि सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका) के एक अपार्टमेंट में उन्होंने अनजान कारणों से खुदकुशी कर जान दे दी। रिसर्चर सुचिर की मौत हत्या थी या आत्महत्या- इसे लेकर हालांकि तब भी जिज्ञासा रहती कि आखिर अमेरिका गए एक नौजवान की अचानक मृत्यु क्यों हो जाती है। लेकिन जब यह पता चलता है कि सुचिर जेनरेटिव एआई का उन्नत संस्करण यानी चौटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई के एक पूर्व शोधकर्ता और सचेतक या मुखबिर (व्हिसल ब्लोअर) थे, तो हमारा चौंकना स्वाभाविक है। सुचिर ने चौटजीपीटी के निर्माण के वक्त बौद्धिक संपदा की चोरी और कॉपीराइट मामलों की अनदेखी पर सवाल उठाए थे और नियमों का उल्लंघन करने पर चिंता जताई थी। ऐसे में इस ओर किसी की नजर जा सकती है कि कहीं सुचिर की मौत के पीछे ओपनएआई की ओर से पैदा कोई दबाव ही एक बड़ी वजह तो नहीं था। अक्सर ऐसे मामलों में इस तथ्य का उद्घाटन कभी नहीं होता है कि अगर ऐसे व्हिसल ब्लोअर की हत्या नहीं करवाई गई है, तो भी किसी बड़ी कंपनी या रसूखदार व्यक्ति की ओर से निरंतर दी जाने वाली मानसिक प्रताड़ना के दबाव में आकर आत्महत्या की गई होगी। सुचिर के मामले में तो इसकी आशंका और भी ज्यादा है क्योंकि इतनी युवा उम्र में उसके पास आत्महत्या (अगर यह आत्महत्या ही है तो) का कोई बड़ा कारण नहीं हो सकता।

### विचार

# किसानों के प्रति दिखानी होगी दरियादिली

**प्रेम शर्मा**



**तमाम प्रयासों के बावजूद कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सरकार नहीं कर पाई है। इस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। बड़ी विडंबना का विषय है कि किसानों का आंदोलन लंबे समय से जारी है। लेकिन सरकार कोई भी ऐसा ठोस कदम उठाने के प्रति उदासीन दिख रही है। क्या यह साफतौर पर सरकार के भीतर राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव को प्रदर्शित नहीं करता कि वह किसानों की मांग को लेकर इस हद तक अगंभीर दिख रही है कि आंदोलन के एक नेता की सेहत दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है, उनके जीवन पर खतरा बढ़ता जा रहा है और वह हल के लिए सहमति बनाने के बजाय समस्या की अनदेखी करने में लगी है। आखिर किन वजहों से वह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर कानूनी गारंटी पर स्थिति स्पष्ट नहीं करना चाहती है और उसका यह रुख किसके हित में है।**

हरियाणा-पंजाब की शंभू सीमा पर प्रर्दशन कर रहे एक किसान रेशम सिंह ने आत्म हत्या कर ली। 4 दिसंबर 2023 को नेशनल क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो द्वारा जारी किये गए आंकड़ों के अनुसार साल 2022 में 11290 किसानों ने आत्महत्या की. किसानों की आत्महत्या के ये आंकड़े काफी हैरानी भरे हैं। लगभग यही हाल 24 में भी रहा। यह किसानों की आत्महत्या का एक बड़ा कारण है। इसी असंतोष के चलते 2020 में किसानों ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू कर दिया।

प्रधानमंत्री ने तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करने के साथ किसानों की मांगों पर सहमति बनाने के लिए एक कमेटी बनाने की बात कही। कई दौर की मीटिंग के बाद भी आज तक उस कमेटी की रिपोर्ट का अता-पता नहीं है। अलबत्ता सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित पांच सदस्यीय कमेटी के कुछ निष्कर्ष अवश्य प्रकाश में आए हैं, जिसके अनुसार किसानों की लागत और कृषि हेतु लिए गए कर्ज का बोझ बढ़ रहा है। समिति ने उन्हें इस संकट से मुक्ति दिलाने के लिए एमएसपी को कानूनी मान्यता सहित 11 मुद्दे चिह्नित किए हैं। हाल में कृषि उत्पादकता में गिरावट, बढ़ती कृषि लागत, अपर्याप्त मार्केटिंग सिस्टम और सिकुड़ते कृषि रोजगार से कृषि आय में गिरावट आई है।घटता जलस्तर, बार-बार सूखा पड़ना, कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा का पैटर्न, भीषण गर्मी आदि जलवायु आपदाएं भी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर रही हैं।

किसान अपनी आजीविका को बनाए रखने से संबंधित चुनौतियों से जूझ रहे हैं।इसी आर्थिक असुरक्षा के चलते पंजाब के किसान संगठनों ने स्वामीनाथन फार्मूले के अनुसार सभी फसलों पर एमएसपी के कानूनी अधिकार की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें बाजार की ताकतों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। देश के किसी ना किसी राज्य या फिर केन्द्र सरकार के खिलाफ दिल्ली तक होने वाले किसान आन्दोलन इस बॉत का प्रमाण है कि सरकार एवं सरकारे किसानों के प्रति न्याय नही कर पा रही है। ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकार को मिलकर किसानों के प्रति दरियादिली दिखानी चाहिए। कृषि प्रधान देश भारत में आजादी के 77 साल बाद भी किसानों की समस्याएं दूर नहीं की जा सकी हैं। किसान अपने आप को आर्थिक रूप से सबसे कमजोर मान रहा है। समाज के हर वर्ग की आय साल-दर-साल बढ़ रही है लेकिन किसान कर्ज के जंजाल से बाहर नहीं निकल पा रहा है। किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य अभी कई चुनौतियों के बीच संघर्ष कर रहा है। भारत के अधिकांश किसान अब अपने बच्चों को खेती की जिम्मेदारी नहीं सौंपना चाहते हैं। भारतीय कृषि व्यवस्था में अपनी पूरी जिंदगी खपाने वाले किसान आज खेती को घाटे का सौदा बताते हैं।

आखिर क्या कारण है कि तमाम प्रयासों के बावजूद कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सरकार नहीं कर पाई है। इस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। बड़ी विडंबना का विषय है कि किसानों का आंदोलन लंबे समय से जारी है। लेकिन सरकार कोई भी ऐसा ठोस कदम उठाने के प्रति उदासीन दिख रही है। क्या यह साफतौर पर सरकार के भीतर राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव को प्रदर्शित नहीं करता कि वह किसानों की मांग को लेकर इस हद तक अगंभीर दिख रही है कि आंदोलन के एक नेता की सेहत दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है, उनके जीवन पर खतरा बढ़ता जा रहा है और वह हल के लिए सहमति बनाने के बजाय समस्या की अनदेखी करने में लगी है। सवाल है कि आखिर किन वजहों से वह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर कानूनी गारंटी पर स्थिति स्पष्ट नहीं करना चाहती है और उसका यह रुख किसके हित में है। गौरतलब है कि एक ओर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले लम्बे अरसे से अनशन पर हैं और उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई है, दूसरी ओर, इसी मसले पर सरकार द्वारा मांगे नहीं मानने की वजह से बीते तीन हफ्ते के भीतर दो किसानों ने आत्महत्या कर ली।किसानों की आय चार गुना बढ़ाने का दावा करने के बीच यह समझना मुश्किल है कि एक लोकतांत्रिक सरकार इस हद तक उदासीन कैसे हो सकती है कि अपनी समस्याओं की अनदेखी किए जाने की वजह से किसानों के जान देने की खबरें आ रही है। डल्लेवाल के अनशन और उनकी सेहत को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी चिंता जाहिर कर चुका है। मगर इसके बावजूद सरकार कोई ऐसी राह तलाशने को लेकर उत्सुक नहीं दिख रही है, जिससे किसान आंदोलन की मांगों पर सभी पक्षों के बीच कोई सहमति कायम हो सके और डल्लेवाल अपना अनशन फिलहाल खत्म करें। अगर सरकार फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित किए जाने के मसले पर ईमानदार है तो वह इस संबंध में कानूनी गारंटी का प्रावधान करने से क्यों हिचक रही है ? जबकि खुद एक संसदीय समिति भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी देने की वकालत कर चुकी है।



## राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। सम्बन्धों की मधुरता हेतु आपस में विास कायम करें।

**बृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है। भौतिक जगत से प्रभावित मन भविष्य को लेकर चिन्तित होगा।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्क :-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें।

**सिंहः-** नये कायरे में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ ब्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा। प्रयासरत क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। कोई अवरोधित काम के प्रति मन विशेष रूप से चिन्तित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# लोहड़ी : खुशियों का संदेशवाहक पर्व

**योगेश कुमार गोयल**

**जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है।**

उत्तर भारत में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में खासतौर से पंजाबी समुदाय में तो इस पर्व पर एक अलग ही उत्साह देखा जाता है। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है।

लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को श्रीकृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे श्रीकृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे 'पंजाबी रॉबिनहुड' का दर्जा प्राप्त है।

जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आह्वान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके। हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकट्ठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं।

लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और विस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया। गंजीबार के राजा को इसकी जानकारी मिली तो वह बौखला उठा। उसके आदेश पर उसकी सेना ने दुल्ला भट्टी के ठिकाने पर धावा बोल दिया किन्तु दुल्ला भट्टी और उसके साथियों ने राजा को बुरी तरह धूल चटा दी। दुल्ला भट्टी के हाथों गंजीबार के शासक की हार होने की खुशी में गंजीबार में लोगों ने अलाव जलाए और दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाकर भंगड़ा डाला। कहा जाता है कि तभी से लोहड़ी के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में सुन्दरी व दुल्ला भट्टी को विशेष तौर पर याद किया जाने लगा। लोहड़ी से पहले ही बच्चे इकट्ठे होकर लोहड़ी के गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोहड़ी मांगने लगते हैं। इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिये मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं। लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए 65 तथा प्रांतीय परिषद के लिए 10 लोगों ने किए नामांकन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**






महोबा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व के द्वारा 12 जनवरी को जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय परिषद के लिए नामांकन का दिन निर्धारित किया गया था जिसमें लगभग 65 लोगों ने जिला अध्यक्ष प्रांतीय परिषद सदस्य के लिए 10 ने अपने आवेदन किए जिले के चुनाव अधिकारी राम निवास यादव ने जिला कार्यालय में आवेदन प्राप्त किए।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पद के लिए चुनावी माहौल गरमा गया है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित इस निर्वाचन में रिकॉर्ड 65 नेताओं ने जिला अध्यक्ष के तौर पर अपनी दावेदारी पेश की है। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले नामांकन में महेंद्र गुरुदेव पंकज तिवारी घुटई, संदीप शुक्ला,जितेंद्र बुधौलिया, मोहनलाल रैकवार, आशीष शिवहरे, और विमला दीक्षित आदि शामिल हैं। वर्तमान जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता के अनुसार, पार्टी आलाकमान ने सभी कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की खुली छूट दी है। इसी का परिणाम है कि इतनी बड़ी संख्या में नेताओं ने नामांकन दाखिल किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में उम्मीदवारों का आना पार्टी में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और कार्यकर्ताओं के उत्साह को दर्शाता है। सभी दावेदार पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता हैं, जो लंबे समय से संगठन की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं।

## मारपीट का थाने में मुकदमा दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक को मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। पीड़ित ने जरिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जरिया थाने के बीरा गांव निवासी मोहित पुत्र जगत सिंह ने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे गांव का उमाकांत पुत्र राजेन्द्र, महेंद्र पुत्र अमर सिंह लोटन पुत्र जगतराम, गोविन्द पुत्र श्रीधर उसके दरवाजे पर गाली-गलौज करने लगा। जब वह बाहर आया तो महेंद्र हाथ में रायफल बंदूक और लाठी लिए था। जब उसने गाली गलौज करने से मना किया तो उक्त चारों ने जान से मारने की नियत से प्रहार किया। वह जमीन में गिरकर लहुलुहान हो गया। चिल्लाने पर आस पास के लोगों को आता देख उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



डॉ. भीमराव अम्बेडकर पाठशाला एवं लाइब्रेरी खंदिया चरखारी में विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। निबंध,भाषण प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। चरखारी नगर के मोहल्ला खंदिया में अम्बेडकर पाठशाला निरंतर संचालित है आज 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन इन्द्र कुमार कुशवाहा पाठशाला संचालक के नेतृत्व में किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील तिवारी बायोलॉजी टीचर( पूर्व एबीवीपी जिला प्रमुख) रहे एवं विशिष्ट अतिथि राहुल यादव समाजसेवी व अनिल कुशवाहा पूर्व एबीवीपी प्रांत सह मंत्री मौजूद रहे।

शिक्षक सुनील तिवारी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी एक महान भारतीय संत, दार्शनिक और समाज सुधारक थे। उनका जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उनके बचपन का नाम नरेंद्रनाथ दत्त था नरेंद्रनाथ के पिता विश्वनाथ दत्त एक वकील थे, और उनकी माता भुनेश्वरी देवी एक धार्मिक महिला थीं। स्वामी जी 39 वर्ष की आयु में 04 जुलाई 1902 को बैलून मठ में समाधि ली थी द्य नरेंद्रनाथ को बचपन से ही धार्मिक और आध्यात्मिक विचारों में रुचि थी विस्तार पूर्वक स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अनिल कुशवाहा ने कहा कि विवेकानंद जी का ध्येय वाक्य उठो जागो और अपने लक्ष्य की प्राप्ति करो इस ध्येय वाक्य से भारत के प्रत्येक युवा को ऊर्जा और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अग्रसर रहने की प्रेरणा मिलती है। विवेकानंद जी की मुलाकात रामकृष्ण परमहंस से मुलाकात होने से नरेंद्रनाथ को आध्यात्मिक ज्ञान और अनुभव प्राप्त हुआ नरेंद्रनाथ से विवेकानंद बने, और उनके जीवन में एक नई दिशा की शुरुआत हुई। इन्द्र कुमार कुशवाहा पाठशाला संचालक ने बताया कि युवा प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद जी ने 25 वर्ष की आयु में ही संन्यासी हो गए थे सन 1893 में स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लिया, जहां उन्होंने अपने प्रसिद्ध भाषण में हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति का विश्व में परचम लहराया। इस अवसर पर समाजसेवी राहुल यादव ने बच्चों से विवेकानंद जी से संबंधित प्रश्न पूछे सही उत्तर देने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया इस युवा दिवस के उपलक्ष्य पर निबंध, प्रश्नोत्तरी, भाषण, गीत, प्रतियोगिता आयोजित की गई निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी इच्छा व दूसरा स्थान खुशबू,तथा तीसरा स्थान मुस्कान ने प्राप्त किया वही प्रश्नोत्तरी, गीत कहानी में महिमा, हिमांशी, कृष्णा ने स्थान प्राप्त किया प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्र छात्राओं बच्चों को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दी अच्छे से पढ़ाई करने एवं खेलकूद, निबंध, भाषण विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

## खबरें एक नजर में

### गंभीर हालत में उरई रेफर

**राठ(हमीरपुर)।** जनपद मुजफ्फरनगर निवासी शावेज पुत्र वाकत अली नक्काशी करने का काम करता है। जिसे नक्काशी करने के लिए कोतवाली के खेड़ा गांव में स्थित निमार्णाधीन मस्जिद में नक्काशी करने के लिए बुलाया गया था। रविवार की सुबह जब वह मीनार में नक्काशी कर रहा था। तभी शॉर्ट सर्किट के कारण उसमें आए करंट की चपेट में आकर वह असंतुलित होकर मीनार से गिरकर घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया।

### चार सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बीते 12 घंटे के भीतर हुए चार सड़क हादसों में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इनमें तीन घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जबकि अन्य को मामूली चोटें आईं। पहली घटना नेशनल हाईवे पर सीमेंट फैक्ट्री और इंगोहटा तिराहे के बीच हुई जहां तेज रफ्तार कार लकड़ी लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। कार सवारों को मामूली चोटें आईं, लेकिन वे इलाज कराए बिना महोबा रवाना हो गए। दूसरी घटना प्रेम नगर के पास लीना नाले पर हुईए जहां कॉटन बॉक्स लदा ट्रक नाले में गिर गया। ट्रक चालक राजेश कुमार निवासी प्रीतमपुरा मध्य प्रदेश घायल हो गया। साथी चालकों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। तीसरी घटना फैक्ट्री एरिया में हुईए जहां कबरई से गिट्टी लदा डंपर खड़े ट्रक से टकरा गया। हालांकि डंपर चालक और हेल्पर बाल-बाल बच गए। चैथी घटना चंद्रपुरवा मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास हुईए जहां बाइक सवार अनुज और पंकज को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पिता की डाट से नाराज किशोरी ने लगायी फांसी

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के पत्योरा गांव में एक 13 वर्षीय किशोरी ने पिता की डांट से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस हृदयविदारक घटना से परिवार में शोक का माहौल है। पत्योरा गांव के मुच्छीताला मजरा निवासी रतीराम निषाद की बेटी राखी( 13) ने शनिवार रात घर के एक सूने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह जब स्वजन ने उसे फंदे से लटका देखा तो सन्न रह गए। पिता रतीराम ने बताया कि उन्होंने रात को बेटी से पढ़ाई करने के लिए कहा था। संभवत: इसी बात से नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। घटना की सूचना पाकर पत्योरा चैकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चैकी इंचार्ज भानु प्रताप ने बताया कि प्रारंभिक जांच में स्वजन की डांट-फटकार को आत्महत्या की वजह बताया जा रहा है। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा।

### सड़क दुर्घटना में मासूम समेत चार घायल, भर्ती

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में चार युवक घायल हो गये सभी घायलों को गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत एक की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बिलगांव मुस्करा निवासी आकाश मकर संक्रांति के पर्व पर मां के साथ ननिहाल भुलसी आया हुआ है रविवार की सुबह छत पर पतंग उड़ा रहा तभी छत से नीचे गिर गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे परिजनों ने लहूलुहान हालात में ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती का जहां इलाज जारी है वहीं परिजनों ने बताया कि छत में बाउंड्री न बनी होने से यह घटना घटी है। दूसरी घटना पुष्पेंद्र निवासी ईचैली बाइक में सवार होकर अपने गांव से मौदहा आते समय चुंगी चैकी के पास मधुमक्खियां ने हमला कर दिया हमले से घायल युवक तड़पता हुआ सरकारी अस्पताल पहुंचा जहां उसका इलाज जारी इसी प्रकार जितेंद्र गुप्ता महोबा जिला गयोडीं गांव निवासी सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने पर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया चैथी घटना संजू साहू गहबरामान छतरपुर निवासी इचैली के पास पीछे से आ रही बाइक सवार की टक्कर से घायल हो गया राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती का है।

### मंदिर दर्शन करने जा रहे युवकों पर चले पत्थर, दो घायल



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** बीती शाम नगर की बड़ी देवी मंदिर दशज़्न करने जा रहे कुछ युवकों पर अराजक तत्वों द्वारा पथराव कर गाली गलौज मारपीट करने का कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। नगर के नेशनल चैराहा स्थित निवासी गोविंदा गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ बीती शाम नगर की बड़ी देवी मंदिर दर्शन करने जा रहा था तभी नगर के युवक शिवा गोश्वामी सत्यम गोस्वामी कार्तिक लखेरा संस्कार गोश्वामी वहां आ गए और ने उसके साथ दर्शन करने गए साहिल शिवहरे को गाली गलौज शुरू कर दी जिनको मना करने के बाद उक्त चारों युवकों ने एक राय होकर ईटा पत्थर चलाना शुरु कर दिया और लाठी डंडे लेकर आ गए और उनके साथ मारपीट की है जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं साथ ही साहिल शिवहरे के हाथ में फ्रैक्चर हो गया है।मारपीट के दौरान पत्थर मारने वाले युवक संस्कार गोस्वामी को मौजूद लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

### तालाब में पड़ा मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव तेजपुर में तालाब में उतरता हुआ शव पड़ मिला है, शव बोरे में बंद होने के चलते हत्या कर फेक जाने की संभावना जताई जा रही है सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिनाकत कराने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## कर्मचारी संघ की बैठक सम्पन्न, लिये गये फैसले

**कुरारा(हमीरपुर)।** स्थानीय विकास खंड कार्यालय परिसर में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष कुलदीप कुमार बाल्मीकि ने की। खंड क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष कुलदीप कुमार बाल्मीकि ने कहा कि कर्मचारियों की दितीय एसीपी लगाने हेतु तथा चरित्र प्रविष्टियां भरवाने के लिए सभी सफाई कर्मचारी मौजूद रहे तथा सूची बनाई गई। जिससे एडीओ पंचायत की आख्या लगाने के बाद कर्मचारियों को एसीपी का लाभ जल्द मिल सकेगा। कर्मचारियों को संगठन की तरफ से अपने कार्य को ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक अपना दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया तथा संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए अपील की गई। इस अवसर पर ब्लाक क्षेत्र के समस्त सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# डामर में जल भराव, कीचड़ से लोगों का आना-जाना बंद, नहीं है कोई सुनने वाला

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में गांव के अंदर जाने आने वाले रास्ते में कीचड़ व जल भराव रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा। जल भराव से ग्रामीण परेशान है। क्षेत्र के डामर गांव में राजू के मकान से रतिराम यादव के दरवाजे तक मुख्य रास्ते में जलभराव रहने से ग्रामीणों को इस रास्ते से निकलने में परेशानी होती है इसमें हमेशा प्रत्येक मौसम में जलभराव बना रहता है। गांव निवासी दृगपाल, मुन्ना लाल, राकेश कुमार, देव सिंह, रज्जनख राजू प्रसाद, शारदा प्रसाद, आदि लोगों ने बताया कि इस रास्ते से गांव के अंदर जाने के लिए निकलने के लिए आवागमन करना पड़ता है। जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण पूरे रास्ते में जल भराव बना रहता है। तथा विद्यालय जाने वाले बच्चो को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने इस रास्ते को ठीक कराए जाने की मांग की है। इस रास्ते के आसपास रहने वाले परिवारों को नारकीय जीवन जीना पड़ रहा है। इस रास्ते के सुधार के लिए ग्राम पंचायत द्वारा कोई सुधार नहीं किया जाता है। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से इस रास्ते में जल निकासी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। कार्रवाई शुरु कर दी है।

## महाकुंभ के पहले स्नान को लेकर रूट परिवर्तन

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** प्रयागराज महाकुंभ के पहले शाही स्नान को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने कस्बा सुमेरपुर से बांदा मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है। रविवार को इस मार्ग पर बैरिकेटिंग लगाकर पुलिस बल की तैनाती की गई। अब बांदा की ओर जाने वाले भारी वाहन कबरई होकर गुजरेंगे। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि यह व्यवस्था 15 जनवरी तक प्रभावी रहेगी और महाकुंभ के प्रत्येक शाही स्नान के दौरान लागू की जाएगी। इसका उद्देश्य महाकुंभ के स्नान में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के सुगम और सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने के लिए कस्बे के बांदा मार्ग को अस्थायी रूप से बंद किया हैए जिससे यातायात जाम और अन्य अव्यवस्थाओं से बचा जा सके। इस रूट डाइवर्जन के तहत भारी वाहन अब कबरई के वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करेंगे।

# सोलर लाइन के लिये बनायी गयी सुरंग से खतरा उत्पन्न

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड क्षेत्र के पतारा गांव को जाने वाली सी सी रोड का निर्माण एक दशक पूर्व हुआ था। जिसमे विद्युत सब स्टेशन के पास से सोलर लाइन के लिए केबिल डालने के लिए सी सी रोड के नीचे से सुरंग खोद देने से ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। क्षेत्र के पतारा गांव के लिए हमीरपुर कालपी हाइवे से सी सी रोड का निर्माण ग्रामीणों के अथक संघर्ष के बाद हुआ था गांव स्थित विद्युत उपकेंद्र के पास से निकली सोलर लाइन की केबिल डालने के लिए सी सी रोड के नीचे से गहरी सुरंग खोद दी है। जिससे सड़क धसने का खतरा बना हुआ है। गांव निवासी भोला प्रसाद, बीरेंद्र कुमार, भगवान सिंह, रामबाबू बलवीर छोटेलाल आदि ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा सीसी रोड के नीचे से केबिल डालने के लिए मजदूरों द्वारा 45 फीट चैड़ी सुरंग खोद दी है। मना करने पर ठेकेदार द्वारा अपशब्द कहे गए। ग्रामीणों ने इसकी जांच कराए जाने की मांग की है।

# खिलाड़ी सम्मान समारोह में विजेता सम्मानित

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।**



अकाक्षा कराटे क्लासेज एंड स्पोर्ट्स एकेडमीस ऑफ कानपुर के द्वारा खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन जरौली स्थित एकेडमी में किया गया । संस्था हेड राज सर ने बताया कि खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जरौली पार्षद रिचा अभय शुक्ला के द्वारा राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया और दो खिलाड़ियों ने फेडरेशन सकियों का ब्लैक बेल्ट सर्टिफिकेट प्राप्त किया। इस मौके पर संस्था के कोच मोहित सिंह अनन्या पाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बेल्ट पहनकर प्रोन्नत किया। संस्था हेड राज सर ने फेडरेशन सकियो के द्वारा पास शौर्य सिंह और प्रखर उमराव को ब्लैक बेल्ट सकीयो का सर्टिफिकेट देकर प्रोन्नत किया और बाकी सभी खिलाड़ियों को फेडरेशन के द्वारा आगामी प्रतियोगिता के चयन एग्जाम में पास होने पर शुभकामनाएं दी । इस दौरान राज प्रताप सिंह ने बताया कि काली लगन और मेहनत से ही व्यक्ति में निखार आता है और आपके द्वारा की गई मेहनत एक न एक दिन अवश्य आपकी एक काम आएगी कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाए गए।

## तीन घरों से रिवाल्वर समेत लाखों की चोरी

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** कस्बे में चोरी की घटनाएं आए दिन हो रही है। चोरियों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा। तीन घरों में हुई चोरियों का खुलासा अभी तक पुलिस कर ही नहीं पाई थी, कि चोरों ने तीन सुने पड़े फौजियों के घरों को निशाना बनाया। जहां घुसे चोर दस हजार की नकदी समेत लाखों कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। पड़ोसियों ने तीनों घरों के ताले टूटे देखे तो फोनकर सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने औरत डाग स्क्वायड की टीम ने डाग नेक्सन के जरिए खोज बीन की। डांग नेक्सन लगभग तीनों घरों के बाद लगभग पांच सौ मीटर दूर बम्बा की ओर गया। पहले डांग नेक्सन जैंतीपुर रोड की तरफ गया इसके बाद डॉग नेक्सन बम्बा की ओर वापस रुक गया। कस्बे के पचखुरा वार्ड निवासी गुड़िया यादव पत्नी स्व विमल कुमार यादव ने बताया कि उनके यहां बंद पड़े घर का ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने सूटकेस में रखे सोने-चांदी के जेवरात, 32 एफएम पिस्टल, मैगजीन, दो हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए हैं। इसके बाद पड़ोस में रहने वाली लक्ष्मी देवी पत्नी स्व विनय कुमार के यहां छत में लगे जाल को तोड़कर घर में घुसे चोर यहां से बक्से का ताला तोडकर लगभग 6 लाख रुपए कीमत के जेवरात समेत आठ हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। इसके बाद पड़ोस में रहने वाले सर्वेश पुत्र ज्ञान सिंह के यहां ताला तोड़ा यहां पर उनके हाथ कुछ भी नहीं लगा। यहां से चोर सूटकेस और समान लेकर बगल से निकले बम्बा में फेंक कर भाग निकले हैं। घटनाओ की जानकारी मिलने पर देर शाम एडीसीपी महेश कुमार मौके पर पहुंचे जिन्होंने चोरी की बढ़ती घटनाओं पर नाराज़गी जताने के साथ जल्द चोरों को पकड़ने के निर्देश दिए हैं। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना की जांच के साथ जल्द खुलासा किया जाएगा।

# महाकुंभ पर सीमावर्ती क्षेत्र में बढ़ी चौकसी

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



महाकुंभ पर सुरक्षा को लेकर खाकी ने जिले में चौकसी बढ़ा दी है। जिले की सीमा क्षेत्र पर सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अंतरराज्यीय सीमा पर पुलिस अधिकारियों द्वारा पैदल मार्च का सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, सीओ सिटी दीपक दुबे, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह ने पुलिस बल के साथ सीमा क्षेत्र के कुम्हडौरा बेरियल का निरीक्षण किया पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महाकुंभ को लेकर जिले की सीमा क्षेत्रफल को तैनात किया गया है जो सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद है 24 घंटे पुलिस बल निगरानी कर रहा है। जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले लोगों का विवरण एकत्र किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंतरराज्जीय सीमा के बेरियल में निरीक्षण करने के साथ पैदल मार्च किया गया है। पुलिस ड्रोन की मदद से भी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाकर रखे हुए हैं ।सीमा क्षेत्र पर बनाए गए चेक पोस्ट में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है।

## स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर भारतवर्ष को विश्वपटल पर स्थापित करने का लिया संकल्प

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर सरस्वती बल मंदिर इंटर कॉलेज में नगर के सभी तेजस्वी विद्वान एवं शिक्षण कार्य में लगे हुए युवाओं की उपस्थिति में युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। युवा संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, कानपुर प्रांत के सह प्रांत प्रचारक मुनीष का पाथेय सभी स्वयंसेवी युवा वर्ग को प्राप्त हुआ। संगोष्ठी में सह प्रांत प्रचारक ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की व्यवहारिक चर्चा की और मां भारती को परम वैभव पर तक पहुंचाने के लिए सभी युवाओं से आवाहन किया। इसके अलावा स्वामी विवेकानंद के अनुकरणीय आदर्शों पर चलकर भारतवर्ष को विश्व पटल पर सामाजिक आर्थिक व सांस्कृतिक रूप से विकसित बनाने की कृतज्ञता ज्ञापित की। कार्यक्रम में हमीरपुर जिले के जिला प्रचारक धनंजय, बौद्धिक शिक्षण प्रमुख ब्रजकिशोर, जिला संपर्क प्रमुख राजकिशोर, जिला बाल कार्य प्रमुख अनुज, विभाग सह प्रचार प्रमुख राजेश, विभाग सेवा प्रमुख मातादीन, नगर संघचालक शिवराम, सह नगर संघ चालक मुरलीधर, नगर बौद्धिक शिक्षण प्रमुख जयवीर, सह नगर कार्यवाह कुलदीप, नगर शारीरिक शिक्षण प्रमुख सोमेंद्र, नगर प्रचारक रूपक मौजूद रहे। संचालन का नगर कार्यवाह प्रदीप ने किया।

# श्रीराम कथा आयोजन के लिए निकली कलश यात्रा

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



13 जनवरी से प्रारम्भ हो रही श्रीराम कथा के लिए रविवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें कस्बा की सैकड़ों महिलाएं अपने सिर पर कलश और धर्म ध्वज लिए उत्साह के साथ शामिल हुई। बैण्ड बाजों' डीजे के साथ निकली कलश यात्रा में आयोजन समिति के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। बताते चलें कि विश्वविख्यात कथा वाचक मानस मर्मज्ञ कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज जी के श्रीमुख से 13 जनवरी से श्रीराम कथा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया जाएगा, इसका शुभारम्भ रविवार को को कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा का शुभारम्भ श्री गोवर्धन्नाथ जी मंदिर से हुआ। यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं अपने सिर पर मंगल कलश व धर्म ध्वज लिए यात्रा की शोभा बढ़ाती नजर आयीं। कलश यात्रा सदर बाजार' वी पार्क होते हुए कार्यक्रम स्थल बालिका इण्टर कालेज पहुंची। कलश यात्रा में कार्यक्रम के संयोजन प्रमुख युवराज सिंह सेंगर, एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, दिल्ली से भाजपा नेत्री एवं सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता सीमा पटनाहा, देवेन्द्र सिंह, अशोक महाराज, अश्विनी द्विवेदी लखनलाल नायक, जगदीश परिहार सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक श्री सेंगर ने बताया कि बताया कि कथा का आयोजन स्थल राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रांगण को बनाया गया है जहां दिन में 12 बजे से 2 बजे तक कथा का आयोजन किया जाएगा।

# राजनैतिक द्वेष के चलते जैतपुर ग्राम प्रधान की छवि धूमिल करने पर उतारू भूमाफिया

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद की ग्राम पंचायत जैतपुर द्वारा वर्ष 2022-23 में मनरेगा योजना के तहत तीन सड़क निर्माण का कार्य करवाया गया था यह कार्य जैतपुर पंचायत की हरिजन बस्ती के लिए आवा गमन को सुगम करने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा यह सराहनीय कार्य करवाया गया था।

क्योंकि वर्ष 1947 से जैतपुर पंचायत का यह हरिजन बस्ती मुहाल पंचायत से अलग-थलग पड़ा था कोई भी अधिकारी व कर्मचारी हरिजन बस्ती तक जाने में हिचकता था। जैतपुर पंचायत का एक टुकड़ा होने के बावजूद भी विकास से कोसों दूर था इस समस्या के समाधान हेतु मोहल्ला वासियो की मांग के आधार पर जैतपुर ग्राम प्रधान छोटेलाल के द्वारा यह कार्य प्रारंभ करवाया गया था। इस कार्य के संपन्न होने पर मोहल्ला वासियों ने खुशी जाहिर कर ग्राम प्रधान की मुक्त कंठ से सराहना की थी। महेश अहिरवार, जय हिंद अहिरवार, रामपाल अहिरवार, श्रीमती सुखिया, प्रमोद सहित लोगों ने कार्य की सराहना की। लेकिन गांव के कुछ तथा कथित भूमाफियाओं को ग्राम पंचायत का यह कार्य रास नहीं आया यह भूमाफिया इस समुदाय विशेष से घृणा रखने के कारण इसका विरोध करना चालू कर दिया। मनरेगा योजना से यह तीन कार्य मिट्टी मोरम रोड निर्माण का नाला से नहर की पुलिया तक, मिटटी मोरम रोड निर्माण कार्य मत्ती अहिरवार से गोविंद दास के खेत तक, मिटटी मोरम रोड निर्माण कर बच्ची रैकवार के खेत से नाला तक यह तीनों कार्य तत्कालीन सचिव चंद्रभान वर्मा के समय में सड़क निर्माण हेतु सामग्री की आपूर्ति की गई थी इसके बाद शेष कार्य तत्कालीन सचिव स्वर्गीय रूपेश निगम के द्वारा कराया गया और उन्हीं के समय पर लगभग 6 लाख रुपए का भुगतान भी हुआ लेकिन कुछ तथा कथित लोगों के द्वारा अधिकारियों को गुमराह कर फर्जी तरीके से जांच कराकर एक गुणवत्तापूर्ण सड़क पर भी कमी निकलवा कर रिकवरी का आदेश जारी कराया। इस आदेश के विरुद्ध ग्राम प्रधान छोटेलाल के द्वारा जिलाधिकारी के यहां एक प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उन्होंने मांग की की इस सड़क की पुनः जांच कराई जाए क्योंकि राजनीतिक कारण से यह सड़क की जांच कराई गई जबकि हमारे द्वारा जनमानस के आवागमन हेतु यह कार्य करवाया गया है और कार्य की गुणवत्ता भी ठीक है मोहल्लेवासियों ने भी इसकी सहाना की है लेकिन इसके बावजूद भी कार्य में कमी निकालकर जैतपुर पंचायत की छवि धूमल करने के लिए यह कुत्सित प्रयास किया गया है। इसके संबंध में जिलाधिकारी के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को पत्र जारी कर पुनः जांच हेतु पत्र जारी किया गया अभी तक किसी प्रकार से फाइनल जांच रिपोर्ट जारी नहीं की गई है लेकिन इसके बावजूद भी बराबर छवि धूमल करने का प्रयास किया जा रहा है ।

# एनजीटी के दखल के बाद भी बदहाल कदौरा ब्लॉक की गोशालाएं

- मवई ब्राह्मण में गोवंशों के शव पड़े होने का वीडियो वायरल होने से हलकान रहे अधिकारी
- गांव पहुंची अधिकारियों की टीम ने रात्रि में गोशाला का किया निरीक्षण
- बिना दाह संस्कार जेसीबी से दफनाने पर ग्रामीणों ने काटा हंगामा, पुलिस ने कराया शांत

**कदौरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक क्षेत्र की गोशालाओं की स्थिति दयनीय है, मृत गोवंशो के शवों को जिम्मेदार ट्रैक्टर ट्राली, ई रिक्शा में रखकर आए दिन सार्वजनिक स्थानों, खेतों और नहर में फिक्वा देते है। गोशाला के अंदर अव्यवस्था, गंदा पानी, भूसा चारा न होना, कीचड़, गंदगी के साथ साथ बीमार, मृत गोवंशों के शवों को कुत्तों द्वारा मिलने के वीडियो सोशल मीडिया में आए दिन वायरल होते रहते है।

ऐसा ही एक मामला शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मवई ब्राह्मण का सामने आया है। जहां पर दो स्थानों में चिटकन पुल की दोनों तरफ और गांव से आधा किमी.दूर बसरेही मार्ग मेन रोड पर दो दर्जन से अधिक गोवंशों के शव झाड़ियों और पानी में उतराते हुए ग्रामीणों को दिखाई दिए तो ग्रामीणों ने इसकी शिकायत डीएम से की।

डीएम ने एसडीएम कालपी को जांच के आदेश दिए। शनिवार देर रात पहुंचे एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने जांच पड़ताल कर गोवंशो के शवों को



सम्मानपूर्वक दाह संस्कार करने के निर्देश दिए। अधिकारियों के आने की भनक जैसे ग्रामीणों की लगी तो वह मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे, उग्र स्थिति देख कर किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाबुझा कर शांत कराया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गोशाला में भूसे चारे का इंतजाम नहीं है। जिस कारण गोवंशो की मौत हो रही है। प्रधान और सचिव शवों को बिना दाह संस्कार किए ट्रैक्टर ट्राली में लाद कर फिक्वा रहे है। शवों को दफ्नाने का कार्य रात्रि दो बजे तक चलता रहा। वहीं इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी भी चुप्पी साधे है।

### एनजीटी टीम भी दे चुकी कार्रवाई के निर्देश

19 सितंबर 2023 को एसवीएस राठौर अध्यक्ष ओवरसाइट कमेटी (एनजीटी) उत्तर प्रदेश और अनंत कुमार सिंह सदस्य ओवरसाइट कमेटी (एनजीटी) उत्तर प्रदेश ने निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान गोशाला में अव्यवस्थाओं का अंबार देखकर मौजूद तत्कालीन सीडीओ भीम उपाध्याय, विशाल यादव एडीएम नमामि गंगे, एसडीएम कालपी के के सिंह को रिकवरी के साथ कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए थे। लेकिन अधिकारियों ने मामले को दबा दिया।

## जैदपुर डाकघर में लोगों की लगती है लंबी लाइन

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** मात्र एक ही डाक घर मे आधार बनने से भीड को देख कर कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोग रात दो बजे से लाईन लगाकर खड़े रहते है।दूसरा कोई और साधन न होने से गरीब तबके के लोग आज भी आधार कार्ड को लेकर परेशान हैं।बताते चले कि जिले की एक बड़ी आबादी में शुमार नगर पंचायत जैदपुर में आधार अपडेट व संशोधन करने के लिये पिछ्ले कई महीनो से पोस्ट आफिस ही एक जरिया बना हुआ है। जहां भारी भीड़ देख कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोग रात दो बजे रात से ही लाईन में लग जाते है। जिससे आज भी गरीब तबके के मासूमो का आधार अपडेट नही हो सका है।जिससे लेकर कई बार समाचार पत्रों द्वारा खबर प्रकाशित कर अधिकारियों को भी जानकारी दी गयी है।परंतु आज भी जैदपुर क्षेत्र मे कोई नया सेंटर न होने से जनता दर दर की ठेकरे खा रही है।सूत्रो ने बताया कि अब तो डाक घर जैदपुर से भी लोगो को बाराबंकी सफदरगंज जाने की सलाह दी जाने लगी है।

## वंधन पैलेस में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम रसूलपुर के बंधन पैलेस में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर चर्चा व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो की राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती तहसील फतेहपुर के रसूल पुर गांव के बंधन पैलेस में मनाई गई जहां कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में सर्वेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में विचार व्यक्त करते स्वामी विवेकानंद के वैश्विक जीवन के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने विश्व मंच पर भारत का परचंम लहराया और देश को अध्यात्मिक क्षेत्र में नई पहचान दिलाई गोष्ठी में भाजपा मण्डल अध्यक्ष अनुपम निगम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमें ओम प्रकाश वर्मा, सुनील मौर्य जयशंकर जोशी, रामबरन वर्मा, वीरेन्द्र वर्मा, प्रदीप रावत, राजेश द्विवेदी, शिक्षक अमन जोशी, बंधन पैलेस मालिक राजेश वर्मा प्रमुख रहे।

## खबरें एक नजर में

### दहेज लोभियों ने तोड़ दी शादी, बरीक्षा में नकदी बाइक लेने के बाद भी मांगा एक लाख

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** दहेज के लालची परिवार किस हद तक गिर सकते हैं इसका बानगी सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डमौरा मे सामने आया है जिसमे बरीक्षा मे 2 लाख की नगदी बाईक कीमती कपड़े एव लड़के की अंगूठी लेने के बाद अब शादी से पूर्व 1 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं बिन बाप की लाचार बेटी ने थाना सफदरगंज मे दहेज की मांग को लेकर तहरीर दी है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डमौरा निवासी नारेन्द्र प्रसाद की करीब 4 वर्ष पूर्व मृत्यु हो गयी है मेहंदीपुर निवासी अमरदीप पुत्र विनोद ने मृतक नारेन्द्र की पुत्री का रिस्ता जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बसावनपुर मजरे दीपू निवासी राजकुमार पुत्र जय प्रकाश से तय की थी मृतक की पत्नी ने जमीन बेचकर विगत नवरात्रि मे बरीक्षा मे 2 लाख की नगदी सहित बाईक व कीमती कपड़े अंगूठी दिया अब दहेज के लोभी वर पक्ष के लोग शादी से पूर्व 1 लाख की नगदी मांग कर रहे है नगदी न देने पर वर पक्ष के लोग शादी से इंकार कर रहे है तथा बरीक्षा के दौरान खाने के रूप मे खर्च हुए 1 लाख 18 रुपये की मांग कर रहे हैं यही नही जान से मारने की भी धमकी दी जा रही हैं पीड़ित बेटी ने थाना सफदरगंज मे तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को नहीं मिलेगा शासन की योजनाओं का लाभ

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई तो किसानों को शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। तहसीलदार ने इसके लिए किसानों से शीघ्र ही पंजीकरण कराने की अपील की है। तहसीलदार अभिनव तिवारी के अनुसार शासन ने सभी किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री करने का फरमान जारी किया है इसके लिए गांवों में शिविर लगाए जा रहे हैं जहां लेखपाल, पंचायत सहायकों के साथ कृषि विभाग के जिम्मेदारो को भी इस काम की जिम्मेदारी दी गई है। इतना ही किसान जनसेवा केन्द्र पर भी पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज करा सकेंगे। उनके मुताबिक किसानो ने फार्मर रजिस्ट्री नही कराई तो किसान सम्मान निधि के साथ फसल बीमा के अलावा शासन की अन्य योजनाओं का भी लाभ भी नही मिलेगा। हालांकि यह योजना काफी दिनों से चल रही है लेकिन यह धरातल पर नही उतर रही क्योंकि इस कार्य में लगे कर्मचारी ही इसके प्रति गम्भीर नही है और आलम यह है कि कई दिन गुजर जाने के बाद पंजीकरण की संख्या ने अभी दहाई की संख्या को भी पार नहीं किया है जबकि तहसील क्षेत्र में किसानों की संख्या 75 हजार के पार है। हालांकि इस काम में तेजी लाए जाने के लिए वुधवार को उप जिलाधिकारी ने समीक्षा कर नाराजगी जाहिर की थी पर अभी पंजीकरण का कार्य रफ्तार नही पकड सका है। तहसीलदार के अनुसार इस कार्य में लगे कर्मचारियों ने लापरवाही बरती तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### चोरी का आरोप लगा किरायेदार को गृहस्वामी ने निकाला बाहर

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** किराएदार को घर से निकालने पर किराएदार पर चोरी का आरोप लगाते हुए गृहस्वामी के भाई ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरानीहाट निवासी राजकुमार ने पुलिस को बताया उसके भाई राजेंद्र कुमार सागर मध्य प्रदेश रहते हैं। उनके मकान की देखरेख वही करता है। उसने मोहल्ले की ही महिला के कहने पर खटीकान निवासी एक व्यक्ति को खाली मकान में एक कमरा किराए पर दे दिया था। किराएदार का कुछ अराजकतत्वों के साथ मेलजोल था। एक दिन वह अराजक किस्म के व्यक्तियों को घर ले आया और उसने देख लिया। जिसके बाद उसने मकान खाली करा लिया। शनिवार को वह मकान में कुछ सामान लेने की बात कहकर आया था। शाम को जब वह मकान में पहुंचा तो कमरों और संदूक के ताले टूटे थे। सूचना पर भाई राजेंद्र आए और उन्होंने देखा तो उनके आठ चांदी के सिक्के, चांदी की एक जोड़ी तोड़िया और एक सोने का ओम गायब थी। गृहस्वामी के भाई ने किराएदार पर चोरी का आरोप लगाते हुए भाई का सामान बरामद कराने की गुहार पुलिस से लगाई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### धूमधाम से मनाई गई विवेकानंद की जयंती

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर के धनोखर सरोवर स्थिति भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में राष्ट्रीय जागरण मंच के तत्वावधान में व अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव के संयोजन में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के शुभ अवसर पर पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा मिष्ठान वितरण किया गया। संबोधित करते हुए मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि स्वामी जी ने तत्कालीन समय में अंग्रेजी दासता के प्रभाव के कारण भारतवर्ष की गौरवशाली संस्कृति व सनातन परंपराओं के क्षीण होते प्रभाव को विश्व में पुनर्स्थापित कर भारत का गौरव बढ़ाया । इस अवसर पर गुंजन , नीलम वर्मा, श्रीमती किरन तिवारी, अनीता गुप्ता,सुभाष श्रीवास्तव, हरीश श्रीवास्तव राजा, लक्ष्मी नारायण, राजीव श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव,अनिल रावत, शरद श्रीवास्तव, मनीष चौधरी, अंशू श्रीवास्तव, अम्बरीष श्रीवास्तव, आचार्य विशाल बाजपेई,पार्थ श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### राशन कार्ड की केवाईसी में जैदपुर फिसड्डी

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बार बार लोगो को जानकारी देने के साथ अलाउन्स कराने के बाद भी जैदपुर राशन कार्ड की केवाईसी मे काफी पीछे है ।उक्त जानकारी हरख विकास खंड के पूर्ति निरीक्षक इमरान मंसूर ने दी है ।जानकारी के अनुसार शासनादेश के मुताबिक जहां एक तरफ पिछले कई महीनो से कोटेदारो द्वारा कस्बे के तमाम राशन कार्ड धारको को केवाईसी के लिये लगातार जागरूक किये जाने के बाद भी नगर पंचायत जैदपुर के लोगो ने इस बात की परवाह नही की ।जिससे आज जैदपुर केवाईसी को लेकर सबसे पीछे है ।उक्त जानकारी हरख विकास खंड के पूर्ति निरीक्षक इमरान मंसूर ने दी है जबकि इसराइल सहित कस्बे के कोटेदारों से वार्ता करने पर बताया गया कि पूरा पूरा दिन बैठकर कार्ड धारको का इंतेज़ार करने पर लोग नही आते है।

## बंदरों के आतंक से जल्दी ही मिलेगी निजात, पकड़ने वाली टीम आई

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत क्षेत्र में बंदरों के बढ़ते आतंक से परेशान स्थानीय जनता को जल्द ही राहत मिलने वाली है। नगर पंचायत जैदपुर द्वारा मथुरा से विशेष टीम को बुलाया है।

टीम ने अपना कार्य शुरू कर दिया है और बारिश के बावजूद पहले ही दिन लगभग 10 बंदरों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए बंदरों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा। इस कार्य की स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सराहना की है।

इस अभियान में सभासद नसीम शाहरुख, शाह आलम, अबू सुफियान, राम सिंह, ताहिर अंसारी



और अबसार सहित अन्य जनप्रतिनिधि सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। यह तीसरा मौका है जब बंदरों कीहैं। यह तीसरा मौका है जब बंदरों की समस्या से निपटने के लिए विशेष टीम को बुलाया गया है, जो स्थानीय प्रशासन की इस समस्या के प्रति गंभीरता को दर्शाता है।

### राम जानकी मन्दिर में सुंदरकांड पाठ आयोजित

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में नगर के भटखेड़ा वार्ड में शांति जगदंबा श्री राम जानकी मंदिर में देर शाम सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

सुंदरकांड पाठ के उपरांत महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर एडवोकेट नितेश सिंह अनूप सिंह साधना ब्रिक फील्ड के मालिक अतुल सिंह रमेश सिंह यशी होंडा एजेंसी के मालिक जयप्रकाश सिंह प्रधान आनंद सिंह अलगू अभिषेक सिंह राम जी आदि उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत, एक घायल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पिपरौली मोड के निकट कार की टक्कर से घायल हुए तीन बाइक सवारो मे दो की मौत हो गयी वही एक अन्य को घायल को मेमो अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार को कब्जे मे ले लिया है।

बताते चले कि शनिवार की रात्रि करीब 10 बजे जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरौली निवासी 52 वर्षीय राम लखन पुत्र पूरई 35 वर्षीय दीपू उर्फ प्रदीप पुत्र हरिद्वारी 22 वर्षीय,इंद्र पुत्र शत्रुघ्न लाल एक ही बाइक से मसौली से घर लौट रहे थे कि हाईवे पर पिपरौली गांव की ओर जैसे ही बाइक मोड़ा कि सामने से तेज रफ्तार मे आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें तीनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर



पहुंची मसौली पुलिस ने ऐम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने रामलखन और दीपू उर्फ प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। इंद्र की हालत गम्भीर होने के कारण चिकित्सक ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है। परिजनों ने मेमो अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज जारी है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार को कब्जे में ले लिया है। उसमें सवार लोग भाग निकले हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रो के बुरा हाल है।

प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह ने बताया कि शवो का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जायेगा।कार को कब्जे में ले लिया गया है।

### पूर्व प्रधान ने वृद्धाश्रम पहुंच वृद्धजनों को बांटे गर्म कपड़े व भोजन




**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों को पूर्व प्रधान ने कंबल वितरित किए। कंबल पाकर वृद्धों के चेहरे खिल उठे। संस्था चेतना द्वारा कोंच रोड पर निशुल्क वृद्धा आश्रम संचालित किया जा रहा है। नगर में संचालित वृद्धा आश्रम में लोगों के रहने व खाने समेत कपड़े आदि की व्यवस्था है। वृद्धाश्रम में रह रहे 38 वृद्धों को सर्दी के मौसम में ठंड व शीतलहर से बचाव के लिए पूर्व प्रधान जमींपाल सिंह द्वारा कंबल वितरण किया गया। कंबल पाकर वृद्धजनों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। संस्था प्रमुख देवेंद्र कुमार ने बताया कि जिन वृद्ध लोगों के पास खाने पीने की व्यवस्था नहीं है और बेसहारा है। ऐसे लोगों को वृद्ध आश्रम में निशुल्क रहने की व्यवस्था की जाती है। उन्हें खाना व जीवन यापन के लिए आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस मौके पर प्रबंधक एस कुमार, निशिचंद्र, पूजा, निधि, मीनू शाक्य, सुनील परिहार, सतेंद्र सिंह, संतोष कुमार उपाध्याय, दीवान सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

## युवा स्वामी विवेकानंद के बताये मार्ग पर चलकर लक्ष्य प्राप्त करें : सत्यम

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना मुंह मोड़ लेता है। विवेकानंदजी के बताए मार्ग पर चलकर आप लोग लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। यह बात राष्ट्रीय युवा दिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संयोजक सोशल मीडिया सत्यम याज्ञिक ने कही। स्वामी विवेकानंदजी की जयंती को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने युवा दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान आयोजित संगोष्ठी में सर्वप्रथम स्वामी विवेकनंद के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी की शुरूआत की गई। गोष्ठी में आरएसएस झांसी विभाग के ग्राम विकास प्रमुख राकेश ने कहा कि आज के समय में स्वामी विवेकानंदजी से सीख लेने की जरूरत है। विवेकानंदजी के अनुसार सबसे पहले आप अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें। लक्ष्य निर्धारित करने के उपरांत उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक



लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। लक्ष्य को अपनी आंखों से ओझल न होने दो। प्रांत संयोजक सोशल मीडिया सत्यम याज्ञिक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता प्राप्त करना मुश्किल न होगा। इसलिए अपने ध्येय से जरा भी न डिगें और मेहनत कर अपने ध्येय को प्राप्त करें। इस दौरान उपस्थितजनों ने स्वामी विवेकानंदजी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर निखिल बाथम, सुमित पांचाल, गोपालजी बाथम, सुमित पांचाल, मोहन मिश्रा, सौरभ राजावत आदि मौजूद रहे।

## फोरलेन की जमीन पर भू-माफिया का अबैध कब्जा

- मजिस्ट्रेट के मना करने के बावजूद पुर्ण हुआ अवैध निर्माण का कार्य

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के सहजनवां तहसील से मात्र एक किमी0 के अन्दर सहजनवां जिगिना चौराहे से भीटी कि तरफ बढते ही फोरलेन पर थोड़ी जमीन खाली है, जिससे बाहन को मोड़ने मे आसानी होती थी, लेकिन भूमाफियाओ के चंगुल से बह भी नही बची।पहले एक बिशाल लोहे



कि गुमटी का निर्माण कराया जाता है,फिर एक महिने बाद दुसरी उससे भी बड़ी गुमटी का निर्माण कराया जाता है,तत्पश्चात पहले वाली गुमटी मे चारो तरफ पक्के इट से पक्की दिवाल उचाई जो भी हो तैयार कराकर पक्का चबुतरा औ हड्डी व खुन इकठ्ठा करने के लिए दो पक्का हौज बनवाया गया है।निर्माण कार्य चल रहा था तभी मजिस्ट्रेट की गाड़ी आकर दस बीस इट उजड़वाकर अपनी डियूटी पुरी कर गयी थी।मजिस्ट्रेट के जाने के तुरंत बाद काम शुरू करा कर पुर्ण करा लिया गया। सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार उसके अगल-बगल के लोग खाली पड़ी जमीन को अपनी बताकर मुर्गा मछली के दुकानदारो से मोटी रकम वसुलते आरहे है।अब और मोटी रकम कमाने के चक्कर मे जमीन किसी ऐसे ब्यक्ति को भाड़े पर दे दिया,जो भाड़े परआदमी रख कर मुर्गा मछली कि कि दुकान चलवाता है।इस निर्माण के हो जाने से चौराहे से गाड़ी मुडने मे आये दिन दिक्कत होरही है। आये दिन जाम कि स्थित बनी रहती है। जिससे चौराहे के लोग काफी आक्रोश मे है।

नाम न छापने कि शर्त पर एक ब्यक्ति ने बताया,कि पक्के हौज के निर्माण कि जानकारी होने पर पुरे चौराहे पर लोगो मे तनाव का माहौल बना हुआ है।और लोग सरकार और शाशन प्रशासन को कोस रहे है।इस सम्बन्ध मे जब उप जिलाधिकारी सहजनवा से जब बात हुई तो उन्होने जांच करा कर कारवाई करने को कहा है।

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर सप्ताह भर चलेगा हनुमान चालीसा का पाठ

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** भगवान श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूरे होने पर एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। पिछले वर्ष 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में स्थापित मंदिर में रामलला विराजमान हुए थे। भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर उरई मार्ग स्थिति श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर परिसर में 22 जनवरी से सवा लाख श्रीहनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन होने जा रहा है। मंदिर परिसर में भक्त पहुंचकर अपनी इच्छानुसार श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करके सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ में अपना सहयोग करेंगे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पट्टी खुर्द विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 — दिनांक 12/01/2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पट्टी खुर्द द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13/01/2025 से 19/01/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 19/01/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | प्रेमसिंह पाल के घर से ब्रजकिशोर के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 4.60 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (प्रवीन कुमार) — ग्रा0पं0 पट्टी खुर्द, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद — सचिव (संजय सक्सेना)


## विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के विरोध में विशाल जनसभा आयोजित

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

संगठन भवन, गोरखपुर में विद्युत मजदूर संगठन एवं विद्युत संविदा मजदूर संगठन की ओर से प्रभारी पुनीत राय के नेतृत्व में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा की अध्यक्षता विनोद श्रीवास्तव ने की एवं संचालन प्रमोद पांडे ने किया।

जनसभा में प्रदेश प्रभारी श्री पुनीत राय, विद्युत मजदूर संगठन के प्रदेश मंत्री राहुल कुमार, महामंत्री श्याम नारायण सिंह, गोरखपुर जिला अध्यक्ष अजय शाही, विद्युत संविदा मजदूर संगठन के प्रदेश मंत्री राजेश्वर सिंह, देवरिया जिला अध्यक्ष आनंद सिंह, खलीलाबाद से विजय नंदन प्रजापति, कुशीनगर से अशोक राय, विपिन




विश्वकर्मा, केदार गौतम, अशोक गौड़ीय, हरि ओम, अनूप राय एवं गोरखपुर के जिला अध्यक्ष धनंजय राजभर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण जनसभा में गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और खलीलाबाद जिलों के संगठन पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एकजुट होकर पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज किया। सभी ने मिलकर निजीकरण के विरोध में जनसंपर्क अभियान को और तेज करने का संकल्प लिया। प्रदेश प्रभारी श्री पुनीत राय ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों में घाटे की स्थिति प्रबंधन और इंजीनियरों की लापरवाही का नतीजा है। निजीकरण के नाम पर इन निगमों को निजी हाथों में सौंपना जनता, किसानों, नौजवानों और छोटे व्यापारियों के साथ बड़ा अन्याय होगा। इससे न केवल बिजली महंगी होगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी समाप्त हो जाएंगे। महामंत्री श्याम नारायण सिंह ने कहा कि सन 2000 के समझौते के अनुसार राज्य विद्युत परिषद का पुनर्गठन किया जाए, ताकि कर्मचारियों और उपभोक्ताओं दोनों के हित सुरक्षित रह सकें।

प्रदेश मंत्री राहुल कुमार ने कहा कि बिजली कोई राजशाही विलासिता की वस्तु नहीं, बल्कि आम आदमी की बुनियादी आवश्यकता है। निजीकरण के बाद बिजली महंगी हो जाएगी, जिससे किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों पर भारी बोझ पड़ेगा। निजी कंपनियों का उद्देश्य केवल मुनाफा कमाना है, आम उपभोक्ताओं की समस्याओं से उनका कोई सरोकार नहीं होगा। यह कदम रोजगार के अवसरों को भी समाप्त कर देगा। जिला अध्यक्ष अजय शाही ने स्पष्ट किया कि हम सरकार द्वारा लागू ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस योजना का लाभ आम जनता तक पहुंचाकर राजस्व वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी। इस जनसभा ने विद्युत निगमों के निजीकरण के खिलाफ एकजुटता और संघर्ष का स्पष्ट संदेश दिया। भारी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने निजीकरण का पुरजोर विरोध करते हुए अपने संकल्प को दोहराया।


**कार्यालय-नगर पंचायत-खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः-298/न0पं0खिम/ई0नि0सू0/2024-25 — दिनांक 10/01/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य एवं बाजार का विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य एवं विद्यालय का कायाकल्प कार्य हेतु शासनादेश संख्या-169/2024/640/मु0मं0न0 सृ0यो0/9-2-2024-ई0-1874568 नगर विकास अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 28 दिसम्बर 2024 द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की कुल धनराशि मु0रू0 365.72 लाख एवं पेयजल व्यवस्था योजना के अन्तर्गत ट्यूबेल अधिष्ठापन 15 एच0पी0 सहित पम्प हाउस तथा फिटिंग कार्य एवं विभिन्न वार्डो में 1 एच0पी0 मिनी नलकूप समरसेबिल अधिष्ठापन कार्य हेतु शासनादेश संख्या-557/2024/नौ-5-2024/001-Com.No-1882074 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 28 दिसम्बर 2024 द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की कुल धनराशि मु0रू0 120.58 लाख एवं अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना के अन्तर्गत अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य हेतु शासनादेश संख्या-15/2024/5075/009-9-7099-164-2024 नगर विकास अनुभाग-7 लखनऊ दिनांक 26 दिसम्बर, 2024 द्वारा कुल प्राप्त धनराशि 28.79 लाख एवं आकांक्षी नगर योजना के अन्तर्गत अध्ययन केन्द्र (Study Center) के निर्माण कार्य हेतु शासनादेश संख्या-841665/2024/002-E-1748899 नगर विकास अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक 03 जनवरी, 2025 द्वारा कुल स्वीकृति धनराशि मु0रू0 37.05 लाख प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य कराये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2024-25 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 13.01.2025 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 28.01.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पंचायत खिमसेपुर द्वारा संचालित खाता संख्या-SB 041810210000036, JFS Code-BKID0ARYAGB आर्यावर्त बैंक खिमसेपुर में आर.टी.जी.एस./डी.डी. द्वारा जमा कर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस.सी. 05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिमसेपुर के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर दिनांक 28.01.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत खिनसेपुर जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा दिनांक 28.01.2025 को समय अपरान्ह 04:00 बजे समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in पर कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत खिमसेपुर में निहित है। विस्तृत शर्ते, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पं0खिम0/2024-25 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 13.01.2025 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bids | 28.01.2025 12:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 28.01.2025 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive Officer Nagar Panchayat Khimsepur, Farrukhabad |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत खिमसेपुर**
**फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खिमसेपुर**
**फर्रुखाबाद।**

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

▸ राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हुआ आयोजन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर व क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें नगर के एक विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया और वक्ताओं ने उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।

रविवार को नगर के मोहल्ला अफ्सरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। जिसमें मौजूद लोगों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य नवनीत सिंह ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आचरण व आदर्शो को जीवन में उतारना कर उसका अनुशरण करने का संकल्प लेना चाहिए।

विवेकानन्द ने विश्व में धर्म व विज्ञान पर नई ज्योति जलाई थी। उनके आदर्शो को आज भी विश्व में एक मार्गदर्शक के रूप में देखा जाता है। वक्ताओं ने उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बृजेश कौशल, रामू गुप्ता, शैलेश गुप्ता, करतार सिंह, रविकांत श्रीकांत और सिद्धार्थ गुप्ता आदि मौजूद रहे।



स्वामी विवेकानंद को नमन करते लोग।

# रेडियोलॉजिस्ट के बिना अल्ट्रासाउंड, पीएनडीटी मानकों की जमकर उड़ रही धज्जियां

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य विभाग व जिम्मेदारों के संरक्षण में शहर के कई अल्ट्रासाउंड सेंट्रे पर पीसी पीएन डीटी के अंतर्गत सरकार द्वारा तय किया गए मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है पंजीकृत रेडियोलॉजिस्ट सोनोलॉजिस्ट की जगह अवैध रूप से दूसरे लोगों द्वारा मरीजों के फर्जी अल्ट्रासाउंड किए जा रहे है ग्रामीण क्षेत्रों में भी आशा बहुओ झोलाछाप डॅक्टर अवैध अस्पतालों के सहारे मरीजों को सेंटर तक लाया जाता है जिसमें असवाब डॉक्टर के साथ-साथ केंद्र संचालक का भी कमीशन जुड़ा होता है सरकारी अस्पतालो समुदाय स्वास्थ्य केदो की कु व्यवस्था के चलते मरीजों को भी प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों द्वारा शोषित होने को मजबूर होना पड़ता है स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण और पीसीपीएनटी डी के नोडल अधिकारी के शीतल पर्यवेक्षक भी गए चलते ऐसे अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों के हौसले बुलंद है और वह पीएनडी की मानकों की चमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं।

शहर के गली मोहल्ले से जुड़ हुआ कई मामले अल्ट्रासाउंड सेंटर पर नियुक्त पंजीकृत रेडियोलॉजिस्ट सोनोलॉजिस्ट की गैर मौजूदगी में एक अन्य व्यक्ति के द्वारा धड़ल्ले से अल्ट्रासाउंड किया जा रहा है रिपोर्ट पर जिस डॉक्टर का नाम लिखा है उसकी जगह दूसरा व्यक्ति रिपोर्ट बनाकर उनके फर्जी हस्ताक्षर करके दे रहा है पूरे सेंटर में एक भी महिला डॉक्टर स्वास्थ्य कर्मी नहीं है जिससे यूं एसजी रूम में महिला मरीजों को अल्ट्रासाउंड करने वाले व्यक्ति के सामने काफी असहजता का सामना करना पड़ता है कई बार जब स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारी जांच करने के लिए आते हैं तो लोकल के स्वास्थ्य कर्मी के कर्मचारी पहले से ही अल्ट्रासाउंड सेंटरों को अवगत करा देते हैं कि जिले से आला अधिकारी आ रहे हैं आप लोग अपने सेंट्रो पर ताला लगाकर थोड़ी देर के लिए है जो क्योंकि स्वास्थ्य कर्मी अपनी महीना बंदी की वसूली के चक्कर में गरीबों के खून कस रहे हैं और उनकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

# व्यापार मंडल के अनुराग गुप्ता फिर बने नगर अध्यक्ष

▸ व्यापार मंडल की बैठक में नगर कार्यकारिणी का गठन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते व्यापारी नेता।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए नगर की कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यापारियों के हित में कार्य करने की बात कही गई।

रविवार को नगर के पूर्वी रेलवे क्रासिंग स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राम जी अग्रवाल के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर इकाई का गठन किया गया। इसमें नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता को बनाया गया। राकेश कौशल, अजीत वर्मा को महामंत्री, अभिषेक अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, सिद्धार्थ गुप्ता को प्रवक्ता, नसीर अहमद, सुशील राठौर, दयाशंकर कटियार, अंकित गुप्ता, दीपक गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। जबकि गौरव अग्रवाल, कंचन गुप्ता, कयूम खान, केके राजपूत को उपाध्यक्ष, भैयालाल दुबे, भूरा कठेरिया, टिंकू बाथम, आनंद यादव, मनोज गुप्ता को मंत्री, संजीव गुप्ता टीटू को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। जबकि सत्येंद्र गुप्ता को लेखा निरीक्षक व कई लोगों को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी पदाधिकारी व्यापारियों के हित को लेकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रांतीय संयुक्त महामंत्री सुशील दुबे, जिला संयुक्त महामंत्री संजीव गुप्ता, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, अग्निराज चौरसिया, विनय वर्मा, रामकुमार पाठक, यति स्वरूप सक्सेना सहित व्यापारी मौजूद रहे।

# युवाओं को प्रेरित करते रहेंगे विवेकानंद के विचार




कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व छात्र- छात्राएं।

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

युवा वर्ग सही मार्ग से न भटके, इसके लिए युवा शक्ति को जागृत कर उसे देश के प्रति कर्तव्यों का बोध कराती है। सही दिशा में प्ररित एवं प्रोत्साहित करना और उचित मार्गदर्शन बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगिकता बहुत बढ़ जाती है। यह बात प्राचार्य डॉ. हरिओम प्रजापति ने कही।

गुगरापुर क्षेत्र के संयोगिता मार्ग स्थित अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। समस्त स्टाफ़ एवं छात्र- छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**छिबरामऊ।** कन्नौज बनवारी नगर स्थित उड़ान संस्कारशाला में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जन्म जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। विदेशी धरती पर भारत के ज्ञान का डंका बजाने वाले स्वामी विवेकानंद के जीवन वृत्त एवं सिद्धांतो से जुड़ी अभिव्यक्ति को बच्चों के द्वारा नृत्य नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संचालक गौरव त्रिपाठी अमर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद पश्चिमी दर्शन सहित विभिन्न विषयों के ज्ञाता होने के साथ–साथ बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। विवेकानंद नाम का अर्थ है ज्ञान में आनंद लेना, इसलिए उन्हें हर विषय सहज कंठस्थ हो जाता था उन्होंने प्रेरणादायक नारे उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए के माध्यम से बच्चों को एकाग्रता की शपथ दिलाई। अतिथि शिक्षक अरुणेश चतुर्वेदी ने बताया कि विवेकानंद भारत के पहले हिंदू सन्यासी थे, जिन्होंने हिंदू धर्म और सनातन धर्म का संदेश विश्व भर में फैलाया, उनका असली नाम नरेंद्र देव था। उन्होंने रामकृष्ण मठ, रामकृष्ण मिशन और वेदांत सोसाइटी की नींव रखी। मेंटोर सतेंद्र राठौर के दिशा निर्देशन में अभिजीत, आध्या, सूर्यांश, आर्यन, आशुतोष, कुणाल ने उत्तिष्ठत, जाग्रत, प्राप्य वरान्निबोधत... नारे पर प्रस्तुति दी। इस मौके पर गुड्डू, विकास, शीलू, शरद, शिवानी, बुलबुल, शालिनी, रागिनी, शीतल, राजीव, राहुल, प्रीति, पंकज ने स्वामी विवेकानंद की जीवन पर विचार व्यक्त किये।

# एएसपी ने की मकरसंक्रांति पर्व की समीक्षा

▸ एएसपी ने समय से सभी तैयारियां पूर्ण करने के दिये निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मकर संक्रांति पर्व पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर स्मृति मिश्रा, जिला पंचायत अधिकारी और ग्राम प्रधान मेंहदीघाट सहित अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा मेंहदीघाट पर आगामी मकर संक्रांति पर्व को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, गोताखोरों की तैनाती, बैरियर और यातायात डाइवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से संबंधित विभागों को समय से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।



एएसपी अजय कुमार अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई विवेकानंद की जयंती

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन नेरा स्थित जनता आदर्श इंटर में किया गया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के चित्र पर विद्यालय स्टाफ़ और छात्र– छात्राओं ने पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक पंकज यादव रहे। प्रबंधक पंकज यादव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय व युवाओं के उद्देश्यों व कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात उपस्थित विद्यार्थियों ने भी अपने स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं कार्यों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को कैप, पेन एवं डायरी उपहार स्वरूप वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी राजेंद्र कुमार ने किया। इस दौरान अध्यापिका तृप्ति सिंह, उपासना, श्रद्धा पांडे सहित आदि रहे।

## खबरें एक नजर में

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला अज्ञात युवक का शव

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज, संवाददाता।** ठठिया थाना क्षेत्र के टिकौरियनपुर्वा गांव के निकट झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास पुलिस कर रही है। टिकौरियनपुर्वा गांव के ग्रामीणों ने रविवार की सुबह 08 बजे के करीब झाड़ियों में एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा, तो ठठिया पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। आसपास के ग्रामीणों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शिनाख्त न हो पाने पर शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि गांव के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी जा रही है। शव की शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचना देकर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्लीपर बस चालक की मौत

▸ एक्सप्रेस-वे के कन्नौज कट के निकट रविवार की सुबह हुआ हादसा

▸ गुजरात से गोरखपुर जा रही थी स्लीपर बस

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर रविवार की सुबह सड़क के किनारे लघुशंका कर रहे एक स्लीपर बस के चालक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। मेडिकल कॉलेज में चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। गुजरात प्रान्त के भारूल जनपद के आदिवासी फलापू शुक्ला गांव निवासी अजय भाई (30) पुत्र ठाकुर भाई अपने दो अन्य साथियों के साथ एक स्लीपर बस लेकर गुजरात से गोरखपुर जा रहे थे। रविवार की सुबह 08 बजे के करीब जब उनकी बस एक्सप्रेस–वे के कन्नौज कट के निकट पहुंची, तो चालक ने बस को साइड में लगा दिया। बाद में चालक नीचे उतरकर सड़क किनारे लघुशंका करने लगा। इसी दौरान आगरा से लखनऊ की ओर जा रही एक तेज रफ्तार वाहन ने उसको टक्कर मार दी। टक्कर लगने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे को देख बस के परिचालक व एक अन्य युवक ने चालक को लाकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर तिर्वा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### विधायक ने वृद्धजनों को शीत लहर में बांटे कम्बल

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत ईटों में ग्राम प्रधान द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुये अपने ग्राम की सम्मानित जनता के प्रति उदारता दिखाई है। एक भव्य समारोह में ग्राम प्रधान बृजेश कुमार प्रजापति द्वारा ग्राम के वृद्धजनों को कंबल पुरुषों को पैंट शर्ट ग्राम पंचायत सदस्य तथा अतिथि जनों को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मूलचंद निरंजन ने ग्राम प्रधान की सराहना करते हुए कहा कि गरीबों के प्रति ग्राम प्रधान का काम सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रजापति समाज के राष्ट्रीय सचिव कालूराम प्रजापति ने कहा ग्राम प्रधान द्वारा आज इतने जन समुदाय के बीच जो परोपकार की भावना से कार्य किया है वह कार्य शायद ही किसी ग्राम पंचायत में हुआ हो उनकी यह उदारवादी प्रवृत्ति की सराहना करना कम ही होगा। कार्यक्रम में पूरे गांव के बुजुर्गों महिलाओं को अंग वस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया है।

# पुरातन छात्रों ने अपने अनुभव साक्षा कर किया प्रेरित

▸ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर आयोजित हुआ युवा महोत्सव एवं पुरातन छात्र सम्मेलन

**समृद्धि न्यूज, संवाददाता।**

**तिर्वा।** कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पुरातन छात्रों ने अपने सस्मरण सुनाकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया।




पुरातन छात्र सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व छात्र पवन द्विवेदी।

कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रदीप गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल मिश्रा व मुख्य अतिथि के रूप में आए विद्या भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य यतेन्द्र ने स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण किया। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप पृज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत कराई। प्रबंधक मुख्य अतिथि व विभाग प्रचारक सर्वेश कुमार को शॉल पहनाकर सरस्वती की प्रतिमा भेंट की। पुरातन छात्र सम्मेलन में बर्ष 1990 से लेकर बर्ष 2023 तक के पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया। जिसमें पुरातन छात्रों ने कॉलेज के समय के अपने सस्मरण सुनाकर मौजूद छात्रों को प्रेरित किया। इनमें पुरातन छात्र अंशुल गुप्ता, शिवम गुप्ता, शिखर ओमर, अनुराग शुक्ला, पवन द्विवेदी, सुयश पाण्डेय, अंजली ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि यतेन्द्र ने कहा कि पुरातन छात्र सम्मलेन का उद्देश्य सभी का एक-दूसरे के प्रति सम्मान व विश्वास की भावना बढ़ाना है। अलग-अलग बैच के पुरातन छात्र जब आपस में मिलते है, तो यह एक सुखद संयोग होता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के बरिष्ठ आचार्य वीरेश ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया।

# अवैध गांजा व शराब के साथ दो गिरफ्तार

▸ पुलिस ने 10 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा व 16 पउआ देशी शराब के साथ पकड़ा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

अवैध गांजा और शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

छिबरामऊ थाना क्षेत्र के कनक गेस्ट हाउस पश्चिम बाईपास के पास प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में हीरेन्द्र प्रताप पुत्र अरविन्द सिंह निवासी रतनपुर कालोनी थाना पनकी कानपुर नगर और सुरेश कुमार पुत्र स्व. रामपाल निवासी केशा चौराहा लेवर मण्डी रतनपुर थाना पनकी कानपुर नगर को गिरफ्तार किया।




हिरासत में आरोपी

पुलिस ने हीरेन्द्र प्रताप के कब्जे से 10 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा व सुरेश कुमार के कब्जे से 16 पउआ देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। बरामदगी के संबंध में अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना छिबरामऊ पर अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# कैंप में युवाओं को दी डिजिटल फ्रॉड की जानकारी

▸ वित्तीय साक्षरता मिशन के तहत लगाया कैंप

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

वित्तीय साक्षरता मिशन के तहत बैंक से संबंधित जानकारी युवक व युवतियों को दी गई। जिसके तहत ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया और उन्हें डिजिटल लेनदेन के दौरान सावधानी बरतने की जानकारी दी गई।

रविवार को आरोह फाउण्डेशन के फाइनेंशियल काउंसलर सूरज सविता ने सराय प्रयाग मिश्रापुर के चौधरी जयवीर सिंह शिक्षण संस्थान में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वित्तीय साक्षरता मिशन के माध्यम से रिजर्व बैंक आफ इंडिया नाबार्ड तथा आप फाउंडेशन के द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय साक्षरता मिशन के तहत युवाओं को बैंक से संबंधित जानकारी दी गई। ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में जैसे डिजिटल किडनैपिंग, डिजिटल अरेस्टिंग, डिजिटल डिपॉजिट, मनी स्कैन, डिवाइस, फिंगरप्रिंट इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान प्रबंधक प्रशांत सिंह, राहुल भदौरिया, अगम कुमार, संजीव मोहन शर्मा, दीपक कुमार, आशीष कुमार, सौरभ सिंह आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्राति को लेकर पुलिस ने जारी किया रूट डायवर्जन प्लान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मकर संक्राति के अवसर पर मेहंदी घाट में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात पुलिस ने वाहनों के आवागमन के लिए वाह्य और अंतर जनपदीय रुट डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह डायवर्जन 13 जनवरी को समय रात्रि 09:00 बजे से 14 जनवरी समय रात्रि 09:00 बजे तक लागू रहेगा।

**यातायात रुट ड्राइवर्जन इस प्रकार है:-** जनपद औरैया की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को बेला से रसूलाबाद होते हुए बिल्हौर से हरदोई की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।

हरदोई की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को बिलग्राम से बिल्हौर के लिए। और मल्लावां से बिल्हौर के लिए डायवर्ट किया जाएगा। जो बिल्हौर होते हुए कानपुर या कन्नौज या औरैया की तरफ जा सकेंगे।

छिबरामऊ गुरसहायगंज से हरदोई की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को बिल्हौर होकर बिलग्राम के रास्ते से हरदोई की तरफ जा सकेंगे।

कन्नौज से हरदोई की तरफ जाने वाले वाहनों को हरदोई मोड़ से बिल्हौर की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। जो बिल्हौर से बिलग्राम होते हुए हरदोई की तरफ जा सकेंगे।

औरैया इटावा मैनपुरी की तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं की बसों के लिए मंडी समिति के पास ब्रिज के नीचे पार्किंग व्यवस्था की गई है। कानपुर अलीगढ़ जीटी रोड हाईवे पर बसें नहीं




खड़ी हो सकेंगी। हरदोई मोड़ से श्रद्धालुओं के लिए ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा की सवारी नील कोठी पार्किंग स्थल तक मिल सकेगी। नील कोठी पार्किंग के आगे किसी प्रकार के वाहनों को जाने नहीं दिया जाएगा।

मानीमऊ क्रॉसिंग के सामने मानीमऊ पुलिस चौकी रोड की तरफ किसी प्रकार के वाहन नहीं जा सकेंगे। क्योंकि आयशा पेट्रोल पंप के पास से मानीमऊ रोड पर श्रद्धालुओं के वाहनों की वापसी होगी।

कन्नौज शहर की तरफ से बिलग्राम मल्लावां हरदोई की ओर रोडवेज बसों का पूर्ण रूप से प्रवेश वर्जित रहेगा। इसी प्रकार हरदोई बिलग्राम मल्लावां की तरफ से कन्नौज शहर की तरफ कोई रोडवेज बस नहीं आ सकेंगी।

हरदोई बिलग्राम की तरफ से या मल्लावां की तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को बख्शीपुर तिराहे के पास पार्किंग व्यवस्था की गई है। और उसके आगे संजय मावा के सामने पार्किंग व्यवस्था की गई है। यहां से आगे मेहंदी घाट पुल की तरफ कोई वाहन नहीं जा सकेंगे। आयशा पेट्रोल पंप के पास छोटे वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था की गई है। यहां से आगे वाहन नहीं जा सकेंगे।

# नायब तहसीलदार को रोमई मुस्तकिल गौशाला में व्यवस्थाएं मिली दुरुस्त

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत रोमई मुस्तकिल गौशाला का नायब तहसीलदार सत्येंद्र कुमार साथ में लेखपाल अजय कुमार गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। तभी मौके पर ग्राम प्रधान विनोद कुमार राठौर गौशाला पर ही पर मौजूद मिले। गौशाला में शीत कालीन ऋतु के चलते गोवंशों के लिए छाया की व्यवस्था टीन शैट एवं अलाव व पानी के हौद तथा भूसा चारा की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई।



गौशाला का निरीक्षण करते नायब तहसीलदार

इसके अलावा निरीक्षण के दौरान गौशाला में मौजूद गोवंशों की अलाव की व्यवस्था भी की गई है जिसमें गोवशों की संख्या लगभग 115 मिली जो मौके पर मौजूद पाए गए तथा सभी गौवंश स्वस्थ मिले। गौशाला के गोवंशों के लिए चारा काटने वाली मशीन तथा कटा हुआ चारा एवं हरा चारा भी मौके पर उपलब्ध मिला। भूसा घर में भूसा भी पर्याप्त मात्रा में रखा हुआ हैं। गौशाला में मौके पर गोपालक दीपक व संदीप भी अपनी जिम्मेदारी से गोवंशों की देखभाल करते हुए मौके पर मिले। जिसे देखकर नायब तहसीलदार ने ग्राम प्रधान के द्वारा गौशाला का सुचार रूप से गोवंशों की देखरेख में अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुए संचालन किए जाने पर प्रधान की सराहना की और उन्होंने कहा इसी प्रकार से प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अपने अपने गौशाला में गोवंशों की देखरेख के दायित्वों का निर्वाहन ग्राम प्रधानों द्वारा करना चाहिए।

# शटरिंग दुर्घटना स्थल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार तथा रेलवे एन0डी0आर0एफ0 के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन, कन्नौज के निर्माणाधीन नवीन भवन के लेंटर की ढही शटरिंग दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिला एवं पुलिस प्रशासन तथा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ टीम द्वारा राहत एवं बचाव कार्य कुशलतापूर्वक संपन्न कराते हुए फंसे हुए सभी श्रमिकों को बाहर निकाला गया है। एवं राहत कार्य पूर्ण किये जाने के उपरान्त अभी तक कोई भी जनहानि नहीं हुयी है। इस दुर्घटना में घायल हुये व्यक्तियों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहाँ आंशिक रूप से घायल व्यक्तियों का उपचार किया गया एवं गम्भीर रूप से व्यक्तियों को उच्च चिकित्सा केन्द्रों के लिए रेफर किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि रेलवे विभाग द्वारा अस्पताल में भर्ती गम्भीर रूप से घायल व्यक्तियों को रू0 2.50 लाख एवं आंशिक रूप से घायल व्यक्तियों को रु. 50000 प्रति व्यक्ति की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, उप जिला मजिस्टेट सदर आईएएस स्मृति मिश्रा सहित संबंधित अधिकारीगण रहे।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण

# पीडीए की जन चौपाल में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा

- आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जायें : डॉ. जितेंद्र सिंह यादव
- लजीज दाल बाटी का कार्यकर्ताओं ने जमकर उठाया लुत्फ



चर्चा करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव



दाल बाटी का आनन्द लेते कार्यकर्ता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी की मजबूती तथा विधानसभा चुनाव पर चर्चा की गयी।

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के ग्राम सिरौली में संजीव यादव के आवास पर रविवार को पीडीए जन चौपाल व दाल बाटी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बुजुर्गों, युवा साथियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने पार्टी की मजबूती तथा आगामी विधानसभा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में अभी से कार्यकर्ता पूरी दमदारी से जुट जायें और सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचायें।

भाजपा की हकीकत जनता इतने वर्षों में जनता जान चुकी है। अब वह भाजपा के बहकावे में आने वाली नहीं है। जितने भी विकास कार्य व भर्तियां हुईं वह सब सपा की देन है। भाजपा ने सिर्फ चंद राशन का लालच देकर जनता को गुमराह करने का काम किया है। इस बार जनता भाजपा की बातों में आने वाली नहीं है। मौजूद लोगों का उन्होंने धन्यवाद व्यक्त किया और उन्होंने सर्दी के मौसम में अपना कीमती समय दिया। दौरान डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने कई बुजुर्गों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं किसान यूनियन के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने फसलों को लेकर डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव को अपना दुख दर्द बताया। किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अजय कटियार तथा किसान यूनियन टिकेत गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, प्रभाकांत मिश्रा, छविनाथ सिंह आदि नेताओं ने अपनी फसलों के सही रेट ना मिलने के बारे में विचार किरया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भोला यादव, संजीव यादव, धीरज मिश्रा, रामबरन यादव, अजमेर सिंह, फौजी हरिनंदन सिंह, दीपू यादव, नाहर सिंह यादव, रामपाल यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सुरेश यादव, रिशिपाल यादव, अरविंद शाक्य, प्रवीण कुमार, अनिल कुमार, अजय यादव, रफीपाल यादव, फैजान खान एडवोकेट, विजय सिंह ठाकुर, विमलेश कश्यप, जलालुद्दीन सहित हरिनंदन सिंह फौजी सहित एक सैकड़ा से अधिक लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने मेले की परखी सुरक्षा व्यवस्था



मेला रामनगरिया का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिनी कुंभ (मेला रामनगरिया) का आज उद्घाटन होना है। इससे पूर्व रविवार को अपराह्न पुलिस अधीक्षक ने मेले का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था देखी। उन्होंने मेला प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

जानकारी के अनुसार रविवार को अपराह्न पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने अपने हमराहियों के साथ मेला रामनगरिया पहुंचे। जहां उन्होंने बनी चौकियों को देखा तथा वहां तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिये कि मेले की सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी डियूटी का निर्वहन करे। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने मेले में घूमकर सुरक्षा व्यवस्था परखी। बताते चलें कि मेले में चार जिलों की पुलिस तैनात की गयी है। जिसमें औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज तथा स्थानीय जिले की पुलिस शामिल है। निरीक्षण करने के दौरान थानाध्यक्ष कादरीगेट आमोद कुमार, मेला रामनगरिया प्रभारी संजय कुमार राय, कन्नौज से रजनेश यादव, पांचाल घाट चौकी इंचार्ज मोहित मिश्रा समेत आधा दर्जन पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### मेले में शराब पीकर डियूटी करता मिला कानपुर देहात का सिपाही



शराब पीकर मेले में घूम रहा सिपाही अजय यादव

एक तरफ जब पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी मेले का निरीक्षण कर रहे थे, तो दूसरी तरफ कानपुर देहात का सिपाही अजय यादव डियूटी के दौरान शराब के नशे में धुत होकर मेले में घूम रहा था। जो लड़खड़ाकर चल रहा था। सिपाही को इस हालत में देख कई लोग उसकी तरफ देखकर कहने लगे कि जब यह स्वयं की सुरक्षा नहीं कर सकते, तो मेले में तैनात कल्पवासियों व साधु संतों की सुरक्षा क्या कर पायेंगे। हालांकि कुछ लोगों ने इस शिकायत पुलिस कप्तान से भी की, लेकिन उन्होंने कोई तवज्जो नहीं दी। कुछ लोगों ने कादरीगेट थानाध्यक्ष आमोद कुमार से भी शिकायत की, तो उन्होंने भी पल्ला झाड़ लिया और बात को नजरंदाज कर दिया। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि एक जिम्मेदार पुलिसकर्मी जब रामनगरिया में ऐसे ही अपनी डियूटी का निर्वहन करेंगे, तो जनता के बीच पुलिस की छवि धूमिल होने से कौन रोक सकेगा।

## श्री कोतवालेश्वर हनुमानजी सेवा ट्रस्ट ने गरीबों को वितरित किये गर्म वस्त्र



वस्त्र वितरित करते संस्था के पदाधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

श्री कोतवालेश्वर हनुमानजी सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में आज एक बार पुनः कपड़ा वितरण कार्यक्रम श्री वीरेंद्र सिंह गंगवार के भट्टे पर किया गया। जिसकी अध्यक्षता अशोक गंगवार व संचालन जितेन्द्र रस्तोगी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों मजदूर, बच्चे, महिला, पुरुष तथा जरूरतमंदों को गर्म कपड़े जाकेट, स्वेटर, कोटी, पेन्ट शर्ट, जूता चप्पल व बिस्कुट, पापे आदि वितरित किये गये। जिन्हें पाकर गरीब तबके के लोग खुशी से फूले नहीं समाये। जितेन्द्र रस्तोगी व संगम शाक्य ने बताया कि इस तरह की कार्यक्रम लगातार आगे भी जारी रहेंगे। साथ ही उन्होंने अन्य लोगों से भी इसी प्रकार गरीबों की मदद करने का आह्वान किया। बताते चलें कि सर्दी का मौसम है। ऐसे में गरीब तबके के लोग महंगा गर्म कपड़े नहीं खरीद सकते हैं। ऐसे में यदि कोई समाजसेवी व्यक्ति या संस्था उनकी मदद को आगे आती है, तो इससे बड़े पुण्य का कोई दूसरा कार्य नहीं हो सकता है। इस मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष जितेन्द्र रस्तोगी, कोषाध्यक्ष अशोक गंगवार, सचिव संगम शाक्य, आशू चतुर्वेदी, बबलू राठौर, विकास श्रीवास्तव, सत्यम कोहली, सुलेखा चतुर्वेदी, किरन शर्मा, इशिका रस्तोगी, शुभी रस्तोगी, पंकज मिश्रा, मोहित आदि ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री कोतवालेश्वर हनुमानजी सेवा ट्रस्ट द्वारा चल रही सेवाओं की नगरवासियों के द्वारा बहुत ही सराहना की जा रही है।

# विजय गुप्ता ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

- बेहतर स्वास्थ्य हेतु खेल जरूरी-विजय गुप्ता



टूर्नामेंट का उद्घाटन करते पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रोशनाबाद में आयोजित हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का शमसाबाद नगर के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय गुप्ता ने उद्घाटन किया।

इस दौरान टूर्नामेंट आयोजक विश्व प्रकाश चतुर्वेदी एडवोकेट व यादवेंद्र सिंह गंगवार एडवोकेट ने मुख्य अतिथि विजय गुप्ता को तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया। जिसके बाद पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उदघाटन करने के बाद विजय गुप्ता ने उद्घाटन मैच खेलने आई दुर्गा नगला व नरसिंहपुर की टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेल भावना के साथ खेलों का आनंद लेते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों से इंसान का शरीर स्वस्थ व सुन्दर बना रहता है। विजय गुप्ता के साथ आए भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामलखन राजपूत ने भी खेलों के प्रति रुचि रखने वाले युवाओं का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने जीवन में खेलों को अवश्य समय देना चाहिए। जिससे तन और मन दोनों स्वस्थ्य रहेंगे। पहले दिन नरसिंहपुर की टीम ने दुर्गा नगला की टीम को 18 रनों से पराजित कर पहला मैच जीता। नरसिंहपुर की तरफ से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी चंदू को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं टूर्नामेंट आयोजन कमेटी के अध्यक्ष विश्व प्रकाश चतुर्वेदी एडवोकेट ने सभी का आभार जताया। इस दौरान आयुष गुप्ता, अर्पित रावत, गौरव अग्निहोत्रीस, लक्ष्मी नारायण, रजनीश कुमार, शानू गंगवार, ऋषभ श्रीवास्तव, साबिर खान एडवोकेट, अखिलेश गंगवार, मानवेन्द्र उर्फ भल्लू, अटल चतुर्वेदी, शिवम चतुर्वेदी, छोटू गंगवार, सक्षम सहित सैकड़ों लोगों ने मैच का लुत्फ उठाया।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर टोचन प्रतियोगिता में आकाश राजपूत जीते

उपरोक्त प्रतियोगिता के दौरान कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से पुलिस की नाक के नीचे चल रही ट्रैक्टर टोचन प्रतियोगिता में किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद रोड पर डॉक्टर जाकिर हुसैन मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रांगण फील्ड में पुलिस की बगैर अनुमति ट्रैक्टर टोचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। जिसमें जनपद इटावा से आए आकाश राजपूत अपना सोनालिका 745 ट्रैक्टर, वहीं कस्बा नवाबगंज के गांव नगला हीरा सिंह निवासी शिवम राजपूत, राजू राजपूत का पावर ट्रैक 439 ट्रैक्टर से टोचन प्रतियोगिता हुई। जिसमें घंटे चली जद्दोजहद के बाद इटावा से आए आकाश राजपूत के सोनालिका 745 ट्रैक्टर ने अपनी जीत दर्ज कराई, लेकिन जैसे ही इसकी सूचना थाना पुलिस को मिली थाना पुलिस के दरोगा इंद्रजीत सिंह, कस्बा इंचार्ज गिरीश चंद्र, थाना अध्यक्ष विद्यासागर के निर्देशन में पुलिस बल के साथ मौके पर रवाना हुए। वहां मौजूद लोगों को पुलिस पहुंचने की सूचना मिली, वैसे ही लोग अपने-अपने ट्रैक्टर लेकर भाग गए और भीड़ को खेतों में दौड़ते देखा गया।

### लोधी राजपूत कल्याणसभा ने मनाया साक्षी महाराज का जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सांसद एवं अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्यान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी साक्षी महाराज का जनपद में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्यान महासभा की इकाई द्वारा जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सांसद मुकेश राजपूत के नेतृत्व में लोधी समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## महिला लापता, पति ने दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात परिजनों को बिना बताए शौचक्रिया के लिए गई विवाहिता घर से नगदी जेवरात लेकर फरार हो गयी। पति ने थाना पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव रावतपट्टी निवासी राजीव कुमार ने थाना पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि पीड़ित रात्रि करीब 8.30 बजे घर पर नहीं था, तभी परिजनों ने बताया कि उसकी पत्नी मोनिका देवी शौचक्रिया करने गयी थी। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता हुई। जिस पर परिजनों ने उसकी खाजबीन शुरु की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने रविवार को थाना पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी है।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर हुई परिचर्चा



परिचर्चा के दौरान मौजूद वक्तागण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

महान विचारक एवं कर्मयोगी स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सदवाड़ा कायमगंज में आयोजित परिचर्चा में वक्ताओं ने उन्हें विश्व संत बताया। प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि 1892 के शिकागो सर्वधर्म सम्मेलन में स्वामीजी ने वैदिक शून्यवाद पर व्याख्यान दिया। जिससे वैचारिक क्रांति का वातावरण बना।

उन्होंने मानव को अमृत पुत्र कहा। सोई हुई चेतना को जगाया। युवकों को फौलादी जिस्म और लौह इच्छा शक्ति से संपन्न होने की प्रेरणा दी और कहा कि आज हमें अग्नि धर्मा नौजवानों की जरूरत है। पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर ने कहा कि मात्र 39 साल के जीवन में स्वामीजी ने जो अलौकिक कार्य किये वे सदियों को प्रभावित करते रहेंगे। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा कि स्वामीजी ने सन्यास की परिभाषा बदल दी और अध्यात्म के सामाजिक आयाम को व्यावहारिक धरातल पर उतार दिया। प्रख्यात गीतकार पवन बाथम ने उनके बहुमुखी चमत्कारी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

पूर्व प्रवक्ता संत गोपाल पाठक ने कहा कि भारत के प्राण शक्ति राज सत्ता में अथवा कलात्मक उपलब्धियां में नहीं बल्कि अध्यात्म में रहती है। डॉ, सुनीत सिद्धार्थ ने कहा कि स्वामीजी का कहना था कि समाज सुधार और राजनीति की शिक्षा धर्म के माध्यम से ही संभव है और वह है मानव धर्म। गोष्ठी में जेपी दुबे, वीएस तिवारी, कहानीकार अंकुर मिश्रा और लाड़ले मोहन दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

## पॉलीथिन में बंद पड़ा मिला नवजात शिशु का शव

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अहमदगंज में पीपल के पास पन्नी में नवजात बच्चे का शव पड़ा मिला। जिसे देखने के लिए दर्जनों की संख्या में ग्रामीण पहुंच गये। ग्रामीणों ने गड्ढा खोदकर शव को गाड़ दिया।

जानकारी के अनुसार रविवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहमदगंज में एक पीपल के पेड़ के पास काली पॉलीथिन में एक नवजात बच्चे का शव पड़ा कुछ लोगों ने देखा। देखते ही देखते वहां पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गयी। हालांकि पॉलीथिन को कुत्तों ने फाड़ दिया था। जिससे बच्चे के हाथ पैर बाहर निकल आये थे, लेकिन कुत्तों ने उसे क्षतिग्रस्त नहीं कर पाया। वहीं कुछ ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थीं। तब थक हारकर ग्रामीणों ने शव को गड्ढा खोदकर शव को दफन करवा दिया। वहीं कुछ लोगों में चर्चा है कि किसी बिन ब्याही युवती ने लोकलाज के भय से बच्चे को जन्म देकर फेंक दिया होगा। सर्दी के चलते नवजात की मृत्यु हो गयी होगी।

# युवा स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में अपनाएं : सुशील शाक्य

- अमर ज्योति एसोसिएशन ने जयंती पर किया याद



संतों को कंबल वितरित करते विधायक सुशील शाक्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

युवा सन्यासी स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रविवार को समाजसेवी संस्था अमर ज्योति एसोसिएशन की ओर से भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पूर्व दीप प्रज्जवलन कर स्वामीजी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी ईश्वरदास ब्रह्मचारी ने की तथा संचालन शिवशरण मिश्रा ने किया।

रामकृष्ण विवेकानंद भाव प्रचार परिषद के सलाहकार एवं उ0प्र0 शासन के पूर्व विशेष सचिव सुखदराम पाण्डेय ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में बारीकी से विश्लेषण कर कहा कि स्वामी जी ने सतातन धर्म और संस्कृतिक को जीवंत रखने में अपना सारा जीवन व्यतीत कर दिया। लखनऊ से पधारे पूर्व भूगर्भ जल वैज्ञानिक हीरा सिंह, विशिष्ट अतिथि जयंत दीक्षित, मुख्य अतिथि विधायक सुशील शाक्य, रामजी बाजपेयी, स्वदेश त्रिवेदी ने भी सभा को संबोधित किया।

युवा दिवस पर युवाओं को स्वामीजी के विचारों को अपने जीवन में अपनाकर अपनी ऊर्जा समाज और राष्ट्रहित में लगायें। संत समाज एवं अन्य लोगों को मुख्य अतिथि विधायक सुशील शाक्य ने कंबल वितरित किये। अध्यक्षीय भाषण के बाद संस्था महासचिव ने मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि एवं आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से स्वामी मुकेशानंद महाराज, संस्था महासचिव प्रमोद तिवारी एडवोकेट, अखिलेशचंद्र दीक्षित, राकेश तिवारी, आलोक मिश्रा, आदेश तिवारी, मनोज दुबे, मनीष सिंह, अनिलेश मिश्रा, आशुतोष, आरपी पाण्डेय, अरविंद मिश्रा, हरेंद्र सिंह, पवन दीक्षित, संजू मिश्रा, महेंद्र पाठक, वीर बहादुर सिंह, सुभाषचंद्र, अरुण दुबे, विष्णू नारायण दीक्षित, ओम दुबे एडवोकेट, अनिल द्विवेदी, निर्दोष शुक्ला समेत सैकड़ों साधु संत मौजूद रहे।

## मद्य निषेध घोषित होने के बाद भी मेले में बिक रहा गुटखा



मेले में पान मसाला व गुटखा की बिक्री करता दुकानदार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी ने रामनगरिया मेले को मद्य निषेध क्षेत्र घोषित किया हुआ है। इसके बाद भी मेले में खुलेआम गुटखा व तम्बाकू की बिक्री की जा रही है। जो जिलाधिकारी के आदेश का उल्लंघन है।

जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने बीते दिनों आदेश जारी कर मेला रामनगरिया को मद्य निषेध क्षेत्र घोषित किया था, लेकिन जिलाधिकारी के इस आदेश का पालन होता नहीं दिख रहा है। रविवार को जब समृद्धि न्यूज के संवाददाता ने मेला रामनगरिया का निरीक्षण किया, तो उसे कई स्थानों पर गुटखा की बिक्री होती मिली। जब दुकानदार से पूछा गया कि मेला क्षेत्र में पान मसाला व गुटखा प्रतिबंधित है। इसकी बिक्री आप नहीं कर सकते हो, दुकानदार ने कहा कि हमसे दुकानों का किराया 7500/-रुपया लिया गया है। जिसमें हमको 10 फिट की दुकान दी गयी है। अगर हम पान मसाला, गुटखा व तम्बाकू की बिक्री नहीं करेंगे, तो हमारा दिया हुआ पैसा कैसे निकलेगा। उसने कहा कि मुझे डीएम के आदेश की कोई जानकारी नहीं है और न ही हमको अभी तक किसी ने पान मसाला, गुटखा आदि बक्री करने से रोका है। कुल मिलाकर मेले में जिलाधिकारी के आदेश का पालन नहीं हो रहा है।

## पांचाल घाट पुल की मरम्मत के नाम पर की गयी खानापूर्ति



पुल की मरम्मत का कार्य करते पीडब्लूडी के कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पुल जोड़ों पर क्षतिग्रस्त हो गया था तथा इसमें काफी दरारें पड़ गयी थीं। जिसको देखते हुए आज पुल की मरम्मत का कार्य किया गया। वहीं लोगों का कहना था कि पांचाल घाट पुल की मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की गयी है।

जानकारी के अनुसार मिनी कुम्भ के नाम से मशहूर मेला रामनगरिया का आज उद्घाटन होना है। जिसके चलते तैयारियां चाक चौबंद की जा रही हैं। मेला उद्घाटन के समय कोई खामी न रहे। इसको ध्यान में रखते हुए रविवार को पांचाल घाट पुल की मरम्मत का कार्य किया गया। बताते चलें कि बीते दिन एनएचएआई के अधिकारियों ने पुल का निरीक्षण किया था और शीघ्र ही पुल की मरम्मत कराने का भरोसा दिया था। पुल जोड़ों पर क्षतिग्रस्त हो गया था और उसमें काफी चौड़ी दरारें पड़ गयी थीं। जिससे चार वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। आज उन दरारों को भरने का काम पूरे दिन चलता रहा। हालांकि सीमेंट और मौरम से दरारों को भरकर सिर्फ खानापूर्ति की गयी। गिट्टी आदि का प्रयोग नहीं किया गया। जिससे कुछ दिन बाद ही सीमेंट मौरम पुनः उखड़ जायेगी। जबकि जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने कहा कि पुल की मरम्मत में कोई कोर कसर न छोड़ें। आज मेले का उद्घाटन है। इसलिए मेले में भी कोई भी अव्यवस्था न रहने पाये, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्यलवाही की जायेगी। बताते चलें कि रामनगरिया मेला पूरे सबाब पर है। कल्पवासियों व साधु संतों का आगमन हो चुका है। मेले में कोई अव्यवस्था न रहे, इसको लेकर शनिवार को पूरे दिन काम चलता रहा। मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित ने भी घूम-घूमकर मेले की तैयारियों का जायजा लिया।

## बैठक कर चलाया गया साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान

**अमतपुर, समृद्धि न्यूज।**

इन दिनों तकनीकी जमाने में जैसे-जैसे हम तकनीक से जुड़ रहे हैं वैसे वैसे ही साइबर ठगों की भी गिरफ्त में फंसते चले जा रहे हैं। साइबर अपराध करने व उससे बचने के लिए अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हूसा में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बैठक की गई। जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में सहायक अभियोजन अधिकारी अंकित सिंह ने लोगों को साइबर अपराध से बचने के लिए तरह-तरह के तरीके समझाये। साइबर विशेषज्ञ आशीष कुशवाहा ने लोगों से कहा कि आजकल सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें चलाने का ट्रेंड चल रहा है वह भी एक तरह का अपराध है। हम सभी को उससे बचना चाहिए। क्षेत्राधिकार अमृतपुर रविंद्र नाथ राय ने लोगों से कहा की थाना राजेपुर, अमृतपुर थाना क्षेत्र के कई ऐसे गांव हैं जिन गांवों के युवा आजकल साइबर अपराध की दुनिया में अपना कदम रखते चले जा रहे हैं जो कि हम आप और उनके घर वालों को मिलकर उन्हें रोकना होगा नहीं तो आने वाले समय में वह सब सलाखों के पीछे होंगे। उप जिलाधिकारी अमृतपुर अतुल कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया की तकनीक आज के समय में हमें सुविधा देने के साथ-साथ हमको अपनी गिरफ्त में करती चली जा रही है। आज के समय में लोगों के साथ कई तरीके का फ्रॉड हो रहा है यदि कोई आपको फोन करके आपसे ओटीपी पूछे या आपसे कहे कि आपका परिजन कोई पुलिस गिरफ्त में है तो उसकी बातों में ना आकर संबंधित थाने पर सूचना दें। साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने भी लोगों को साइबर अपराध करने व उससे बचने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जनपद में जो भी साइबर अपराधी है वह जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इस मौके पर थानाध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी, चौकी इंचार्ज विमल कुमार, प्रधान रामबरन सक्सेना, सुनील राठौर, श्याम मोहन मिश्रा आदि लोग मौके पर उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद ने संपूर्ण विश्व में सनातन संस्कृति का परचम लहराया : सीडीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था समवेत द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।

फतेहगढ़ स्थित ऑफिसर्स क्लब में आयोजित युवा गोष्ठी का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह, संस्थापक/अध्यक्ष भूपेन्द्र प्रताप सिंह, जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। युवा कवयित्री स्मृति अग्निहोत्री ने राष्ट्र वंदना प्रस्तुत की। राना हिजाब ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही जिले की प्रतिभाओं का भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने भावी परिचय एवं गतिविधियों से मुख्य विकास अधिकारी को रूबरू कराया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने जिले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग के लिए अपना मत रखा साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं ने जिला प्रशासन से सहयोग की मांग की। सीडीओ अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि विश्व सन्त स्वामी विवेकानंद हमारे संस्कारों में जीवित है, जब हमारा देश, हमारा धर्म, हमारी संस्कृति संकट में थी, तब स्वामी विवेकानंद ने भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में सनातन संस्कृति का परचम लहराया। देश की तरुणाई को त्याग और बलिदान की जरूरत होती है, जिससे हम देश और समाज के लिए कार्य कर सकें। जनपद की संस्कृति समृद्ध संस्कृति है, यह भूमि कला साहित्य की उर्वरा भूमि रही है यहां की प्रतिभाएं पूरे देश में शहर का नाम रोशन कर रहीं हैं। अगर महाकुम्भ प्रयागराज लोगों को अपनी तरफ आकृष्ट कर रहा है और मेला श्रीराम नगरिया भी लाखों लोगों की संस्था का केंद्र है, अगर काशी का महत्व बढ़ता है तो अपराकाशी फर्रुखाबाद का भी महत्व बढ़ जाता है। कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि हमारे जिले में अनमोल कलाकार है, इन नगीनों का जिला प्रशासन सहयोग कर उन्हें मंच प्रदान कर सहायता दे।

संचालन कर रहे संस्थापक अध्यक्ष भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने जिले के इतिहास पर गहराई से बात की और पर्यटन की दृष्टि से विकास की मांग की। इस मौके पर निरारिका पटेल, अरविंद दीक्षित, नवीन मिश्रा, अमित सक्सेना, अंजली चौहान, वैभव सोमवंशी, विशाल श्रीवास्तव, दिलीप कश्यप, डॉ0 नावेद अलीम, शैली दिवाकर, अतुल सिंह चौहान, आकिब अली, नीशु कटियार, अनिल सिंह, रोहित दीक्षित, आस्तिकों मिश्रा, यशस्वी दीक्षित, योगेश दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।



गोष्ठी में मौजूद लोग

# मानसिक एवं नेत्रहीन बच्चों को आईएमए ने बांटे गर्म कपड़े


गर्म कपड़े वितरित करते आईएमए के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आईएमए फाउंडेशन द्वारा देवी अहिल्यावाई एजुकेशन फाउंडेशन में मानसिक एवं नेत्रहीन विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस व गर्म कपड़े एवं मिठाई वितरित की गई। बच्चे गर्म कपड़े व स्वेटर पाकर खुश हुए और चेहरे खिल उठे। शहर में जरुरतमंद लोगों को ठंड से बचने के लिए गरीबों को कम्बल वितरित किये गये। इस अवसर पर आईएमए अध्यक्ष डा. विपुल अग्रवाल, सचिव डा. प्रशांत श्रीवास्तव, अनुराग अग्रवाल, डा. सतीश राजपूत, डा. सुरेश गुप्ता, डा. मुकुन्द अग्रवाल मौजूद रहे।

# हमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए : सचिन दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी विवेकानंद कॉलेज आफ नर्सिंग में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्वामी विवेकानंद जयंती पर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए कॉलेज के होनहार सभी विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने विवेकानंद पर आधारित भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक नाटय कार्यक्रम एवं पोस्टर के माध्यम से विवेकानंद को नमन किया। डायरेक्टर डा0 सचिन दुबे ने विवेकानंद को याद करते हुए कहा कि यह दिन युवा को समर्पित दिन है। आज हम सब यहां स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाने के लिए एकत्र हुए हैं। 12 जनवरी सिर्फ एक तारीख ही नहीं है बल्कि यह भारत के युवाओं के लिए एक प्रेरणा का दिन है। स्वामी विवेकानंद एक ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने न केवल भारत को बल्कि पूरी दुनिया को एक नई दिशा दिखाई। शिकागो में विश्व धर्म संसद में स्वामी का भाषण भारतीय संस्कृति का एक शानदार परिचय था। उन्होंने दुनिया को बताया कि भारत सिर्फएक देश नहीं है, बल्कि यह एक विचार है। उन्होंने दुनिया के सामने भारत की प्राचीन संस्कृति और दर्शन को रखा। आज जब हम स्वामी को याद करते हैं, तो हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। हमें देश सेवा के लिए आगे आना चाहिए। हमें शिक्षित होना चाहिए। अपने देश को आगे बढ़ाने में योगदान देना चाहिए। हमें स्वामी जी के बताए रास्ते पर चलकर भारत को एक महान राष्ट्र बनाना है। प्रबंधक अनुराग दुबे ने कहा कि आज हम युवा दिवस मना रहे हैं। यह हमारे लिए एक अवसर है कि हम स्वामी जी के सपनों को साकार करने के लिए काम करें। इस अवसर पर प्राचाय, शिक्षक व कर्मचारी तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।


पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेते नर्सिंग विद्यार्थी

# सपा कार्यालय पर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न


बैठक में मौजूद सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की मासिक बैठक आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष बिंदुओं पर चर्चा की गई, जैसे वोट बढ़ाना, पीडीए के लोगों को पार्टी से जोड़ना, 18 साल के दलित युवाओं और महिलाओं को पार्टी से जोड़ना, साथ ही चौपाल लगाना तय किया गया। शिवशंकर शर्मा ने कहा कि संगठन को मजबूत करें और गांव-गांव पार्टी की नीतियों का प्रचार करें। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित कठेरिया व संगठन प्रभारी रामपाल सिंह ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर महासचिव आजाद अनेश, राहुल कठेरिया, शेरा बाल्मीकि, रामदास कठेरिया, दिवाकर, कौशल माथुर, अंकित गौतम, राहुल कठेरिया, बबलू कठेरिया, मोहित यादव, जतिन कठेरिया, रवि यादव, श्याम सिंह, विकास यादव, कुलदीप बाथम, दुष्यंत जाटव आदि मौजूद रहे। यह जानकारी सह मीडिया प्रभारी रवि यादव ने दी है।

# सड़क सुरक्षा के तहत व्यापारियों ने बाइक सवारों को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को जिला भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा के द्वारा सड़क सुरक्षा के अंतर्गत फतेहगढ़ चौराहे पर यातायात अभियान चलाया गया। यातायात प्रभारी सतेंद्र सिंह का व्यापारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

यातायात को अनुशासन हित कार्य करके अपनी सेवा दे रहे युवा व्यापार मंडल ने आभार व्यक्त किया। साथ ही जो हेलमेट लगाकर चल रहे थे उनको फूल देकर सम्मानित किया और जो लोग बिना हेलमेट बाइक चला रहे थे उन्हें फूल देकर लज्जित किया कि जान है तो जहान है। अपना और अपने परिवार का ध्यान रखे। जिंदगी को जोखिम में न डाले और यातायात नियमों का पालन करें। युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल, युवा जिला महामंत्री प्रबल महेश्वरी, नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता, युवा नगर अध्यक्ष संदीप सक्सेना ने बाइक चला रहे लोगों को टीएसआई सतेन्द्र सिंह के साथ गुलाब का फूल देकर जागरुक किया। प्रबल महेश्वरी ने सभी से अनुरोध किया कि यातायात नियमों का पालन करें और जिम्मेदारियां निभाये और हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाये। कार चलाते समय अपनी साइड का ध्यान रखें और सीट बेल्ट अवश्य लगाये। यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि व्यापार मण्डल के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया, जो अच्छा है। इसी तरह समाज के लोग आगे आये। संदेश अग्रवाल व रविकांत गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किये। इस मौके पर अर्पण अग्रवाल, डॉ0 कुलदीप सिंह, राहुल पाल, राज रस्तोगी, शुभम राजपूत, यश मिश्रा, अमन बाथम, अजय गुप्ता, शिवम ठाकुर, शुभम राजपूत, राहुल कुमार, राहुल सिंह, रचित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


गुलाब का फूल भेंट करते व्यापारी व टीएसआई

# ऑनलाइन व्यापार के विरोध में व्यापारियों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन


सांसद मुकेश राजपूत को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के आवाह्न पर नगर उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में ऑन लाइन व्यापार के विरोध में प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सांसद मुकेश राजपूत को सौंपा। ऑनलाइन व्यापार होने से छोटे व्यापारी का व्यापार ठप्प है। छह सूत्रीय ज्ञापन में दर्शाया कि ई-कॉमर्स पर विक्रेताओं का अनिवार्य केवाईसी किया जाना चाहिए। वैद्य एमएसएमई की रक्षा करेगा और नियमों का अनुपालन करेगा। आयोजन और फिल्पकार्ड जैसी बड़ी ई-कॉमर्स दिग्गज कम्पनियों ने लगातार भारी वित्तीय घाटे की सूचना दी है। उच्च बिक्री मात्रा के बावजूद यह नुकसान इस बात का परिणाम है कि जहां एमएसएमई और पारम्परिक खुदरा विक्रेताओं सहित छोटे प्रतिस्पधियों को बाहर करने के लिए उत्पादों को अस्थिर दरों पर बेंचा जाता है। ई-कॉमर्स प्लेटफार्म थोक विक्रेताओं के रुप में कार्य नहीं करना चाहिए। छोटे खुदरा विक्रेताओं को नुकसान होता है। इस तरह कीमतों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते है। इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सदानन्द शुक्ला, नरेश पालीवाल, लालू कनोजिया, राजू गौतम, विक्की अग्रवाल, नगर अध्यक्ष हाजी मो0 इकलाख खान, नगर महामन्त्री राकेश सक्सेना, रामजी, लाल पाठक, राजन रॉय, जॉली राजपूत, सरदार जगदीप सिंह छाबड़ा, अंकुर श्रीवास्तव, सोनी शुक्ला, हेमलता मिश्रा, ठाकुर सर्वेन्द्र सिंह, आनन्द प्रकाश मुन्ना गुप्ता, बॉबी दुबे, आफताब अंसारी, राजू भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षिका पर जानलेवा हमला, गोली दरवाजे में लगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्मी स्कूल की शिक्षिका पर अज्ञात लोगों ने जान से मारने की नियत से गोली चलायी। इस दौरान वह अपनी सूझबूझ से बाल-बाल बच गयी और गोली दरवाजे में जा लगी। इस घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गयी। सूचना मिलते ही फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और जांच पड़ताल की। घटना के पीछे पुरानी रंजिश बतायी गयी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला लोको रोड अपर दुर्गा कालोनी निवासी वंदना तोमर जो कि आर्मी स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत होना बताया गया है। रविवार देर रात्रि अज्ञात लोगों ने जान से मारने की नियत से उन पर हमला बोल दिया। कोतवाली प्रभारी सत्यप्रकाश व चौकी कर्नलगंज प्रभारी बलवीर सिंह मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की, तो पता चला कि हमलावर ने जब गोली चलायी, तो शिक्षिका ने भागकर अपना गेट बंद कर लिया। जिससे गोली दरवाजे में जा घुसी। पुलिस को शिक्षिका वंदना तोमर ने बताया कि हमलावर आनन्द भदौरिया, सूरज ठाकुर निवासी रुनी चुरसई थाना जहानगंज, हाल निवासी पांचाल घाट थाना कादरीगेट के नाम शामिल हैं। इनसे पुत्र की पुरानी रंजिश चल रही है। तीन साल पूर्व इन लोगों से विवाद के चलते मेरा पुत्र अभिनव तोमर ३०७ आई.पी.सी. में जेल गया था। तभी से रंजिश चली आ रही है। शिक्षिका अपनी मां शशिलता के साथ रहती है और बेटा इस समय शाहदरा दिल्ली में रह रहा है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर जांच पड़ताल कर रही थी।

# लोहिया वाहिनी गांव-गांव चौपाल लगाकर पीडीए को करेगा मजबूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी लोहिया वाहिनी की मासिक बैठक आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव ने विशेष बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए वोट बढ़ाने व पीडीए को मजबूत करना एवं 18 साल के युवाओं व महिलाओं को पार्टी से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि जिले की चारों विधानसभाओं में लोहिया वाहिनी गांव-गांव जाकर चौपाल लगायेगी।

समाजवादी पार्टी द्वारा छात्रों और किसानों के हित में लिए गए फैसलों के बारे में भी बताने का काम करेंगे। इसके साथ ही जो पदाधिकारी पार्टी कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं ले रहे थे ऐसे निष्क्रिय सदस्यों को भी पदमुक्त किया जाएगा।

वहीं पार्टी के प्रति निष्ठा और लग्न को देखते हुए ऋषि कुमार पाल को भोजपुर विधानसभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया व ऊखरा निवासी आशीष कुमार व अभिषेक छोटू को जिला सचिव पद पर मनोनीत किया गया। संचालन अभय यादव ने किया। बैठक में जिला संगठन प्रभारी रामपाल यादव, शिव शंकर शर्मा, रवि यादव, विपिन यादव, डॉ0 विपुल योगेश यादव, डॉ0 विपिन, मित्रसेन यादव, अंकित यादव, अनूप कुमार, मोहित यादव, सोनू माथुर, गौरव ठाकुर, विकास यादव, धर्मेंद्र यादव, दीपक यादव, जितेंद्र दीक्षित, कुलदीप यादव, रामकुमार, दुष्यंत कुमार, लव यादव, सचिन सिंह, हर्ष यादव, अनमोल यादव, शैलेश जाटव, गगन यादव, राहुल कठेरिया, रामबाबू गौतम, आलोक सिंह, मोहित यादव, गोपाल यादव, गौरव ठाकुर, घनश्याम सिंह, सोनू दिवाकर, योगेश यादव, ऋषिपाल, अजय यादव, सचिन सिंह, अनमोल यादव, विपिन सिंह, कल्याण सिंह, अनूप यादव, मोहम्मद शरीफ, पंकज कश्यप, अमन दिवाकर, नितिन राजपूत, अतुल सिंह, संदीप राजपूत, अमन वाल्मीकि, सचिन श्रीवास्तत आदि मौजूद रहे।


बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष अनुराग यादव

# श्रीराम व कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध


कथा का रसपान करतीं महिलायें

## धरती पर जब-जब धर्म की हानि हुई तब-तब भगवान ने लिया अवतार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराधा श्याम शक्ति मंदिर लोहाई रोड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भगवताचार्य आचार्य संतोष ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जब-जब धर्म की हानि हुई तब पृथ्वी पर भगवान ने अवतार लिया। श्रीराम जन्मोत्सव एवं कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए संकल्प लेते हुए भगवान ने अवतार लिया और धरती पर आताताइयों का नाश किया। विश्व शांति के लिए मानवता बचाने का प्रचार-प्रसार जरुरी है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए संकल्प लें। प्रभु राम और कृष्ण ने अवतार लेकर मानव जाति का उद्धार किया। कलयुग में भगवान के नाम का जाप, भजन-कीर्तन से ही मुक्ति मिलती है। श्रीमद् भगवत कथा प्रेरणादायी और मानव जाति का उद्धार करती है। राम एवं कृष्ण, देवासुर संग्राम, समुद्रमंथन, देवताओं द्वारा दानवों का उद्धार आदि कथाओं से प्रेरणा मिलती है। ईश्वर का जाप करने से सबकुछ संभव है। श्रीराम, कृष्ण जन्मोत्सव पर बधाई गीत गाया गया। बड़ी संख्या में पुष्प वर्षा की गई। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना द्वारा आचार्य को अंग वस्त्र व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। आरती व प्रसाद वितरण के सामापन हुआ। इस मौके पर डा0 मनोज महरोत्रा, सुरेन्द्र सफ्फड़, जितेन्द्र अग्रवाल, गिरधर गोपाल, पवन अग्रवाल, हर्ष आदि लोग मौजूद रहे।

# लायंस क्लब सिटी द्वारा गरीबों को कराया गया भोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लायंस क्लब फर्रुखाबाद सिटी के तत्वाधान में भण्डारे का आयोजन किया गया। गरीबों को भोजन, पानी की व्यवस्था की गई। नर सेवा नारायण सेवा स्लोगन के साथ अग्रवाल सभा भवन नंबर 2 रेलवे रोड पर भण्डारा आयोजित हुआ। पूरे दिन चले भण्डारे में राहगीरों को सब्जी पूड़ी खिलाकर पुण्य कार्य किया गया।

पाण्डेश्वर नाथ मंदिर के निकट आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राहगीरों ने भण्डारे में भाग लिया और प्रसाद चखा।

इस अवसर पर राजन महेश्वरी, ललिता महेश्वरी, डॉ0 विशाल अग्रवाल, आईएमए के अध्यक्ष डा0 विपुल अग्रवाल, डॉ0 सिम्मी अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संजय गर्ग, रचित टंडन, डॉ0 विवेक अग्रवाल, गुरविंदर सिंह, निमिषा गुप्ता, विवेक अग्रवाल, रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।


राहगीरों को पूड़ी व सब्जी परोसतीं महिलायें

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूमधाम से मना राष्ट्रीय युवा दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में रविवार को स्वामी विवेकानन्द की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य रूप से सह विभाग प्रचारक अमित कुमार सिंह, प्रबंधक संजीव चौहान व विद्यालय के प्रधानाचार्य धरमवीर सिंह ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पार्चन कर प्रारम्भ किया।

भूमिका कृष्ण कुमार कटियार ने बताया कि हमे स्वामी विवेकानंद के आदर्शो पर चलना चाहिए उनके बताए सभी विचार आज सार्थक हो रहे। मुख्य अतिथि अमित कुमार सिंह रहे। स्वामी विवेकानंद ने अल्पायु में सत्य खोज कर पूरे विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाया। हम उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर आचार्य प्रदीप अवस्थी ने भी अपने विचारो को रखा। प्रधानाचार्य धरमवीर सिंह ने सभी का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्रदीप सेंगर, प्रदीप शर्मा, रामानन्द पांडेय, वीरेश परमार, शिव मोहन लाल मिश्र, रजनीश कुमार, संजीव कुमार, शिवकुमार, आलोक सिंह, गोविन्द, बृजपाल सिंह, आर्तिका, अंजली, अर्पणा, अमृता, पल्लवी, रीतू आदि लोग मौजूद रहे।



विवेकानंद जयंती कार्यक्रम में मौजूद आचार्यगण

## गंगा मोक्षदायिनी है, घाटों पर साफ-सफाई रखने की अपील


घाट पर साफ-सफाई करते समिति के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ द्वारा गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। १३ जनवरी से शुरु होने वाले माघ मेला श्रीराम नगरिया को देखते हुए स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया और लोगों से अपील की गई कि मेला क्षेत्र व गंगा के किनारे किसी भी तरह की गंदगी न करें और पॉलीथिन व प्लास्टिक का प्रयोग न करें। कागज की पत्तल, मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग करें। दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वर दास महाराज ने कहा कि महाकुंभ साधु संतों का मेला है। इसको बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाये। मेला क्षेत्र में गंदगी ना करें और ना किसी को करने दे, मां गंगा मोक्षदायनी मां है, हम सभी को गंगा मैया को स्वच्छ निर्मल बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करना है। प्रशासन द्वारा डस्टबिन बनाए गए हैं कूड़ा कचरा डस्टबिन में ही डालें, खुले में बिल्कुल भी ना डालें। इस अवसर पर दीपक अग्रवाल, राजीव वर्मा, नीतू मिश्रा, गोपाल दुबे, हरिओम, जय ओम, राजेंद्र बाथम, आशीष मिश्रा, सर्वेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पांडेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको जयंती पर याद किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि विवेकानंद विश्व के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेकानंद पाठक ने की।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के तत्वावधान में मेला श्री रामनगरिया में लगने वाले कैंप कार्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के विषय में चर्चा की गई। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के कैम्प कार्यालय का उद्घाटन 19 जनवरी को आयोजित किए जाने की बात कही गई व वृन्दावन से आने वाली साध्वी गंगा के कार्यक्रम के लिए स्थान निश्चित किया गया। सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

मेले में कैंप कार्यालय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही गई। इस अवसर पर आलोक भारती, सुमन राजपूत, अभिषेक मिश्रा, ज्ञानेंद्र सिंह, श्रृद्धा दुबे, रेखा सिंह, डॉ0 रूबी चतुर्वेदी, वंदना पाल, यशोदा सिंह, स्नेहलता अग्निहोत्री, राजवती बाथम आदि लोग उपस्थित रहे।


स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाते लोग

# युवा हमारे देश का भविष्य हैं : निहारिका पटेल

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवाओं की प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद इंस्ट्ीयूट में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्थान रखने वाले युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने कहा कि भारतीय संस्कृति, अध्ययन और मानवता के प्रतीक स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत है। युवा हमारे देश का भविष्य है। युवा जिस और चलेगा, हमारा समाज भी उस ओर आगे बढ़ेगा। प्रत्येक युवा को अपने जीवन में समाज से जुड़े कुछ विशेष कार्य करने चाहिए। कवि दिलीप कश्यप ने कहा कि प्रत्येक युवा को अपने जीवन में आगे बढ़कर कार्य करने की आवश्यकता होती है। हमारे समाज में विद्यमान बुराइयों को दूर करने के लिए युवा को समाज में अपनी भूमिका देनी चाहिए। रोहित दीक्षित व अन्य लोगों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। युवाओं को पीएम मोदी का लाइव टेलीकास्ट प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर नक्श थिएटर के डायरेक्टर अमित सक्सेना व उनकी टीम, नमामि गंगे की टीम एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।


युवाओं को जागरुक करती निहारिका पटेल

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने प्रबंधन शिक्षण संस्थान मास्टर्स यूनियन के चौथे दीक्षांत समारोह को किया संबोधित, कहा

# विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा भारत

**विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को लेना होगा संकल्प**

एजेंसी




**गुरुग्राम।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि युवा इच्छा शक्ति के आधार पर सपनों को साकार करने में अवश्य सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने पिछले 10 वर्षों में विकास का स्वाद चखा है। अब उनकी उन्नति की उम्मीदें और बढ़ गई है। हमारा भारत बदल रहा है। यह इतना बदल चुका है कि हम जैसे लोग कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थे।

उपराष्ट्रपति रविवार को गुरुग्राम के साइबर पार्क स्थित प्रबंधन शिक्षण संस्थान मास्टर्स यूनियन के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने छात्रों का डिग्रियां वितरित की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुका है। पिछले दशक में दुनिया में कोई भी देश इतनी तेजी और स्थिरता से नहीं बढ़ा है, जितना भारत बढ़ा है। अब लोगों की अपेक्षाएं बहुत अधिक हैं। इन अपेक्षाओं को पूरा करना होगा। आपको आउट ऑफ बॉक्स सोचना होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को खुद पर विश्वास करना चाहिए। लोकतंत्र को प्रभावी बनाने में युवाओं की भूमिका और संसद के प्रतिनिधियों और जन प्रतिनिधियों के कर्तव्यों को दोहराते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि आप मुझे संविधान सभा की याद दिलाते हैं। जिन्होंने कठिन मुद्दों पर चर्चा की। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आप शासन के सबसे प्रभावशाली हिस्सेदार हैं। आप विकास के इंजन हैं। अगर भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो चुनौती बहुत बड़ी है। हम पहले ही पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन चुके हैं, लेकिन आय आठ गुना बढ़ानी होगी। यह एक बड़ी चुनौती है। स्वामी विवेकानंद के शब्दों को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि उठो, जागो और तब तक मेहनत करो, जब तक कि आप मंजिल तक पहुंच नहीं जाते। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को मैनेजमेंट पाठ्यक्रम पूरा करने की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश करीब पांच हजार साल पुरानी सभ्यता की विरासत को साथ लेकर चल रहा है।

**गुरुग्राम को ग्रीन ग्राम भी बनाना है**

उपराष्ट्रपति ने राज्य के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और जिला उपायुक्त अजय कुमार से कहा कि गुरुग्राम में सभी मूलभूत नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम को ग्रीन ग्राम भी बनाना है। लोगों को बेहतर व्यवस्थाएं देनी हैं। गुरुग्राम प्रशासन से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। जितनी भी जनसमस्याएं हैं, उन्हें दूर करने में लोगों को भी प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। वर्ष 2023-24 में कर्तव्य पथ पर महिला शक्ति का प्रदर्शन किया गया। मास्टर्स यूनियन संस्थान परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी डा. सुदेश धनखड़ ने एक पेड़ मां के नाम से पौधे भी लगाए। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति के साथ मंच पर हरियाणा प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल, मास्टर्स यूनियन के संस्थापक प्रथम मित्तल, जिला परिषद की चेयरमैन दीपाली चौधरी, गुरुग्राम के उपायुक्त अजय कुमार, डीसीपी नाजनीन भसीन, एसडीएम रविंद्र कुमार, नायब मौजूद रहे।

# चर्चा : उत्तराखंड में हर क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं मौजूद

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन के प्रथम सत्र में विनिर्माण, ऊर्जा उत्पादन और स्टार्टअप में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि उत्तराखंड में हर क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं।

थाइलैंड से आए ब्रॉस्टेन ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. एके काला ने कहा कि 30 साल तक विदेश में काम करने के बाद अब वो भारत में अपनी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट खोलने की तैयारी कर रहे हैं, इसमें वो उत्तराखंड को प्राथमिकता देंगे। वो चाहते हैं कि उत्तराखंड में ऑयल एंड गैस सेक्टर के लिए उपकरण तैयार कर विश्वभर में सप्लाई करें। डॉ. काला ने कहा कि वो उत्तराखंड में पलायन से पूरी तरह खाली हो चुके गांवों को भी फिर आबाद करने के लिए काम करना चाहते हैं, इसके लिए किसी एक ऐसे गांव को गोद लेने का प्रस्ताव शासन को दे चुके हैं। साथ ही 70 साल से अधिक उम्र की जरूरतमंद महिलाओं को अपनी मां के समान मानते हुए, अपनी मां के नाम पर चला जा रहे भीमा केयर फाउंडेशन के जरिए मदद करेंगे।

**महिला उद्यमियों को सिंगापुर में बढ़ावा**

सिंगापुर से आई मंडला ग्लोबल की संस्थापक मीनाक्षी अरोड़ा डबराल ने कहा कि वह उत्तराखंड की महिला उद्यमियों को अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उत्पाद उपलब्ध कराने का अवसर प्रदान कर रही हैं। उन्होंने उत्तराखंड सरकार के हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड की सराहना करते हुए कहा कि इसके सभी उत्पाद उच्च गुणवत्ता के हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड विश्व खाद्य श्रृंखला में अहम भूमिका निभा सकता है। वो उत्तराखंड के जैविक उत्पादों की सप्लाई सिंगापुर में करती हैं।

**मेक इंडिया, मेक इन उत्तराखंड**

उत्तराखंड में ही एआई आधारित स्टॉर्टअप संचालित करने वाले कुनाल उनियाल ने कहा कि वो लंदन से वापस आकर, उत्तराखंड से ही एआई आधारित शिपिंग ट्रांसपोर्ट स्टॉर्ट अप संचालित कर रहे हैं। इसके लिए कई निवेशक भी उत्तराखंड आए हैं, उन्होंने कहा कि हम मेक इंडिया, मेक इन उत्तराखंड के नारे पर चलते हुए काम कर रहे हैं।

**ऊर्जा उत्पादन में अपार संभावनाएं**

गुनसोला हाइड्रो पावर जनरेशन के राजेश गुनसोला ने बताया कि वो टिहरी जिले के बूढ़ाकेदार में हाइड्रो प्रोजेक्ट संचालित कर रहे हैं, जिसमें 50 लोग रोजगार पा रहे हैं। अब वो विनयखाल में सोलर प्रोजेक्ट शुरु करने जा रहे हैं। सोलर प्लांट के क्षेत्र में कंसलटेंट अमन जोशी ने कहा कि उत्तराखंड के पहाड़ सोलर ऊर्जा के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं। यहां निवेश की अपार संभावनाएं हैं।

# भाजपा ने झुग्गियों को तोड़कर तीन लाख लोगों को किया बेघर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि पिछले 10 साल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कई झुग्गियों को तोड़ा और तीन लाख से अधिक लोगों को बेघर किया। श्री केजरीवाल ने रविवार को यहाँ शकूरबस्ती के रेलवे झुग्गी कैंप का दौरा कर कहा कि जैसे-जैसे दिल्ली विधानसभा का चुनाव नजदीक आता जा रहा है, भाजपा की झुग्गीवालों के प्रति मोहब्बत बढ़ती जा रही है।

भाजपा के नेता झुग्गियों में जाकर सो रहे हैं। इससे पहले पांच-दस साल नहीं सोए। पिछले महीने भर से भाजपा के नेता झुग्गियों में जाकर सो रहे हैं। इनको झुग्गीवालों से प्यार नहीं है। भाजपा तो अमीरों की पार्टी हैं। इनको झुग्गीवालों से क्या लेना-देना है। ये लोग तो झुग्गीवालों को कीड़े-मकोड़े समझते हैं। इनको चुनाव में झुग्गीवालों के वोट चाहिए और चुनाव के बाद झुग्गीवालों की जमीन चाहिए। उन्होंने कहा, शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के कई इलाकों से झुग्गीवालों को बुलाया था। वहां अमित शाह ने चुन-चुन कर मुझे गालियां दीं। अमित शाह देश के गृहमंत्री हैं और गृहमंत्री के पद की एक गरिमा होती है। एक गृहमंत्री जो शब्द इस्तेमाल करता है, उसकी मर्यादा रहनी चाहिए। हमें गृहमंत्री अमित शाह से कोई द्वेष नहीं है, वह जो कहना चाहें, कहें। मैं राजनीति में अपने मान-सम्मान के लिए नहीं आया।

## बिजली के खंभे में टकराने से बाइक सवार की मौत

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्थानिय कोतवाली क्षेत्र के भरपूर नखासे के पास बिजली के खम्बे में बाइक टकराने से घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। एक्सीडेंट की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी मौके पर चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य मय फोर्स पहुंचकर युवक को कब्जे में लेकर घर वालों को सूचना देकर शव को पीएम हाउस के लिएभेजा। युवक चुनार के मोहल्ला गंगेश्वर नाथ निवासी बेचन केसरी उर्फ गोलू 26 वर्ष स्टेशन से अपने घर चुनार मार्केट गंगेश्वर नाथ आ रहा था कि किसी की फोन आ गया मोबाइल निकालने के चक्कर में खंभे में जा टकराया युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक किराए पर वीडियो कैमरा लेकर वीडियोग्राफी का कार्य करता था। मृतक शनिवार को दिन में नया वीडियो कैमरा खरीद कर आया था जिसकी खुशी बहुत ज्यादा थी। रात्रि में मौत हो गई। मृतक की शादी डेढ़ वर्ष पहले चुनार के नारायणपुर में हुई थी।

# वायु सेना प्रमुख ने एनसीसी साइक्लोथॉन में चलाई साइकिल



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** रविवार को फ़तेहपुर शहर में एनसीसी साइक्लोथॉन संग्राम 1857 का भव्य स्वागत हुआ। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वायु सेना प्रमुख और मेजर जनरल विक्रम कुमार, एडीजी यूपी एनसीसी निदेशालय ने साइकिल अभियान गुठ के साथ साइकिल चलकर शहर में प्रवेश किया।

15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व ब्रिगेडियर एनएस चाराग कर रहे हैं और इसमें 5 बालिका एनसीसी कैडेट भी शामिल हैं। 1 जनवरी, 2025 को मेरठ से रवाना की गई टीम 2000 किलोमीटर से अधिक की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में है। टीम को शहीद विजय पाल, 10 एसएफ, की पत्नी कुशमा देवी द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर, फतेहपुर परिसर में हरी झंडी दिखाकर फ्लैग इन किया गया।

60 यूपी बटालियन एनसीसी, फ़तेहपुर के कैडेटों ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में प्रख्यात हस्तियों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया। यह अभियान आने वाले दिनों में यूपी के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरेगा व अंततः नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 की रैली के दौरान समाप्त होगा, जहां इसे प्रधानमंत्री द्वारा इसे फ्लैग इन किया जाएगा।

# युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है विवेकानंद का दर्शन

**महाविद्यालय में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती**

समृद्धि न्यूज




**चुनार (मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्सध्रैंजर्स एवं राजनीति विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन एवं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया।

प्राचार्य ने कहा कि युवाओं से ही भारत विकसित भारत की संकल्पना को तय समय में पूरा कर सकता है, उन्होंने युवाओं को रोल मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ रजनीश ने कहा कि विवेकानंद का दर्शन आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से प्रेरित है, जो युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने श्रमदान का स्वच्छता अभियान चलाया तथा संगोष्ठी में राष्ट्र निर्माण के लिए युवा सशक्तिकरण विषय पर अपना मत प्रस्तुत किया। इसी क्रम में डॉ चन्दन शाहू, डॉ शेफालिका राय, डॉ सत्येन्द्र कुमार ने युवाओं को संबोधित कर राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। सभी छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवा संवाद एवं भारतमंडप से लाइव प्रसारण को दिखाया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ शिखा तिवारी ने किया। उक्त अवसर पर डॉ कुसुमलता, डॉ देव कुमार, डॉ रीता मिश्रा, डॉ अवधेश सिंह यादव, डॉ राजेश कुमार, डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ गुरु प्रसाद सिंह एवं पारसनाथ सिंह, जय प्रकाश सिंह सहित समस्त स्वयंसेवकों एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, चार लोग घायल

समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग गलरा पंचायत भवन के पास रविवार की दोपहर दो बाइको की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि दो की हालत गंभीर देखकर मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस मृत युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मध्य प्रदेश के हनुमना निवासी 30 वर्षीय अशोक साकेत अपने जीजा हनुमना थाना क्षेत्र के हाटा गांव निवासी 32 वर्षीय राजेश के साथ बाइक से अपने घर लौट रहे थे की जैसे ही ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग गलरा पंचायत भवन के पास पहुँचे की सामने से आ रहे ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी बाइक सवार 25 वर्षीय शिवकुमार व हलिया थाना क्षेत्र के अतरी गांव निवासी 19 वर्षीय बबुलेश व पंवारी कला गांव निवासी 26 वर्षीय रोहित के बाइक से आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार अशोक साकेत की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार सरोज ने घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे ने अशोक साकेत को मृत घोषित कर दिया।

# पशु आश्रय स्थल पर व्यवस्था रखें चुस्त-दुरस्त



समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड में संचालित पशु आश्रय स्थल का रविवार को पशु चिकित्साधिकारी ने निरीक्षण किया। पशु आश्रय स्थल पर व्यवस्था चुस्त दुरस्त करने के निर्देश दिया।

ग्राम पंचायत गौरवा में संचालित पशु आश्रय स्थल पर कुल 351 पशु रखे गए हैं। पशुओं को खिलाने के लिए भूसा व पशुहार है। पशुओं को ठंड से बचाव के लिए तिरपाल व अलाव की व्यवस्था की गयी है। पशु आश्रय स्थल पर पशुओ को पेयजल के लिए सोलर पैनल से सबमरसिबल लगाया गया है जो ठंड व कोहरा में सही से नहीं चल पा रहा है जिस पर पशु चिकित्साधिकारी कमलेश कुमार ने नया बोर कराकर सबमरसिबल लगाकर जनरेटर से पेयजल की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया है। स्थाई पशु आश्रय स्थल उमरिया का निरीक्षण किया जंहा पर कुल 390 पशु रखे गए है। पशुओ को खिलाने के लिए भूसा व पशुहार है। पशु आश्रय स्थल पर पर्याप्त साफ-सफाई नहीं होने से पशु आश्रय स्थल पर साफ सफाई रखने का निर्देश दिया है। मौके पर 355 पशु मौजूद है। मौके पर पर्याप्त भूसा पशुहार पशुओं को खिलाने के लिए रखा है। हथेड़ा गांव में जिला पंचायत द्वारा संचालित पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण किया जंहा पर पशु आश्रय पर कुल 70 पशु रखे गए है। बिजली विभाग द्वारा पशु आश्रय स्थल के कनेक्शन काट दिया गया है जिस पर उपजिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन जोड़ने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में पशु चिकित्साधिकारी कमलेश कुमार ने बताया है की संचालित पशु आश्रय स्थल गौरवा, उमरिया, बरया, हथेड़ा का निरीक्षण कर पशु आश्रय स्थल के व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

**नियमित रूप से करें पशुओं की देखभाल**

**हलिया (मिर्जापुर)।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर तेजेंद्र सिंह ने रविवार को पशु आश्रय स्थल गौरवा का निरीक्षण कर पशु आश्रय स्थल पर रखे गए पशु के लिए ठंड से बचाव के साथ बेहतर व्यवस्था रखने का निर्देश पशु चिकित्सक व ग्राम प्रधान व सचिव को दिया है। पशु चिकित्सक को निर्देशित किया है कि नियमित रूप से पशुओं की देखभाल करने के लिए निरीक्षण करते रहे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर समन्धित के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दिया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को डॉक्टर कमलेश कुमार ने बताया है कि पशु आश्रय स्थल गौरवा में कुल 351 निराश्रित पशुओं को रखा गया है। पशुओं को खिलाने के पर्याप्त मात्रा में भूसा, पोषाहार, की व्यवस्था की गई है साथ ही ठंड से बचाव के लिए तिरपाल लगाया गया है और रात्रि में पशुओं के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है जिससे को ठंड से निजात मिल सके, देखभाल करने के लिए रात्रि में दो श्रमिकों की डियूटी लगाई गई है पेयजल के लिए अतिरिक्त बोर व जनरेटर की व्यवस्था किया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर तेजेंद्र सिंह ने बताया है कि पशु आश्रय स्थल गौरवा का निरीक्षण कर निर्देश पशु चिकित्सक व ग्राम प्रधान व सचिव को दिया गया है किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जाएगा। इस दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी विनय यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रशांत दुबे आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 151 का हुआ उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 151 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 कामेश्वर तिवारी के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमे कुल 43मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 57 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर सुरेश कंनौजिया के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमें कुल 51मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 अवधेश कुमार ने बताया की नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 151 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फार्मासिस्ट मनोज कुमार, संजय श्रीवास्तव,राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रहे।

### बैल के हमले से अधेड़ महिला घायल, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव में रविवार को आवारा बैल के हमले से अधेड़ महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने महिला को बैल से बचाते हुए उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पेट में गंभीर चोट को देखते हुए मण्डलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी 60 वर्षीय नवरंगा देवी खेत से घर की तरफजा रही थी की आवारा बैल ने अधेड़ महिला के ऊपर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया अधेड़ महिला की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने बैल से अधेड़ महिला को बैल से बचाते हुए उपचार के लिए प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे ने अधेड़ महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद पेट में गंभीर चोट को देखते हुए मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।

### गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** जिले की थाना राजगढ़ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। रविवार को थानाध्यक्ष राजगढ़ महेन्द्र पटेल मय पुलिस टीम थाना राजगढ़ पर पंजीकृत उ.प्र. गैंगस्टर अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त जोगिन्दर धईकार पुत्र स्व. रामसेवक धईकार निवासी ग्राम ददरा पहाड़ी को थाना राजगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### अशोक विश्वकर्मा बने एनयूजे के जिलाध्यक्ष



**चुनार (मिर्जापुर)।** नेशनल यूनियन आफजर्नलिस्ट्स मिर्जापुर की बैठक रविवार को उग्र पुस्तकालय में जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में श्री श्रीवास्तव ने विगत दिनों संपन्न हुई दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी के बैठक की समीक्षा पर चर्चा के बाद स्वयं को संगठन में प्रदेश मंत्री एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चुने जाने के कारण जिलाध्यक्ष पद से मुक्त किए जाने का अनुरोध किया। उपस्थित सदस्यों ने सर्व सम्मति से जिला उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा को जिलाध्यक्ष चुना जो दो सप्ताह में जिला कार्यकारिणी गठित कर प्रस्तुत करेंगे। बैठक में राकेश श्रीवास्तव, अशोक विश्वकर्मा, विजय कुमार सिंह, कविंद्र साहू, जितेंद्र श्रीवास्तव, संत कुमार, संतोष कुमार, टी0एन0 सिंह, डा0 बी0नाथ आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शंकर शर्मा शिवा ने किया।

### प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के साथ दो गिरफ्तार



**मिर्जापुर।** प्रतिबंधित चाइनीज मांझा की बिक्री को लेकर थाना कटरा कोतवाली अजीत कुमार सिंह ने चाइनीज मांझा के साथ दो लोगो कोगिरफ्तार किया है। कटरा कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के संगमोहाल के पास से 16.122 किलो चाइनीज मांझा के साथ दो लोगो को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा।

# मां विन्ध्यवासिनी धाम में बड़ी संख्या में आएंगे श्रद्धालु

मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने महाकुम्भा मेला की तैयारियों के दृष्टिगत मन्दिर परिसर व घाटो का किया निरीक्षण

**गोताखोरों व नावों की पर्याप्त व्यवस्था पहले से करें सुनिश्चित**

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर।** मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के साथ कल से प्रारम्भ हो रहे महाकुम्भा मेला की तैयारियों के दृष्टिगत मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल पहुंचकर मन्दिर परिसर व घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी के द्वारा नाव पर बैठकर पक्का घाट, दीवान घाट, बालू घाट, अखाड़ा से होते हुए रामगया घाट तक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मण्डलायुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि दीवान घाट से मोती झील तक 1.5 किलोमीटर तक पाथवे निर्माण व लगभग 550 मीटर घाट निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि मोती झील से पक्का घाट तक 700 मीटर पाथवे निर्माण व अखाड़ा घाट से पक्का घाट तक घाट 300 मीटर डेवलेपमेंट का कार्य कराया जा रहा हैं। मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कराए जा रहे कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के चलते विन्ध्याचल में भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है। अतएव गोताखोरों व नावों की पर्याप्त व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर लें, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए और वे सुगमता से मां का दर्शन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान करें।

उन्होंने कहा कि जो घाट स्नान हेतु चिन्हित किए गए है उन घाटों पर ही श्रद्धालु स्नान करें। कुम्भ मेला के दृष्टिगत मां विन्ध्यवासिनी धाम में श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है अतएव भीड़ को देखते हुए गाड़ियों का प्रवेश न होने दिया जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि0प्रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मिर्जापुर गोवा लाल सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# 12 दिवसीय आर्यवीर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

समृद्धि न्यूज



**चुनार (मिर्जापुर)।** एपेक्स ट्रस्ट इंस्टिट्यूट एवं हॉस्पिटल,प्रांगण में सार्वदेशिक आर्य वीर दल द्वारा पूर्वोत्तर भारत हेतु शाखा नायक श्रेणी का अन्तर्राज्ययी 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हुआ। अतिथि गणों द्वारा आर्यवीर टोलियों का निरीक्षण एवं परेड की सलामी लेकर समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

शिविर में विभिन्न प्रदेशों से आए 50 आर्ययवीरों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एपेक्स के चेयरमैन प्रो डॉ एस के सिंह ने कहा कि वर्तमान में बच्चों एवं युवाओं में अनुशासन, शारीरिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास के साथ आत्मरक्षा हेतु आयोजित इस प्रकार के आवासीय प्रशिक्षण शिविर में सार्वदेशिक आर्यवीर दल एक अहम भूमिका निभा रहा है। शिविर के प्रधान संचालक स्वामी देवव्रत सरस्वती के विशेष उदबोधन एवं पाणिनी कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या नंदिता शास्त्री ने अपने ओजस्वी व्याख्यान द्वारा सभी आर्यवीरों को वैदिक महत्व को बताते हुए आत्मशक्ति वर्धन के प्रति प्रेरित किया। एपेक्स के डीन प्रो डॉ सुनील मिस्त्री ने कहा कि वैदिक जीवन ही समाज, देश व विश्व के लिए सर्वोच्च जीवन शैली है। समापन समारोह का संचालन करते हुए शिविराध्यक्ष एवं उपसेनापति व उपप्रधान न्यू दिल्ली आर्य वीर दल दिनेश आर्य ने अतिथिगणों का स्वागत किया एव शिविर के उद्देश्य का वर्णन किया। आर्यवीरों एवं आर्य वीरांगनाओं ने प्रशिक्षण के दौरान सीखे व्यायामों एवं आत्मरक्षा के गुरों को प्रदर्शित किया। पूरी अनुशासनात्मक कार्यवाही के अंतर्गत लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा के आधार पर उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी आर्ययवीरों को दिल्ली से आए प्रशिक्षक उपेन्द्र आर्य ने पुरस्कृत किया एवं ध्वज गीत के साथ ध्वजावतरण कर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन व धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।